CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, शुक्रवार 2 जनवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 213 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम: 06°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**मायावती ने गरीब-बहुजन के अच्छे दिनों की जताई उम्मीद** पेज 2




**भारतीय क्रिकेट जगत ने नए साल की बधाई के साथ 2026 का किया स्वागत** खेल टाइम्स



**जलवायु परिवर्तन के समाधानों को और अधिक व्यापक बनाना जरूरी** सम्पादकीय



**भारतवंशी ममदानी न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम मेयर बने-कुरान पर हाथ रखकर शपथ ली** पेज 12

# स्विट्जरलैंड के रिसॉर्ट में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान ब्लास्ट, 40 की मौत

बर्न, वार्ता

**स्विट्जरलैंड** के क्रांस मोंटाना शहर के अल्पाइन स्की रिसार्ट में गुरुवार को न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान विस्फोट हुआ। न्यूज मीडिया 'द मिरर' ने लोकल मीडिया से हवाले से बताया कि विस्फोट में 40 लोग मारे गए हैं, जबकि 100 से ज्यादा घायल हैं।

स्विट्जरलैंड पुलिस ने गुरुवार को स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 10 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें बताया कि विस्फोट रिसार्ट के कॉन्स्टेलेशन बार में रात 1:30 बजे हुआ। हालांकि पुलिस ने मरने वालों की संख्या नहीं बताई गई लेकिन कहा कि कई दर्जन लोगों की मौत की आशंका है, जिनमें कई देशों के नागरिक शामिल हैं। फिलहाल क्रांस-मोंटाना शहर को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है। पुलिस और इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू में जुटी हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डाक्टरों के मुताबिक अस्पताल झुलसे हुए मरीजों से भर गए हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे वाली जगह क्रांस मोंटाना एडवेंचर गेम्स के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध टूरिस्ट प्लेस इंटरलाकेन से करीब 100किमी की दूरी पर है। वहां पैराग्लाइडिंग, स्कीइंग और ट्रेकिंग के लिए दुनियाभर के लोग पहुंचते हैं। थून और ब्रिएंज झील के बीच बसे इंटरलाकेन से आल्प्स माउंटेन रेंज के आइगर, मोंक और जुंगफ्राउ पर्वतों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। घटनास्थल को सील कर दिया गया है और स्विस पुलिस के अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। हादसे के बाद गुरुवार सुबह इलाके में सन्नाटा था, यहां पुलिस और रेस्क्यू दस्ता ही दिखाई दिया। स्विस न्यूज आउटलेट ब्लिक के मुताबिक यह धमाका और उसके बाद लगी आग शायद एक -शेष पृष्ठ दो पर



- 100 घायल, क्रांस-मोंटाना शहर नो फ्लाई जोन घोषित किया
- मृतकों में कई विदेशी लोग शामिल

## भारत से लेकर अमेरिका तक नए साल का जश्न

**नई दिल्ली।** भारत समेत दुनियाभर में साल 2026 का आगाज हो चुका है। दिल्ली में इंडिया गेट पर लोगों ने काउंटडाउन के साथ नए साल का स्वागत किया, जबकि जम्मू- कश्मीर में बर्फबारी के बीच जश्न मनाया गया। सबसे पहले न्यूजीलैंड ने 2026 में एंट्री की, जहां आकलैंड के स्काई टावर पर भव्य आतिशबाजी हुई। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर जश्न मनाने 10 लाख लोग पहुंचे। जापान, चीन, सिंगापुर, यूएई, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों में आतिशबाजी की गई। अलग-अलग टाइम जोन के कारण भारत से पहले 29 देशों में 2026 का स्वागत हुआ। ब्रिटेन में टेम्स नदी के किनारे मौजूद लंदन आई पर शानदार आतिशबाजी कर नए साल का स्वागत किया गया। पेरिस में एफिल टावर पर नए साल के स्वागत में हुई आतिशबाजी, दुबई स्थित दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा में आतिशबाजी हुई। लाइट और साउंड शो से पूरी बिल्डिंग जगमगा उठी। चीन के बीजिंग में न्यू ईयर सेलिब्रेशन इवेंट के दौरान ड्रोन और लेजर शो किए गए।

# फरवरी से 15 वाली सिगरेट 18 रुपये की होगी!

- केंद्र सरकार ने सेस हटाकर एक्साइज ड्यूटी बढ़ाई
- राजस्व घाटे की भरपाई के लिए फैसला

**नई दिल्ली।** अगले महीने से सिगरेट की कीमतें 20 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इसकी वजह है सरकार की और से लगाई गई एक्साइज ड्यूटी। इसे लेकर 31 दिसम्बर को एक नोटिफिकेशन जारी किया है।

इसके मुताबिक एक फरवरी 2026 से सिगरेट की प्रति 1,000 स्टिक्स पर 2,050 रुपये से लेकर 8,500 रुपये तक की ड्यूटी ली जाएगी। बाजार जानकारों का कहना है कि टैक्स के इस बोझ को कम करने के लिए कंपनियां सिगरेट की कीमतें बढ़ा सकती है। सिगरेट पर अभी तक 28 फीसदी जीएसटी के साथ 'कंपनसेशन सेस' लगता था। इससे कुल टैक्स 50 फीसदी से ज्यादा हो जाता था। 3 सितम्बर को किए गए बदलाव के बाद सिगरेट पर जीएसटी को बढ़ाकर 40 फीसदी कर दिया गया, लेकिन सेस हटा दिया। नई दरें फरवरी 2026 से लागू होंगी, अगर सरकार एक्साइज को लेकर कुछ नहीं करती तो सिगरेट सस्ती हो जाती। रेवेन्यू बचाने के लिए सरकार ने सेस की जगह अब परमानेंट एक्साइज ड्यूटी लगा दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी-कोलकाता के बीच चलेगी

**नई दिल्ली।** पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी से कोलकाता के बीच चलेगी। थर्ड एसी का किराया 2,300 तय किया गया है। सेकेंड एसी का किराया 3,000 होगा। फर्स्ट एसी का किराया करीब 3,600 प्रस्तावित किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल, टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन पूरा कर लिया है। स्लीपर ट्रेन को 1000 किलोमीटर से ज्यादा लंबी दूरी की यात्रा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस साल के आखिर तक लगभग 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें तैयार हो जाएंगी। दो दिन पहले इस ट्रेन का ट्रायल रन किया गया था। यह ट्रेन 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से कोटा-नागदा रेलवे ट्रैक पर दौड़ी।

### प्लेन उड़ाने से पहले एयर इंडिया पायलट ने शराब पी

**नई दिल्ली।** कनाडा के वैंकूवर से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया फ्लाइट के पायलट को विमान से उतार दिया गया। पायलट पर शराब पीने का आरोप था। मामला 23 दिसम्बर का है, एयर इंडिया की फ्लाइट एआई186 टेक-ऑफ करने वाली थी। तभी वैंकूवर एयरपोर्ट के एक स्टाफ ने पायलट को वाइन पीते हुए देखा। जिसके बाद कर्मचारी ने अधिकारियों से शिकायत की। कनाडाई अधिकारियों पायलट के पास जांच करने पहुंचे तो उसके मुंह के पास से महक आई। फिर पायलट का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट लिया गया। जिसमें वह फेल हो गया।

### सकल जीएसटी संग्रह दिसम्बर में 6.1 % बढ़कर 1,74,550 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत कुल राजस्व संग्रह दिसम्बर में सालाना आधार पर 6.1 प्रतिशत बढ़कर 1,74,550 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त मंत्रालय के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, दिसम्बर में जीएसटी का घरेलू संग्रह 1.2 फीसदी बढ़कर 1,22,574 करोड़ रुपये और आयात पर कर से प्राप्त राजस्व 19.7 फीसदी बढ़कर 51,977 करोड़ रुपये हो गया। कुल रिफंड में दिसम्बर 2024 की तुलना में 30.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# यूपी के 35 शहरों में घना कोहरा

## आज मेरठ सहित 14 जिलों में बारिश की संभावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। कोल्ड वेव भी है। मेरठ-गाजियाबाद समेत 14 जिलों में बारिश की संभावना है। बुधवार को कानपुर सबसे ठंडा रहा, यहां मिनिमम टेम्परेचर 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

राजस्थान के जयपुर-चित्तौड़गढ़ में गुरुवार सुबह तेज बारिश हुई। 8 से ज्यादा जिलों में बारिश की चेतावनी है। हरियाणा के कुछ शहरों में बारिश हुई है। प्रदेश के सभी स्कूलों में विंटर वेकेशन घोषित किए गए। पंजाब के ज्यादातर जिलों में घना कोहरे छाया। बूंदाबादी भी हुई, कोल्ड वेव भी है। मौसम विभाग ने सभी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गुरदासपुर में सबसे कम टेम्परेचर 5.2 डिग्री सेल्सियस रहा। पहाड़ी राज्यों हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी जारी है। दिल्ली में 31 दिसम्बर को पिछले 6 साल में सबसे कम टेम्परेचर 6.4 डिग्री सेल्सियस रहा था। 2019 में ये 9.4 डिग्री सेल्सियस था। दिल्ली में भी बारिश का अलर्ट है। कश्मीर घाटी में 31 दिसम्बर को तेज बर्फबारी हुई। कश्मीर घाटी में तापमान में तेज गिरावट है। गुलमर्ग में बर्फबारी जारी है। यहां टूरिस्ट्स की संख्या लगातार बढ़ रही है। गुरेज में बर्फबारी हुई। सड़क पर 8 इंच से 1 फीट तक बर्फ जमा हो गई। 2 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ में घने कोहरे का अलर्ट है। जम्मू- कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के निचले इलाकों में बारिश हो सकती है। पहाड़ी राज्यों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के आसार, जिससे सर्दी और बढ़ेगी। 3 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ में कोहरे का अलर्ट है। जम्मू-कश्मीर, -शेष पृष्ठ दो पर



गुलमर्ग में साल के पहले दिन बर्फ से ढके इलाके का एक दृश्य।

- राजस्थान और हरियाणा में हुई बारिश
- दिल्ली में 31 दिसम्बर रहा छह साल में सबसे ठंडा दिन

### हल्की बारिश के साथ दिल्ली ने किया नए साल का स्वागत, ठंड रहेगी बरकरार

**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन गुरुवार सुबह दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली- एनसीआर में नए साल के पहले दिन लोगों के ऑफिस जाने से पहले हल्की बारिश हुई।

राष्ट्रीय राजधानी के पालम में हुई हल्की बारिश से हवाई अड्डे पर दृश्यता में सुधार देखा गया, जहां केवल हल्का कोहरा दर्ज किया गया। पालम और सफदरजंग दोनों स्थानों पर दृश्यता 500 मीटर रही, जबकि एक दिन पहले अत्यधिक घने कोहरे के कारण दृश्यता केवल 50 मीटर थी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, पूर्वाह्न और दोपहर के समय दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। आज सुबह 9:05 बजे राजधानी की वायु गुणवत्ता पिछले दिन के 24 घंटे के औसत एक्यूआई 373 की तुलना में मामूली सुधार के साथ 371 दर्ज की गई।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

## जिंदा जलाने की कोशिश, तालाब में कूदकर बचाई जान

ढाका, वार्ता

**बांग्लादेश** के शरियतपुर जिले के दामुद्या इलाके में बुधवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। बाजार बंद कर घर लौट रहे एक कारोबारी पर बदमाशों ने हमला कर दिया। पहले बेरहमी से पिटाई की गई, फिर धारदार हथियार से वार किया गया और आखिर में शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई।

गंभीर हालत में कारोबारी को ढाका रेफर किया गया है। घायल कारोबारी की पहचान 50 वर्षीय खोकन चंद्र दास के रूप में हुई है। वह केनश्वर यूनियन के केउरभंगा बाजार में दवा और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं।



- पुलिस जांच में जुटी, दो आरोपी चिन्हित

पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर वह दिन की कमाई लेकर सीएनजी आटो से घर लौट रहे थे। इसी दौरान दामुद्या- शरियतपुर रोड पर केउरभंगा बाजार के पास बदमाशों ने आटो रुकवाया और उन पर हमला कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बदमाशों ने पहले खोकन चंद्र दास की पिटाई की। इसके बाद उन पर धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। यहीं नहीं रुके हमलावर, बल्कि उन्होंने खोकन के सिर पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। अचानक हुए इस हमले से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए खोकन चंद्र दास सड़क किनारे स्थित एक तालाब में कूद गए। आसपास मौजूद लोगों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए।

### वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 7 % महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने नए साल पर वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में करीब सात प्रतिशत की भारी-भरकम बढ़ोतरी की है, जबकि घरेलू सिलेंडर के दाम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में गुरुवार से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1,691.50 रुपये का हो गया है। यह जून 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। दिसम्बर में इसकी कीमत 1580.50 रुपये थी।

# राजनाथ सिंह ने बांग्लादेश उच्चायोग जाकर खालिदा जिया को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बांग्लादेश उच्चायोग जाकर पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर संवेदना व्यक्त की। श्री सिंह ने एक पोस्ट में इसकी तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि मैं नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग गया।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार और बांग्लादेश की जनता के साथ हैं। भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त एम. रियाज हमीदुल्ला ने भी श्री सिंह के उच्चायोग आने के संबंध में एक्स पर एक पोस्ट लिखा। उन्होंने लिखा कि दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत किया। उन्होंने भारत की ओर से बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी की अध्यक्ष दिवंगत बेगम खालिदा जिया को श्रृद्धांजलि अर्पित की और संवेदना व्यक्त की।

- रक्षा मंत्री ने शोक पुस्तिका पर किए हस्ताक्षर

### DRDO के हथियारों की ऑपरेशन सिंदूर में निर्णायक भूमिका

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि डीआरडीओ द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक भूमिका निभाई जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति संगठन की पेशेवर क्षमता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। श्री सिंह ने डीआरडीओ मुख्यालय में 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस कर भारत की स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए संगठन की सराहना की।

# भारत-पाक ने एक-दूसरे को परमाणु ठिकानों की जानकारी दी

## 35 साल पुरानी परंपरा, नई दिल्ली-इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के जरिये लिस्ट का आदान-प्रदान किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने गुरुवार एक जनवरी को एक-दूसरे के साथ अपने परमाणु ठिकानों की लिस्ट शेयर की है। ये ठिकाने वही हैं, जहां दोनों देशों के परमाणु हथियार रखे जाते हैं। यह परंपरा पिछले 35 साल से चल रही है।

भारत और पाकिस्तान ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के जरिये इस लिस्ट का आदान-प्रदान किया। यह सूची भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध संबंधी समझौते के तहत आती है। यह समझौता 31 दिसम्बर 1988 को साइन किया गया था। इसमें लिखा है कि दोनों देश इन परमाणु ठिकानों पर हमला नहीं करेंगे। समझौता 27 जनवरी 1991 से लागू हुआ। इसके तहत भारत और पाकिस्तान हर कैलेंडर वर्ष के एक जनवरी को एक-दूसरे को परमाणु ठिकानों के बारे में बताते हैं। पहली बार लिस्ट एक जनवरी 1992 को शेयर की गई थी।




- सीपरी की रिपोर्ट में दावा- भारत के पास 180 परमाणु हथियार

### एक दूसरे की जेलों में बंद कैदियों और मछुआरों की सूची का भी किया आदान-प्रदान

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों और मछुआरों की सूची का गुरुवार को आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि कैदियों की सूची का आदान-प्रदान वर्ष 2008 के द्विपक्षीय वाणिज्य दूतावास संपर्क समझौते के अंतर्गत नई दिल्ली और इस्लामाबाद में कूटनीतिक माध्यमों से किया गया।

भारत ने उसकी जेलों में बंद 391 असैनिक कैदियों और 33 मछुआरों की जानकारी साझा की है। ये सभी पाकिस्तानी नागरिक हैं या माने जाते हैं। इसी प्रकार पाकिस्तान ने उसकी जेलों में बंद 58 असैनिक कैदियों और 199 मछुआरों की जानकारी साझा की है, जो भारतीय नागरिक हैं या भारतीय माने जाते हैं। भारत ने पाकिस्तान से उसकी जेलों में बंद असैनिक कैदियों और मछुआरों को उनकी नौकाओं सहित तथा लापता भारतीय रक्षा कर्मियों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी का आग्रह किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाजीवाद की तरह भारत में भी चरमपंथ खत्म होगा: फारूक

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि देश में कुछ लोग हिटलर की विचारधारा का पालन कर रहे हैं, लेकिन एक समय आएगा जब भारत में चरमपंथ समाप्त हो जाएगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने नए साल के अवसर पर देश में अमन-चैन और खुशहाली की भी प्रार्थना की। अब्दुल्ला ने यह टिप्पणी उस मामले में की जब देश के अलग-अलग हिस्सों में कश्मीरी शॉल बेचने वालों पर हुए हमलों के बारे में उनसे सवाल पूछे गए थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हिटलर के रास्ते पर चल रहे हैं और और वे चाहते हैं कि यहां हिटलर का निजाम स्थापित हो। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने नाजीवाद के पतन का वर्णन करते हुए कहा कि हिटलर ने खुद को गोली मार ली और वह खत्म हो गया। जैसे नाजीवाद खत्म हुआ, वैसे ही एक समय आएगा जब हमारे देश में भी चरमपंथ समाप्त हो जाएगा।


### सड़क हादसे में बाल बाल बचे कबीना मंत्री संजय निषाद

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के कबीना मंत्री संजय निषाद आगरा के डौकी इलाके में गुरुवार को एक सड़क हादसे में बाल बाल बच गए। आज दोपहर निषाद आगरा में बाह इलाके से शहर की तरफ आ रहे थे। मंत्री का काफिला तेजी से शहर की तरफ बढ़ रहा था। तभी अचानक से संजय निषाद की गाड़ी के सामने कुत्ता आ गया। कुत्ता बचाने के लिए ड्राइवर ने ब्रेक लिए लिहा.जा पीछे से आ रही किसी अन्य व्यक्ति की गाड़ी टकरा गई। हादसे के बाद गाड़ियों का काफिला रुक गया और अफरा तफरी का माहौल हो गया। काफी देर तक गहमा गहमी रही उसके बाद संजय निषाद का काफिला शहर की तरफ बढ़ा।

## सेंट्रल जीएसटी अधिकारियों के काले कारनामों का चिट्ठा

# घर के फर्नीचर देख दंग रह गई सीबीआई टीम

**झांसी।**



- सोने-चांदी की ईंट और गहने, अपनी तैनाती के दौरान अफसरों ने जमा कर ली थी अकूत संपत्ति
- नकदी बिस्तर में छिपाकर रखी गई थी, गद्दे फाड़कर रकम बरामद हुई, गिनने को मशीनें मंगवाई गई

झांसी में सेंट्रल जीएसटी अफसरों ने अपनी तैनाती के दौरान अकूत संपत्ति जमा कर ली थी। उनके आलीशान मकान एवं रहन-सहन देख सीबीआई टीम भी दंग रह गई। छापे के दौरान सीबीआई ने 1.60 करोड़ रुपये समेत सोने-चांदी की ईंट एवं जेव.रात बरामद किए। घरों में नकदी बिस्तर में छिपाकर रखी गई थी। गद्दे फाड़ने के बाद रकम बरामद हो सकी।

भारी मात्रा में मिलनी नकदी को गिनने के लिए मशीनें मंगवाई गईं। सीबीआई टीम सबसे पहले सेवाराम मिल कंपाउंड निवासी अनिल तिवारी के यहां पहुंची। अनिल के यहां महंगे फर्नीचर समेत पूरे घर में लग्जरी वस्तुएं थीं। एक से एक महंगे आइटमों का घर की सजावट में इस्तेमाल हुआ था। सीबीआई को यहां से कई गोपनीय फाइल भी मिली। टीम इसे अपने साथ ले गई। यहां से नकदी भी बरामद हुई। सीबीआई को बताया गया कि अनिल झांसी में करीब ढाई दशक से तैनात हैं। जीएसटी से जुड़े सारे विवादित मामले अनिल के सहारे सुलझाए जाते हैं। दो साल पहले उनका आगरा तबा.दला हो गया था, लेकिन कुछ महीनों बाद वह दोबारा झांसी आ गए। ढाई दशक की तैनाती के दौरान अनिल ने अकूत संपत्ति जमा कर ली। अनिल सिविल लाइंस स्थित एक प्रतिष्ठित रेस्तरा में पार्टनर समेत जमीन के कारोबार में भी शामिल हैं। जमीन के धंधे में करोड़ों रुपये लगा रखे हैं। वहीं स्टेशन रोड निवासी अजय शर्मा ने भी अपनी चार साल की तैनाती में अकूत संपत्ति जमा कर ली थी। उसके घर में भी लग्जरी आइटमों की भरमार मिली। उनके पास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई। डिप्टी कमिश्नर आईआरएस प्रभा भंडारी की छह माह पहले तैनाती हुई थी। हालांकि उन्होंने भी अनिल एवं अजय के हवाले ही पूरा कार्यालय कर दिया था। बताया जाता है कि प्रभा ने कुछ माह पहले ही 68 लाख रुपये का फ्लैट खरीदा था। जीएसटी अफसरों के पास से घूस के तौर पर 70 लाख समेत 1.60 करोड़ रुपये बरामद हुए। उनके घर से सोने-चांदी की ईंट एवं शेयर मार्केट में पैसा लगाए जाने की बात भी उजागर हुई।

### मैडम पैसा मिल गया है, जवाब मिला: इसे गोल्ड में बदलकर दे देना

**झांसी।** झांसी में सेंट्रल जीएसटी अफसरों की मिलीभगत से सरक.ारी खजाने को चपत लगाए जाने का भी खेल काफी समय से चल रहा था। इसका भंडाफोड़ भी पिछले महीने ही हुआ। उसके बाद से ही सेंट्रल जीएसटी के अफसर सीबीआई के रडार पर आ गए थे। उस दौरान झांसी मंडल में 17 बोगस फर्म पकड़ी गई। साठगांठ करके इनको सिर्फ कागजों में बनाया गया था। इनके सहारे करीब 25 करोड़ रुपये का आरटीसी इनपुट क्रेडिट क्लेम का लेनदेन पकड़ में आया था। अभी तक की छानबीन में इस रैकेट के तार झांसी से लेकर मुरादाबाद, लखनऊ, महाराष्ट्र एवं गुजरात तक से जुडे हैं। झांसी परिक्षेत्र में कुल 71,861 फर्म जीएसटी में पंजीकृत हैं, इनमें 41,330 फर्म राज्य जीएसटी और 30,511 फर्म सेंट्रल जीएसटी के दायरे में हैं। नवंबर में मुरादाबाद एवं लखनऊ में फर्जी फर्मों की जांच के बाद झांसी मंडल में 17 फर्में सिर्फ कागजों पर कारोबार करती पाई गईं। जांच करने पर मालूम चला कि बगैर खरीद किए ही इनकी ओर से माल बिक्री दिखाई गई थी। खरीद और बिक्री के बीच बड़ा अंतर मिला। फर्जी दस्तावेजों के सहारे इन फर्मों का सीजीएसटी के माध्यम से पंजीकरण कराया गया था। पंजीकरण के बाद से इन्होंने 25 करोड़ रुपये की चपत लगाई।

## नववर्ष आत्ममंथन सकारात्मक सोच व नए संकल्पों का समय: आनंदीबेन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




- कहा: सभी को अच्छे विचार अपनाने, अच्छा कार्य करने और अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को नववर्ष 2026 के अवसर पर राजभवन में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी को नववर्ष की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि नया वर्ष आत्ममंथन, सकारात्मक सोच और नए संकल्पों का समय है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे विचार अपनाने, अच्छा कार्य करने और परिवार के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। असंतुलित खान-पान और गलत आदतों से दूर रहना आज की बड़ी आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि नववर्ष पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि अपने स्तर पर बीमारियों को दूर करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में प्रयास करें। बिना मेहनत के सफलता संभव नहीं है, इसलिए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने नकारात्मक सोच छोड़कर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने अपनी हाल की गुजरात यात्रा के अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय तथा इसरो स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के भ्रमण को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में विकसित फोरेंसिक, साइबर सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतरिक्ष तकनीकें देश को वैज्ञानिक और तकनीकी रूप से सशक्त बना रही हैं। भारत आज उपग्रहों के माध्यम से नवीन तकनीकों से जुड़ चुका है और इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहना होगा। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में विकसित कौशल को उत्तर प्रदेश के बच्चों और युवाओं के लिए अवसरों में बदलना आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से राजभवन परिसर स्थित विद्यालय में इसरो-प्रेरित विशेष लैब की स्थापना की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान मिलेगा और वे भविष्य के लिए तैयार हो सकेंगे। इस अवसर पर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बताया कि प्रदेश के 66 प्रतिशत विश्वविद्यालय नैक से एक्रेडिटेड हैं, जो राज्य के लिए गर्व की बात है।

## नया यूपी विकसित भारत की यात्रा में निभा रहा अहम भूमिका: योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'नया उत्तर प्रदेश' आज 'विक.सित भारत' की विकास यात्रा में सहभागी बनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक संदेश पोस्ट करते हुए कहा है कि प्रदेश में संचालित विकास एवं जन- कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेशवासियों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। गरीब, किसान, युवा और मातृशक्ति सहित समाज के प्रत्येक वर्ग तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी रूप से पहुंचाया जा रहा है। योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों का असर अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई दे रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास, कानून-व्यवस्था में सुधार और रोजगार के नए अवसरों के सृजन से प्रदेश की तस्वीर तेजी से बदल रही है। मुख्यमंत्री ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि ईसवी सन 2026 में डबल इंजन सरकार की विकासप.रक नीतियों के बल पर उत्तर प्रदेश समृद्धि, सुशासन और सर्वांगीण प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा और देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा।

## गरीब-बहुजन के अच्छे दिनों की उम्मीद: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- बसपा अध्यक्ष देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त की

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने नववर्ष 2026 के अवसर पर देश-विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि नया साल सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, सुरक्षा और आत्म-सम्मान के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल लेकर आए।

नववर्ष संदेश में मायावती ने कहा कि नया साल देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और बहुजन समाज के लिए राहत और खुशहाली का साल बने। उन्होंने कहा कि आम लोगों की दिन-प्रतिदिन की जिदगी डर, दबाव और जटिल नियम-कानूनों से मुक्त होकर सरल और सहज होनी चाहिए। बहुजन समाज के लिए अपने बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष जारी रखना आज भी जरूरी है। उन्होंने देश और उत्तर प्रदेश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर चिता जताते हुए कहा कि विकास का लाभ संविधान की भावना के अनुरूप सभी जरूरतम.ंदों तक पहुंचे, न कि केवल कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित रहे। सही विकास वही है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में भी वास्तविक बदलाव दिखाई दे। सुश्री मायावती ने कहा कि कानून का राज केवल सख्ती से नहीं, बल्कि निष्पक्षता और बिना भेदभाव के कार्रवाई से ही संभव है। देश में नफरत, घृणा और हिसा का माहौल खत्म करना नए साल की बड़ी जरूरत है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों को 'अने.कता में एकता' और 'सर्वधर्म समभाव' के संवैधानिक सिद्धांतों पर चलते हुए सभी नागरिकों के जान-माल और सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि देश संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों पर ईमानदारी से आगे बढ़ेगा, तो भारत न केवल अंदर से मजबूत होगा, बल्कि दुनिया में भी सम्मान और मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा। इससे आमजन का जीवन स्तर बेहतर होगा और देश की छवि मजबूत होगी।

### नए वर्ष की मस्ती में बूंदबांदी ने डाला खलल

**आगरा।** नए साल के पहले दिन आगरा में हुई हल्की बूंदा बांदी और खराब मौसम ने पर्यटकों की मौज मस्त में खलल डाल दिया। नववर्ष पर बड़ी संख्या में पर्यटक तांजमहल देखने के लिए उमड़े लेकिन मौसम ने साथ नहीं दिया। सुबह सुबह सुबह घने कोहरे से पर्यटक परेशान रहे। दूर दराज से आने वाले पर्यटक घने कोहरे की वजह से आने जाने में दिक्कत हुई। कोहरे के साथ बादल हो गए जिससे ठंड के साथ गलन भी बढ़ गई। दोपहर के बाद हल्की हल्की बूंदे गिरने लगीं जिससे पर्यटक और अधिक परेशान हो गए। आगरा में पूरे दिन धूप देखने को भी नहीं निकली।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# आईटीसी के दबाव में गिरावट में बंद हुए सेंसेक्स

**मुंबई, वार्ता**



एफएमसीजी कंपनी आईटीसी में भारी बिकवाली के दबाव में गुरुवार को साल के पहले दिन बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स लगभग दिन भर बढ़त में रहने के बाद अंत में लाल निशान में बंद हुआ।

सरकार ने बुधवार देर रात पान मसाला और तंबाकू उत्पादों पर उपकर लगाने तथा जीएसटी की दरों में बदलाव के लिए अधिसूचनाएं जारी कर दीं। नई दरें 1 फरवरी 2026 से लागू होंगी। अधिसूचना जारी होने के बाद देश की सबसे बड़ी सिगरेट कंपनी आईटीसी का शेयर आज करीब 10 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। यह अप्रैल 2023 के बाद का इसका निचला स्तर है। सेंसेक्स 32 अंक (0.04 प्रतिशत) टूटकर 85,188.60 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक 16.95 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की बढ़त में 26,146.55 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया, जबकि छोटी कंपनियों में वे बिकवाल रहे। एफएमसीजी सेक्टर का सूचकांक तीन प्रतिशत से अधिक टूट गया। फार्मा, रसायन और स्वास्थ्य समूहों में भी गिरावट रही। बिक्री के रिकॉर्ड-तोड़ आंकड़े आने से ऑटो में 1.03 प्रतिशत की तेजी रही। आईटी, धातु, रियलिटी और बैंकिंग समूहों में भी तेजी रही। सेंसेक्स में आईटीसी के अलावा बजाज फाइनेंस का शेयर डेढ़ फीसदी के आसपास टूटा। एशियन पेंट्स, बीईएल और आईसीआईसीआई बैंक में भी गिरावट रही। एनटीपीसी और इटरनल का शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा मजबूत हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, पावर ग्रिड और टाटा स्टील के शेयर एक से डेढ़ प्रतिशत के बीच चढ़े। टेक महिंद्रा, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, कोटक महिंद्रा बैंक, सनफार्मा, ट्रेंट, रिलायंस, हिदुस्तान यूनीलिवर और एक्सिस बैंक में भी तेजी रही।

## सोने में उछाल के साथ चांदी की तेजी में लगा ब्रेक

**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार के लिए साल 2026 की शुरुआत मिश्रित रही है। जहां एक ओर सोने की कीमतों ने मजबूती के साथ नए साल का स्वागत किया, वहीं दूसरी ओर चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के बाजार में सोने की कीमतों में 640 रुपये की बढ़ोतरी देखी गई, जबकि चांदी में 1,600 रुपये की बड़ी गिरावट आई। गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,37,700 रुपये पर बंद हुआ था। इसके विपरीत, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट का सिलसिला जारी रहा। चांदी का भाव 2,37,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया, जो पिछले बंद भाव 2,39,000 रुपये से 1,600 रुपये कम है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि साल 2025 की रिकॉर्ड तेजी के बाद चांदी में कुछ मुनाफावसूली देखी जा रही है।

## बीएसएनएल ने सभी सर्कलों में शुरू की वाई-फाई कॉलिंग सुविधा

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने नव वर्ष पर पूरे देश में वॉयस ओवर वाई-फाई (वीओ वाईफाई) सेवा शुरू करने की घोषणा की है और इसके लिए किसी दूसरे ऐप के इस्तेमाल की जरूरत नहीं होगी।

संचार मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार देश की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता सरकारी कंपनी बीएसएनएल की यह वाई-फाई कॉलिंग सुविधा देश के प्रत्येक दूरसंचार सर्कल में सभी बीएसएनएल ग्राहकों के लिए उपलब्ध हो गई है। बयान में कहा गया है कि चुनौतीपूर्ण वातावरण में भी यह लोगों को निर्बाध और उच्च गुणवत्ता वाली संपर्क सुविधा सुनिश्चित करती है। वीओ वाई-फाई ग्राहकों को वाई-फाई नेटवर्क पर वॉयस कॉल और संद.ेश भेजने और प्राप्त करने की सुविधा देता है, जिससे घरों, कार्यालयों, बेसमेंट और दूरदराज के स्थानों जैसे कमजोर मोबाइल सिग्नल वाले क्षेत्रों में स्पष्ट और विश्वसनीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है। वीओ वाईफाई आईएमएस-आधारित एक सेवा है, जो वाई-फाई और मोबाइल नेटवर्क के बीच निर्बाध हस्तांतरण का समर्थन करती है। इसमें कॉल ग्राहक के वर्तमान मोबाइल नंबर और फोन डायलर का उपयोग करके किए जाते हैं, जिसके लिए तीसरे पक्ष के एप्लिकेशन की आवश्यकता नहीं होती है। मंत्रालय का कहना है कि यह सेवा ग्रामीण और दूरदराज के उन क्षेत्रों में विशेष रूप से लाभप्रद है, जहां मोबाइल कवरेज सीमित होती है बशर्ते बीएसएनएल भारत फाइबर या किसी अन्य ब्रॉडबैंड सेवा जैसी एक स्थिर वाई-फाई कनेक्टिविटी उपलब्ध हो। वीओ वाई-फाई अधिकांश आधुनिक स्मार्टफोन पर समर्थित है। ग्राहकों को अपने हैंडसेट की सेटिंग्स में वाई-फाई कॉलिंग को सक्षम (इनेबल) करना होगा। इस सुविधा के संबंध में कंपनी ने हेल्पलाइन नंबर-18001503 की एक सुविधा भी प्रदान की है।

## पंकज चौधरी के सामने कठिन परीक्षा का दौर

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाकर बड़ा संगठनात्मक दांव खेला है। पार्टी सूत्रों और राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक यह नियुक्ति 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को हुए नुकसान के बाद 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर की गई है, लेकिन पंकज चौधरी के सामने राह आसान नहीं मानी जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बड़ा झटका लगा। 2019 में जहां गठबंधन ने 64 सीटें जीती थीं, वहीं 2024 में यह आंकड़ा घटकर 36 पर सिमट गया। माना जा रहा है कि ओबीसी मतदाताओं, खासकर कुर्मी समाज के एक बड़े हिस्से के पार्टी से दूर होने का असर चुनाव नतीजों में दिखा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**स्विट्जरलैंड के...** कॉन्सर्ट के दौरान आतिशबा.जी की वजह से हुई हो सकती है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। विस्फोट वाली जगह और आसपास का इलाका सील कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हर 10 मिनट में रेस्क्यू हेलीकॉप्टर उड़ते नजर आए। स्विस मीडिया के मुताबिक, सभी उपलब्ध रेस्क्यू हेलीकॉप्टर मदद के काम में लगाए गए हैं। इटली ने भी एक हेलीकॉप्टर भेजा है।

क्रांस-मोंटाना स्विट्जरलैंड के आल्प्स पर्वत क्षेत्र में स्थित एक लग्जरी स्की रिसार्ट है। यह जगह स्विस राजधानी बर्न से करीब दो घंटे की दूरी पर है और यहां हर साल बड़ी संख्या में टूरिस्ट आते हैं, खासकर सर्दियों और नए साल के समय। 15,000 की आबादी वाला यह शहर देश के सबसे खास और महंगे इलाकों में गिना जाता है और सालभर मिलने वाली धूप के लिए मशहूर है। इसकी वजह यह है कि यह रोन घाटी में दक्षिण की ओर ढलान वाले पठार पर स्थित है। क्रांस-मोंटाना से मैटरहार्न पहाड़ दिखाई देता है, जिसे स्विट्जरलैंड की सबसे मशहूर पहचान माना जाता है। इसके अलावा यहां से मोंट ब्लांक जैसी अन्य ऊंची चोटियों के भी शानदार नजारे मिलते हैं।

**यूपी के...** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के निचले इलाकों में हल्की बारिश, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। मध्य प्रदेश में दिसम्बर की सर्दी ने 25 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। उत्तराखंड के 11 जिलों में शुक्रवार को बारिश की संभावना है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ में बर्फबारी की भी संभावना है। देहरादून में तापमान दो दिन में 7 डिग्री सेल्सियस गिर गया, जहां दो दिन पहले तापमान 23 डिग्री सेल्सियस था वो अब घटकर 16डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने का असर हरियाणा पर दिख रहा है। गुरुवार सुबह विजिबिलिटी 0 से 50 मीटर के बीच रही। कुछ जिलों में बारिश भी हुई है। शुक्रवार को भी 9 जिलों में बारिश की संभावना है।

# नई पेंशन योजना के विस्तार के लिए नीतिगत सुधार

**नई दिल्ली, वार्ता**

- प्रचार-प्रसार के लिए बिचौलिया इकाइयों की मदद को मंजूरी, वाणिज्यिक बैंक शुरू कर सकेंगे पेंशन कोष

पेंशन विनियामक ने अनुस.ूचित वाणिज्यक बैंकों को भी नई पेंशन योजना (एनपीएस) के अंतर्गत स्वतंत्र रूप से पेंशन कोष चलाने की छूट देने की तैयारी के साथ साथ एनएपीए के प्रोत्साहन के लिए प्रबंधनाधीन निधि का कुछ पैसा योजना के प्रचार प्रसार के लिए बिचौलिया इकाइयों की मदद को मंजूरी दी है वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) को पेंशन कोष शुरू करने की छूट के नियमों को मंजूरी दे दी है।

इसका उद्देश्य प्रतिस्पर्धा और ग्राहक सुरक्षा मजबूत करना है। प्रस्तावित नए नियमों के तहत से पीएफआरडीए के समग्र मार्गदर्शन के अंतर्गत समन्वित जागरूकता, पहुंच और वित्तीय-साक्षरता पहल का समर्थन करने के लिए एयूएम का 0-0025 प्रतिशत एनपीएस इंटरमीडियरीज-(बिचौलिया फर्मों) के संघ (एएनआई) को दिया जाएगा। पीएफआरडीए के नियामकीय सुधारों में वर्तमान बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया गया है। अभी एनपीएस में बैंकों की भागीदारी सीमित थी। भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों के अनुरूप मजबूत बैंकों को ही पेंशन फंड प्रायोजित करने की अनुमति होगी। वित्त मंत्रालय का कहना है कि विस्तृत मानदंड अलग से अधिसूचित किए जाएंगे और नए तथा वर्तमान दोनों पेंशन फंडों पर लागू होंगे।

इसके साथ ही एनपीएस ट्रस्ट के बोर्ड में तीन नए न्यासियों की नियुक्ति की गई है। इनमें भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा, यूटीआई एएमसी- ट्रस्टी की पूर्व कार्यकारी उपाध्यक्ष स्वाति अनिल कुलकर्णी, डिजिटल इंडिया फाउंडेशन के सह-संस्थापक और प्रमुख और सिडबी द्वारा प्रबंधित फंड ऑफ फंड्स स्कीम के अंतर्गत राष्ट्रीय उद्यम पूंजी निवेश समिति के सदस्य डॉ. अरविद गुप्ता शामिल हैं। खारा को एनपीएस ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में भी नामित किया गया है। उभरती वास्तविकताओं, खुदरा और गिग-इकोनॉमी क्षेत्रों में बीमा सुरक्षा का विस्तार करने के उद्देश्य के साथ पीएफआरडीए ने पहली अप्रैल 2026 से पेंशन फंड के लिए निवेश प्रबंधन शुल्क (आईएमएफ) संरचना को संशोधित किया है। संशोधित स्लैब-आधारित आईएमएफ में सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्र के ग्राहकों के लिए अलग-अलग दरें होंगी है। एमएसएफ कोष को अलग-अलग गिना जाएगा। कंपोजिट स्कीम के अंतर्गत सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों या स्वत: चयन और सक्रिय चयन और 100 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश का वविकल्प चुनने वालों के लिए आईएमएफ समान रहेगा। एयूएम के स्लैब (करोड़ रुपये में) गैर-सरकारी क्षेत्र के ग्राहकों (एनजीएस) के लिए आईएमएफ दरें 25,000 तक 0.12 प्रतिशत, 25,000 से अधिक और 50,000 तक 0.08 प्रतिशत, 50,000 से अधिक और 1,50,000 तक तथा 0.06 प्रतिशत 1,50,000 से ऊपर 0.04 प्रतिशत होगा। पेंशन फंड द्वारा पीएफआरडीए को देय 0.015 प्रतिशत का वार्षिक नियामक शुल्क (एआरएफ) अपरिवर्तित रहेगा। वित्त मंत्रालय का कहना है कि नए नियमों से दीर्घकालिक सेवानिवृत्ति परिणामों में सुधार होगा और वृद्धावस्था आय सुरक्षा में वृद्धि होगी।

# नए साल के पहले दिन बिजली कर्मियों ने काली पट्टी बांध कर विरोध दिवस मनाया

## निजीकरण के विरोध में 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे प्रदेश के बिजलीकर्मी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऐलान किया है कि उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण और इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 के विरोध में आगामी 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में उत्तर प्रदेश के एक लाख से अधिक बिजली कर्मी सम्मिलित होंगे। निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे आंदोलन के 400 दिन पूरे होने पर गुरुवार को बिजली कर्मियों ने काली पट्टी बांध कर प्रदेश भर में 'विरोध दिवस' मनाया।

गौरतलब है कि नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने यह निर्णय लिया है कि उत्तर प्रदेश में चल रही बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया रद्द कराने और इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 के विरोध आगामी 12 फरवरी को देश के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की हड़ताल करेंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि आज संघर्ष समिति की कोर कमेटी की मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि निजीकरण और उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में चल रहा विरोध प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक निजीकरण का निर्णय वापस नहीं लिया जाता।

संघर्ष समिति ने यह भी निर्णय लिया कि 12 फरवरी की प्रस्तावित हड़ताल की तैयारी हेतु जनवरी माह में प्रदेश में छह बिजली महापंचायत आयोजित की जाएगी। बिजली महापंचायत वाराणसी, ओबरा/अनपरा, आगरा, केस्को, मेरठ और लखनऊ में होगी। बिजली महापंचायत में बिजली कर्मियों के साथ किसान, आम उपभोक्ता और केन्द्रीय ट्रेड यूनियन भी सम्मिलित होंगे। जनवरी माह में संघर्ष समिति के केन्द्रीय पदाधिकारी निजीकरण के विरोध में प्रांतव्यापी सघन दौरा करेंगे। संघर्ष समिति ने कहा कि 25 नवंबर 2024 को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का एकतरफा निर्णय घोषित कर पॉवर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने ऊर्जा निगमों में कार्य का वातावरण पूरी तरह बिगाड़ दिया है।

बिजली कर्मी संघर्ष में उपभोक्ताओं के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता पर अटेंड कर रहे हैं। अब समय आ गया है जब पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन को निजीकरण का निर्णय निरस्त कर आंदोलन के फलस्वरूप की गई समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस लेना चाहिए। गुरुवार को बिजली कर्मियों ने प्रदेश भर में समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर काली पट्टी बांध कर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया।

# श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**भाजपा नेता व साधन सहकारी समिति के चेयरमैन नरेन्द्र गुर्जर परिवार सहित रहे उपस्थित**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** पिछले सात दिन से चली आ रही जानी ब्लॉक के गांव नानू फतेहपुर में श्रीमद्भागवत कथा का विधि विधान से समापन किया गया जिसमें सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और हवन पूजन किया गया जिसमें वैदिक मंत्र उच्चारणों के साथ यज्ञ संपन्न किया गया। कथा के अंतिम दिन भारी भीड़ रही और क्षेत्र के काफी लोग भी कथा में पहुंचे जिन्हें प्रसाद वितरण किया गया। इसके अलावा भंडारे का भी आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु ग्रामवासी नानू फतेहपुर और रसूलपुर धौलडी के ग्रामीण मौजूद रहे। कथा में पिछले सात दिनों से आपसी भाईचारे का संदेश भी दिया गया व श्रीमद् भागवत कथा के बारे में लोगों ने विस्तार से सुना। कथा प्रवचन आचार्य तरुण रामानुज दास जी वृंदावन धाम वालों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता व साधन सहकारी समिति रसूलपुर धौलडी नरेंद्र गुर्जर ने सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया और आपसी भाईचारे का भी उन्होंने संदेश दिया। इस दौरान हरवीर गुर्जर, राजू दरोगा, कर्मेंद्र गुर्जर, यशपाल चौधरी, अंकुर गुर्जर, इंद्रपाल सेंसर मास्टर फौजी जगत सिंह गुर्जर, जोगिंदर गुर्जर, संजय गुर्जर, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष गौरव गुर्जर, रवि गुर्जर आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# युवा वकीलों ने बनाया अस्थायी चैम्बर, मेरठ बार ने किया विरोध





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नए साल के पहले ही दिन मेरठ कचहरी परिसर उस समय तनाव का केंद्र बन गया, जब चैंबर की मांग को लेकर युवा और सीनियर अधिवक्ताओं के बीच टकराव खुलकर सामने आ गया। वर्षों से लंबित चैंबर आवंटन की समस्या ने उस समय भयावह रूप ले लिया जब कचहरी परिसर में अस्थाई रूप से बनाए गए चैंबर में लोहे के जाल लगाकर बंद कर लिया।

मामला कचहरी परिसर में स्थित 1938 की बनी एक पुरानी प्याऊ की जर्जर इमारत से जुड़ा है, जिसके गेट के सामने बीते दस वर्षों से कूड़ा जमा था। चैंबर न मिलने से परेशान करीब दस युवा अधिवक्ताओं ने कूड़ा हटाकर वहां अस्थायी टीन शेड डालकर बैठने की व्यवस्था की लेकिन सुबह होते ही इस अस्थायी चैंबर को लेकर विवाद खड़ा हो गया। अपने को दस अधिवक्ताओं के संग जाल वाले चैंबर में बंद युवा अधिवक्ता सानिया खान ने बताया कि वह 26 वर्ष की हैं और उनके माता-पिता ने कर्ज लेकर उन्हें वकालत की पढ़ाई कराई। दो वर्षों से कचहरी में प्रैक्टिस कर रही हैं, लेकिन आज तक उनके पास खुद का चैंबर नहीं है। उन्होंने कहा कि अकेली सानिया नहीं, बल्कि कचहरी में सैकड़ों युवा अधिवक्ता ऐसे हैं जो या तो सीनियर के चैंबर में काम करने को मजबूर हैं या फिर इधर-उधर बैठकर फाइलें संभालते हैं। सानिया के अनुसार, जैसे ही आज सुबह चैंबर पर आए तो पहले कुछ सीनियर अधिवक्ताओं ने इस जगह को अवैध कब्जा बताकर विरोध किया। इसके बाद बार एसोसिएशन के पदाधिकारी पहुंचे और चैंबर खाली कराने की चेतावनी दी।

मामला यहीं नहीं रुका, कचहरी पुलिस चौकी इंचार्ज और एक अपर जिला जज (एडीजे) भी मौके पर पहुंचे और चैंबर खाली न करने पर जेल भेजने की बात कही गई। इस पूरे घटनाक्रम के बाद युवा अधिवक्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। लोहे के जाल में रस्सियों के फंदे टांग दिए गए। तानिया ने भावुक स्वर में कहा कि लाखों रुपये खर्च कर अधिवक्ता बने, सिर पर कर्ज है और अब प्रैक्टिस करने तक की जगह नहीं दी जा रही। अगर यहां बैठने नहीं देंगे तो हमारे पास मरने के अलावा क्या विकल्प है? उनका यह बयान पूरे कचहरी परिसर में उनकी बात सुन रहे अधिवक्ताओं में सन्नाटा छोड़ गया। घटना के बाद कचहरी परिसर दो तरफा बातें शुरू हो गईं। कुछ सीनियर अधिवक्ता व युवा उनके समर्थन में खड़े हैं तो वहीं दूसरा वर्ग इसे अवैध कब्जा मानकर विरोध कर रहा है। फिलहाल न तो बार एसोसिएशन और न ही प्रशासन की ओर से कोई ठोस समाधान सामने आया है। युवा अधिवक्ता अपनी एक ही मांग पर अड़े हैं, सभी युवा अधिवक्ताओं को प्रैक्टिस के लिए चैंबर उपलब्ध कराए जाएं।

## बातचीत से निकले हल, अवैध कब्जा गलत: जीशान सिद्दीकी



**मेरठ।** कचहरी में पूरे दिन चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद जहां कुछ वकीलों ने इस पर अपनी नाराजगी जाहिर की वहीं जिला बार एसोसिएशन मेरठ के पूर्व विशेष आमंत्रित सदस्य अधिवक्ता जीशान सिद्दीकी ने कहा कि कचहरी में युवा वकीलों को चैंबर और बैठने की दिक्कत होना आम बात है। ऐसी स्थिति में नाराजगी होना स्वाभाविक है, लेकिन हर समस्या का हल बातचीत और कानून के दायरे में रहकर ही निकलता है। अवैध कब्जा करना ठीक नहीं हैं भारत के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) और 19(1)(बी) के तहत अपनी बात शांतिपूर्वक रखना सभी का अधिकार है। हमें भरोसा है कि बार के पदाधिकारी और साथी वकील मिलकर इसका समाधान निकालेंगे, ताकि किसी को भी परेशानी न हो और कचहरी की गरिमा बनी रहे।

## लाभार्थियों की धनराशि हड़पने के मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में सीएचसी पर तैनात सीनियर ट्रिटमेन्ट सुपरवाइजर द्वारा क्षय रोग में मिलने वाली लाभार्थियों की धनराशि धोखाधड़ी से अपने परिचितों के खाते में डलवाने के मामले में सीएचसी प्रभारी ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। नगर में सीएचसी प्रभारी डॉ. रविशंकर शर्मा ने बताया कि जुनैद पुत्र जब्बार निवासी कस्बा किठौर सीएचसी पर सीनियर ट्रिटमेन्ट सुपरवाइजर के पद पर कार्यकरत है। जुनैद के द्वारा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मिलने वाली लाभार्थियों की धनराशि को कूटचरित दस्तावेज लगाकर अपने परिचित के खातों में हस्तांतरित कर ली गई। इस मामले की शिकायत सीएमओ से की गई। सीएमओ द्वारा गठित टीम ने उक्त मामले को सही मानते हुए जुनैद को दोषी पाया। सीएमओ के आदेश पर सीएचसी प्रभारी रविशंकर शर्मा ने जुनैद के खिलाफ थाने में मुकदमा कराया है। थाना अध्यक्ष सुदीश सिह सिरोही ने बताया कि उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# एनएच-334बी पर अवैध स्वागत गेट बना खतरा

## पीडब्ल्यूडी-एनएचएआई की अनुमति बिना निर्माण, बस स्टैंड पर भड़का जन आक्रोश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** राजमार्ग-334बी से ग्राम रावा और मोहम्मदपुर धूमी को जोड़ने वाली पीडब्ल्यूडी सड़क पर बने अवैध स्वागत गेट ने गुरुवार को बड़े विवाद और जनआंदोलन का रूप ले लिया। रावा कुटी बस स्टैंड पर सैकड़ों ग्रामीणों ने हंगामा कर प्रशासन को घेरा और बिना अनुमति बने गेट को तत्काल हटाने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के नियमों को ताक पर रखकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्वागत गेट का निर्माण करा दिया। यह स्थान दोनों गांवों का मुख्य यातायात और बस स्टैंड केंद्र है, इसके बावजूद नियमों की अनदेखी कर गेट खड़ा कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के समय ही पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार जेई को शिकायत दी गई, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है।

मोहम्मदपुर धूमी के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह मार्ग आसाराम मार्ग के नाम से जाना जाता है, फिर भी रावा ग्राम प्रधान द्वारा अपने गांव का बोर्ड लगवाना मनमानी है, जो न केवल नियम विरुद्ध है बल्कि दोनों गांवों के बीच तनाव पैदा करने वाला कदम है। ग्रामीणों ने चेताया कि यह अवैध स्वागत गेट यातायात बाधित कर रहा है, जिससे बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। मौके पर नारेबाजी के दौरान प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया गया।

# नववर्ष पर परीक्षितगढ़ थाना परिसर में सुंदर कांड का पाठ

## थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने चौकीदारों को कंबल, टॉर्च व सीटी भेंट कर क्षेत्र में मुस्तैदी व निडर होकर कार्य करने के दिए निर्देश





थाना परिसर में स्थित मंदिर में सुंदर पाठ करते थानाध्यक्ष व अन्य पुलिसकर्मी। चौकीदारों को कंबल, टॉर्च व सीटी वितरित करते थानाध्यक्ष।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना परिसर में बने मंदिर में थाना पुलिस ने सुंदर पाठ कराते हुए नव वर्ष पर भगवान की पूजा अर्चना की। इसके बाद थाना अध्यक्ष ने क्षेत्र के चौकीदारो को अपने स्तर से कंबल टार्च व सीटी भेंट कर निडर होकर कार्य करने तथा अपने-अपने क्षेत्र में मुस्तैदी से कार्य करने की बात कही।

नववर्ष पर थाना परिसर में नई पहल के साथ मंदिर में सुंदर पाठ कराया गया। इस मौके पर दर्जनों महिलाओं ने भजन प्रस्तुत किये। बाद में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। वहीं सुदंर पाठ के बाद थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने अपने स्तर से सभी चौकीदारों को कंबल टार्च व सीटी तथा नकद धनराशि देते हुए कहा कि सभी चौकीदार अपने अपने क्षेत्र में मुस्तेदी व निडर होकर कार्य करें तथा हर छोटी बड़ी घटना पर नजर रखें, अगर कोई घटना घटे तो तुरंत थाने को सूचित करे वही आश्वासन दिया कि कोई भी चौकीदार थाने में आकर बेगार नहीं करेगा, अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभाये, ड्यूटी किट पाकर चौकीदार खुश नजर आये तथा सभी चौकीदारों ने थाना अध्यक्ष को नववर्ष की शुभकामनाए दीं। इस मौके पर हेड कांस्टेबल विनय सूर्यवंशी, कपिल कुमार, अखिलेश राय, अजीत सिंह, अनिल कुमार सहित थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव समसपुर के समीप स्थित रजवाहे के पास बुधवार की देर रात्रि पुलिस के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना पुलिस ने बताया कि युवक दूसरे जिले का रहने वाला है। किसी घटना को अंजाम देने के लिए आया हुआ था।

थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह ने बताया कि क्षेत्र के गांव समसपुर में स्थित मुख्य मार्ग रजवाहे के पास गस्त के दौरान पुलिस ने एक युवक को जाते हुए देखा पुलिस को देखकर आरोपी युवक भागने लगा पुलिस ने उसको घेर घोंटकर पकड़ लिया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है पुलिस ने जब उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम प्रशांत पुत्र कमल किशोर निवासी रामलीला ग्राउंड बिजनौर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# मंदिर में तोड़फोड कर मूर्ति तोड़ी

## गांव में आक्रोश का माहौल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा चकराजमल में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा गांव के भीतर स्थित प्राचीन धार्मिक स्थल श्री सिद्ध बाबा इमली वाला मंदिर में तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। अज्ञात लोगों ने मंदिर में स्थापित शिवलिंग और नंदी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे गांव में आक्रोश का माहौल बन गया।

घटना का पता आज सुबह उस समय चला, जब ग्रामीण नियमित पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में शिवलिंग और नंदी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त अवस्था में देखकर ग्रामीण स्तब्ध रह गए। कुछ ही देर में यह सूचना पूरे गांव में फैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली धामपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस व ग्रामीणों की सूझबूझ के चलते किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई और गांव में शांति व्यवस्था बनी रही। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से क्षतिग्रस्त शिवलिंग और नंदी की मूर्ति को विधिवत विसर्जन के लिए हरिद्वार भिजवाया। वहीं, गांव में नई शिवलिंग और नंदी की मूर्ति की स्थापना को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी है। गांव और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि असामाजिक तत्वों की पहचान की जा सके। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे और कोतवाल मृदुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता कर शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में स्थिति पूरी तरह शांत है। वहीं, ग्रामीणों सुभाष चौहान, दिनेश सैनी, विकास कुमार और संजीव कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि यह धार्मिक स्थल उनके पूर्वजों के समय से आस्था का केंद्र रहा है।

### एक आरोपी पुलिस हिरासत में

**धामपुर।** पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने देर शाम बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रात में एक संदिग्ध वाहन गांव के भीतर जाते हुए दिखाई दिया। वाहन की पहचान और उसमें सवार युवक के संबंध में की गई पूछताछ में सामने आया कि वाहन गांव निवासी विदित राजपूत का था। पुलिस के अनुसार पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि युवक नशे की हालत में था और इसी दौरान उसने शिवलिंग तथा नंदी प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया। आरोपी द्वारा अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई हैं। पुलिस का कहना है कि पूछताछ जारी है और शीघ्र ही पूरे मामले का विधिक खुलासा किया जाएगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**धामपुर।** ग्राम भगवानवाला निवासी वीर सिंह सैनी (45 वर्ष) बीती देर रात बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह हबीबवाला अड्डे के पास पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल रहा।

पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

## नाग की मौत के बाद सड़क पर बैठी नागिन

### आने जाने वाले लोग कुछ देर को सड़क पर ठहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** नाग की मौत के बाद नागिन ने लोगों का रास्ता रोक लिया। इस कारण काफी देर तक यातायात बाधित रहा, हालांकि कुछ देर बाद नागिन वहां से चली गई। लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर शेयर कर दी।

घटना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोंसाई मार्ग की है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के बाहरी तरफ गुरुवार को नेवला व नाग में कुछ देर लड़ाई हुई, जिसमें नाग की मौत हो गई। सड़क के किनारे घूर पर नाग मृत पड़ा था। कुछ देर बाद दूसरा नाग वहां पहुंचा, लोगों के अनुसार वह नागिन थी। नाग को मृत देख गजरौला-सलेमपुर गोंसाई मार्ग पर नागिन बैठ गई, जिसके बाद रास्ता बंद हो गया। लोगों की हिम्मत वहां से गुजरने तक की नहीं पड़ी। कई बाइक सवार भी वहां रुक कर नागिन के रास्ते से हटने का इंतजार करने लगे। कुछ देर बाद नागिन रास्ते से हटी तो लोगों ने राहत की सांस ली।

### भक्ति संगीत और झांकियों से सजा माता का दरबार, सैकड़ों श्रद्धालु शामिल

## चामुंडा मन्दिर पर भंडारा, जगराते में उमड़ा सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 31 दिसंबर को मोहल्ला महादेव, कमेलपुर रोड स्थित चामुंडा माता मंदिर पर दिन में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। देर रात माता रानी के भव्य जगराते का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धा और भक्ति का अद्‌भुत संगम देखने को मिला।

जगराते का शुभारंभ निवर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद राजेश सैनी द्वारा माता रानी की जोत प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर चामुंडा माता मंदिर समिति एवं कार्यकर्ताओं ने राजेश सैनी को पटका पहनाकर सम्मानित किया। जगराते में आमंत्रित कलाकारों ने माता रानी के मनोहारी भजनों का गुणगान किया। बीच-बीच में प्रस्तुत की गई आकर्षक झांकियों ने भी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भक्ति संगीत पर देर रात तक भक्तगण झूमते नजर आए। कार्यक्रम में धर्मवीर



सैनी, सोनू सैनी, सूरज कुमार, रवि कुमार, विनेश सैनी, रेखा रानी, विमला देवी, सरिता, महेंद्र सैनी, सतवीर कुमार सहित सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति व स्थानीय लोगों का विशेष योगदान रहा।

## पोस्टमैन पर चेकबुक घर पर रखने का आरोप

### व्यापारी ने पोस्टमास्टर से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला चामुंडा निवासी व्यापारी आकाश अग्रवाल ने डाक विभाग के एक पोस्टमैन पर गंभीर आरोप लगाते हुए शाखा पोस्ट मास्टर को शिकायती पत्र सौंपा है। आरोप है कि उनकी चेकबुक दो दिसंबर को शाखा में डिलीवर हो चुकी है, लेकिन उन्हें अब तक प्राप्त नहीं हुई।

व्यापारी का कहना है कि शाखा में जानकारी करने पर पता चला कि पोस्टमैन तेजपाल ने स्वयं चेकबुक की डिलीवरी दिखाकर उसे अपने घर पर रख लिया। चेकबुक न मिलने के कारण उनके व्यापारिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। आकाश अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने कई बार शाखा में संपर्क किया, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। इससे परेशान होकर उन्होंने पोस्ट मास्टर को लिखित शिकायत दी है। शिकायत में मांग की गई है कि चेकबुक शीघ्र उपलब्ध कराई जाए और मामले में दोषी पाए जाने वाले कर्मी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। मामले को लेकर डाक विभाग में चर्चा बनी हुई है।

## सीएमओ डा.योगेन्द्र का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** चिकित्साधीक्षक डॉ.योगेन्द्र सिंह को मुख्य चिकित्साधिकारी का प्रभार मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान गजरौला मंडलाध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति के नेतृत्व में स्वागत किया गया। गुरूवार को अमरोहा स्थित कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने सीएमओ डॉ.योगेन्द्र सिंह को बुके भेंट करके और मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया और उनके अच्छे कार्यकाल की कामना की। इस मौके पर डॉ. करन सिंह, रजनीश कुमार प्रजापति, बालाजी उर्फ तीरथ आदि उपस्थित रहे।

## पिलखन की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

### कार्रवाई की तैयारी में जुटा विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** वन विभाग ने अवैध रूप से काटी गई पिलखन की लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। वन विभाग कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा था।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी में बुधवार की शाम वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पाकर अवैध रूप से काटी गई लकड़ी को पकड़ लिया। लकड़ी काटने वाले माफिया इस लकड़ी को ट्रैक्टर ट्राली में भरकर ठिकाने लगाने के लिए जा रहे थे। लेकिन उससे पहले ही वन विभाग ने इस लकड़ी को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि अवैध रूप से काटी गई पिलखन की लकड़ी करीब 25 कुंतल है। वन विभाग ने ट्रैक्टर ट्राली को भी सीज कर दिया। और पकड़ी गई लकड़ी को अपने कब्जे में ले लिया। वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने बताया अवैध रूप से पिलखन की लकड़ी को काटा गया था। उन्होंने बताया कि इलाके में अवैध रूप से लकड़ी को किसी भी हाल में नहीं काटने दिया जायेगा। वन विभाग लकड़ी काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा था।

## किसानों से ही भाईचारा है कायम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा द्वारा औद्योगिक इकाईयों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदुषण के विरोध में किया जा रहा धरना प्रदर्शन 12वें दिन भी जारी रहा। नव वर्ष के अवसर पर धरनास्थल पर ही हवन यज्ञ करके किसानों की खुशहाली की कामना की गई।

ब्लॉक क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में चल रहे धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि किसानों से भाईचारा कायम है। हमारी जाति, धर्म और मजहब किसान है। कहा कि जल-जंगल-जमीन व हवा को नुकसान पहुंचाए बिना ढांचागत कोई विकास मॉडल आज तक तैयार न हो पाना सिस्टम की सबसे

### भाकियू संयुक्त मोर्चा का धरना 12वें दिन भी जारी

बड़ी नाकामी है। जोर देकर कहा कि सामाजिक समरसता ही आंदोलन की असली ताकत है। जल-जंगल-जमीन के पुनर्जीवन के लिए प्रतिबद्ध विभिन्न समुदायों के स्थानीय लोगों का कहना है कि जियो और जीने दो के सिद्धांत में विश्वास रखने वाले हम सभी लोग सादगी से हर पल अन्न-जल संरक्षण में के लिए प्रकृति व पर्यावरण का सम्मान करते हैं, लेकिन लालची ढांचागत विकास मॉडल को लागू करने वाले लोग संसाधनों को नष्ट कर उन्हें उजाड़ने पर आमादा हैं। प्रमुख सचिव अरुण सिद्धू ने कहा कि क्षेत्र में अविश्वास, सामुदायिक दुराव और क्षेत्रीय



बिखराव के कारण साझा मकसद, संपूर्ण एकजुटता एवं दृढ़ संकल्प हासिल करना पहले से अधिक कठिन हो गया है। राष्ट्रीय सचिव चंद्रपाल सिंह ने कहा कि नववर्ष का इससे बड़ा संकल्प और कुछ नहीं हो सकता कि इन चुनौतियों से पार पाने के लिए वालंटियर गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं, क्योंकि ऐसे बड़े मुद्दे पर सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। इस मौके पर विभिन्न समुदाय के धर्मगुरुओं के अलावा ओम प्रकाश, रामकृष्ण चौहान, सुशील चौधरी, नूर चौधरी, अभिषेक भुल्लर आदि मौजूद रहे।

## मानव सेवा संस्थान में भागवत कथा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव चौकपुरी स्थित मानव सेवा संस्थान पर श्रीमद्‌भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली गई।

### महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

गुरूवार संस्थान में आयोजित कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ। कथाव्यास नितिन भारद्वाज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का सुंदर प्रवचन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह के पुत्र प्रमोद कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में पंडाल में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर



पर विशिष्ट अतिथि डॉ.राजीव शुक्ला, ह्यूमन राइट्स अवेयरनेस आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.एलसी गहलौत, प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, मनमोहन सैन, मुनेश सैनी, रामगोपाल गंगवार, महेंद्र पाल भारद्वाज, कुलवंत सिंह, नरेंद्र चौधरी, मुकेश पुरी, विजय, विजेंद्र सिंह, प्रियंका शर्मा, मंजू चौहान आदि उपस्थित रहे। कथा का समापन सात जनवरी को हवन व भंडारे के साथ होगा।

## शिक्षकों के वेतन पर लगी रोक हटाई जाए

### शिक्षकों ने बैठक कर उठायी मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक संगठन के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ प्रथी सिंह के सिहाली जागीर स्थित आवास पर आयोजित की गई।

गुरुवार को बैठक में बोलते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ प्रथी सिंह ने कहा कि एसआईआर कार्य में सहायक बीएलओ के रूप में लगे अध्यापकों का नवम्बर माह का बाधित वेतन अतिशीघ्र दिलाया जाये। अध्यापकों द्वारा अपने अपने बूथ का शत प्रतिशत कार्य लगभग एक माह पूर्व ही पूर्ण कर दिया गया है। उपजिलाधिकारी हसनपुर द्वारा भी उक्त शिक्षकों के वेतन से लगी रोक हटाने का पत्र जारी किया जा चुका हैं।ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने कहा कि



70 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर कुछ प्रधानाध्यापकों की वेतन-वृद्धि बाधित कर दी गई थी। जिसे तत्काल बहाल किया जाये। और कई माह से लम्बित अवशेष एरियर भुगतान किया जाएं। शिक्षकों के उपार्जित अवकाश जल्द से जल्द आनलाईन कराकर सर्विस बुक में अंकित किए जाये। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, वरिष्ठ शिक्षक विपिन पंघाल,डॉ नरेन्द्र सिंह, कुलवंत सिंह,विकास राहुल, करनपाल,विनोद कुमार गौतम, रविराज सिद्धार्थ,किरनल पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## गौशाला निरीक्षण में परखी व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी उप जिलाधिकारी धनौरा एवं डॉ. चमन प्रकाश उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) ने संयुक्त रूप से गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक्षी तथा पशुधन प्रसार अधिकारी नेपाल सिंह भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने गौशाला में पशुओं के आवास, चारा-पानी, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, साथ ही उन्हें और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

## धूमधाम से मनाया गया नव वर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** नव वर्ष 2026 को बड़े ही धूमधाम के साथ एक दूसरे को विश करके मनाया गया। आतिशबाजी कर नये साल की शुरुआत की गई। बुधवार की रात जैसे ही 12:00 बजने के बाद घड़ी की सुई आगे बढ़ी उसके तुरंत बाद ही शहर में चारों ओर आतिशबाजी शुरू हो गई। खासकर युवा नये वर्ष 2026 के आने का इंतजार कर रहे थे। इसके लिए युवा द्वारा खासी तैयारी की गई थी। जगह-जगह नव वर्ष को देखते हुए पार्टियों का आयोजन किया गया था। जैसे ही नव वर्ष 2026 की शुरुआत हुई मोबाइलों द्वारा एक दूसरे को रंगारंग मैसेज भेज कर शुभकामनाएं दी गई। नव वर्ष आने का कुछ लोग बड़े ही उत्साह के साथ इंतजार कर रहे थे। नव वर्ष 2026 आने को देखते हुए पुलिस बल द्वारा जगह-जगह चेकिंग अभियान भी चलाया गया। पुलिस द्वारा सड़कों पर गश्त कर स्थिति पर नजर रखी गई।

## इमाम मुहम्मद तकी की यौमे विलादत पर जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** नगर के इमामबारगाह दादे हिमायत अली मे नवे इमाम हजरत मुहम्मद तकी अलैहिस्सलाम की यौमे विलादत पर एक जश्न का आयोजन हुआ द्य

बुधवार रात जश्न का आगाज गुलाम सय्यदेन रिजवी ने हदीसे किसा की तिलावत से किया द्य नाते रसूल रियाजुल हसन ने पढ़ी। नाते पाक के बाद मिसाल अब्बास, एजाज मुर्तजा, मुहम्मद अब्बास, शबीह हैदर, सुहैल अब्बास, सफदर अली, यूसुफ मेहदी, फाजिल, जमा, फिदा, शारिफ, हुनैन, शुजा आदि ने इमाम तकी की शान मे कलाम पढ़े द्य अम्मार हैदर रिजवी ने दुआ कराकर जशन का समापन किया। इस अवसर पर हसन मेहदी, मुहम्मद साकिब, तनवीर अब्बास, मुहम्मद आदिल, जैगम अब्बास, नबी हादी, हसन रजा, जीशान हैदर, इबनुल हसन, अली हादी, साहिल अब्बास, फरहान मुजाहिद, आफाक हैदर, राशिद हुसैन, अजीम हैदर, कल्बे अब्बास आदि मौजूद रहे।


## नहजुल बलागा की तालीमात हर दौर के लिए मशअल-ए-राह

### हजरत अली की विलादत पर इमामिया रिसर्च सेंटर में संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** हजरत अली इब्ने अबी तालिब की विलादत-ए-बासआदत के अवसर पर इमामिया रिसर्च सेंटर में एक भव्य नहजुल बलागा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मौलाना सैयद हैदर मेहदी द्वारा पवित्र कुरआन की तिलावत से हुआ, जबकि सैयद ताजदार अमरोहवी ने नात-ए-पाक पेश की।

संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. मौलाना सैयद शहवार हुसैन नकवी ने की। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने नहजुल बलागा की महानता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नहजुल बलागा अमीरुल मोमिनीन हजरत अली इब्ने अबी तालिब के खुत्बों और पत्रों का एक अत्यंत मूल्यवान संग्रह है। यह फसाहत व बलागत, मआनी व बयान, इस्तिआरा



और किनाया का एक सुंदर नमूना है, जिसमें इस्लामियत, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र की ऐसी झलक मिलती है, जिसका हर पहलू उज्ज्वल और प्रभावशाली है। यह वह महान विद्वतापूर्ण धरोहर है जिसे चौथी सदी हिजरी के उत्तरार्ध में अल्लामा सैयद रजी (रह.) ने संकलित किया। मौलाना सैयद शादाब हैदर ने अत्यंत ज्ञानवर्धक भाषण देते हुए कहा कि नहजुल बलागा की वैज्ञानिक और साहित्यिक महानता हर युग में स्वीकार की जाती रहेगी। मौलाना सैयद अफरोज मुज्तबा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नहजुल बलागा की शिक्षाओं से केवल मुसलमान ही नहीं, बल्कि गैर-मुस्लिम विद्वानों ने भी भरपूर लाभ उठाया है। मौलाना सैयद हैदर मेहदी ने कहा कि आज के दौर में समाज में नहजुल बलागा का प्रसार अत्यंत आवश्यक है और हर घर में इसका होना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। वरिष्ठ पत्रकार सिराज नकवी ने अपने शोधपत्र में नहजुल बलागा के संबंध में पश्चिमी शोधकर्ताओं की सेवाओं की विस्तार से समीक्षा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान अरबी, फारसी, उर्दू, हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में नहजुल बलागा के अनुवादों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे विद्वानों और बुद्धिजीवियों ने अत्यंत सराहा।

## जीएमएस में धूमधाम से मना नववर्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** जीएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन, की ओर से नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की गई। गुरुवार को शकरपुर में नव वर्ष आत्म निरीक्षण, नये लक्ष्य तय करने और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का अवसर होता है।हर संस्कृति में नव वर्ष को नये आरम्भ, आशा और उत्साह के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। जीएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में नव वर्ष का स्वागत छात्र/छात्राओं के साथ हवन और केक काट कर किया गया। शाहनवाज अली ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनायें देते हुए कहा कि नव वर्ष हमें संदेश देता है कि समय निरंतर आगे बढ़ता है। और हमें भी उसके साथ अपने विचारों, व्यवहार और कार्यों को बेहतर बनाते रहना चाहिये। शाहनवाज अली ने सभी से आपसी सौहार्द, भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करने का आहवान किया। निदेशक डा. हरीश कुमार प्राचार्य डॉ.संतोष चौधरी, डा जफर वारसी ,साहिल चौघरी सोरन, प्रमोद कुमार, नेहा श्रीवास्तव हिना, सोनल, मोनिका, मनस्वी, राखी, हिमांशी, अनीस, नवनीत, सचिन आदि मौजूद रहे।

### विंटर कार्निवल में बुर्का डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, शहर में गुस्सा

## स्कूल में बुर्का पहने छात्रों का डांस वायरल, बुर्के की तौहीन पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** शहर के एक स्कूल में हुए विंटर कार्निवल फेस्टिवल के दौरान बुर्का पहने छात्रों के डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हंगामा मच गया है। स्कूल कार्यक्रम में कुछ पुराने छात्र भी शामिल थे और डांस के दौरान कुछ स्टेप्स को लेकर छात्र-छात्राओं के साथ-साथ लोगों में गुस्सा भड़क गया। मामला बुर्के की तौहीन और मजहब का मजाक उड़ाने के आरोपों तक पहुँच गया है। इस बीच, वीडियो के तेजी से वायरल होने और बुर्का पहने छात्रों के डांस को देखकर लोग नाराजगी जताने लगे हैं। एसपी कार्यालय और केंद्रीय लोक निवारण समिति में शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

मामला शहर में संचालित एक स्कूल से जुड़ा हुआ है। सोमवार को इस स्कूल में विंटर कार्निवल फेस्टिवल हुआ था। जिसमें स्कूल के कुछ पुराने छात्र भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद करीब सात-आठ लड़कों ने धुरंधर फिल्म के गाने पर खूब डांस किया था। जिनमें तीन लड़के बुर्का पहने हुए थे, उन्होंने हिजाब भी लगा रखा था। डांस के बीच एक छात्र ने बुर्के पहने लड़के को गोद में उठाकर बेहुदा स्टेप किए थे। छात्र-छात्राओं ने उनके स्टेप पर जमकर हूटिंग की थी। बुर्के में डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद से हंगामा मचा हुआ है। हालांकि, स्कूल प्रधानाध्यापिका के अलावा लड़कों द्वारा अपने इस कृत्य पर माफी मांगी जा चुकी है लेकिन बुर्के की तौहीन और मजहब का मजाक उड़ाए जाने के आरोपों से शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच गुरुवार को स्कूल में बुर्के में हुए डांस का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हुआ, जिनमें बुर्का पहने तीन लड़के स्कूल के मैदान में घूमते हुए डांस करते दिख रहे हैं और शिक्षिकाएं उनके डांस पर तालियां बजाती हुई दिख रही हैं। इसके बाद लोगों के बीच पनपा गुस्सा और ज्यादा भड़क गया। वहीं, शहर निवासी एडवोकेट जीशान पाशा की अगुवाई में युवकों ने जहां इस संबंध में एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र सौंपा तो वहीं केंद्रीय लोक निवारण समिति पदाधिकारियों ने थाना नौगावां सादात पहुंचते हुए अपनी शिकायत दर्ज कराई। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में जांच उपरांत कार्रवाई की बात कही। पदजतव

## स्कूली वाहनों की फिटनेस की जांच

### जांच में 4 वाहन फिटनेस मानकों पर नहीं उतरे खरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** सड़क सुरक्षा माह के पहले दिन बुधवार को परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों की फिटनेस की जांच की गई। एआरटीओ प्रवर्तन महेश शर्मा ने इस निरीक्षण के लिए एआरटीओ कार्यालय में तैनात संभागीय निरीक्षक टेक्नीकल हरिओम को जिम्मेदारी सौंपी। हरिओम ने टीम के साथ चार स्कूलों में पहुंचकर कुल 45 वाहनों की जांच की। जिसमें 04 वाहन फिटनेस मानकों पर खरे नहीं उतरे। एआरटीओ के मुताबिक सभी वाहनों स्वामियों को नोटिस जारी करते हुए वाहनों को फिट करवाकर अगले सप्ताह में कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। एआरटीओ ने अभिभावकों से अपील की कि बिना फिटनेस और असुरक्षित वाहनों पर बच्चों को न भेजें।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा बेटा वसीम अहमद पुत्र स्व. मोबीन अहमद निवासी ग्राम अली मौहम्मदपुर तहसील व जिला अमरोहा बुरी संगत में पड़ गया है। जिस कारण मैं व मेरा परिवार उससे सभी तरह के संबंध विच्छेद कर उसे अपनी सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमति नूर जहां पत्नी स्व. मोबीन ग्राम अली मौहम्मदपुर अमरोहा

# दोपहिया वाहन चालकों को किए गए हेलमेट वितरित

## डीएम व एसपी ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखा किया सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल और पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने एक जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने डायल 112 पर तैनात पुलिसकर्मियों को फास्ट्रेक किट प्रदान की।








इस दौरान जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सभी वाहन चाल. कों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करते हुए अपने वाहन चलाएं, ताकि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन कराया जा रहा है। यह यातायात माह 1 जनवरी से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान लोगों को यातायात के प्रति जागरूक किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परिवहन विभाग के अधिकारी राघवेंद्र सिंह (एआरटीओ) ने सर्दी के मौसम में अत्यधिक कोहरे को देखते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यात्रा केवल तभी करें जब बहुत जरूरी हो, वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाएं और यातायात नियमों का किसी भी स्थिति में उल्लंघन न करें। यातायात माह के शुभारंभ के अवसर पर रवाना किया गया जागरूकता वाहन गांव-गांव और शहर में पहुंचकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेगा। यह कार्यक्रम वंदना चौक पर आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस, राजस्व, यातायात और नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ शिकायत पत्र देते हुए कार्रवाई मांग की। महिला का आरोप है कि उसके पति के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध हैं, जिसके कारण उसका वैवाहिक जीवन प्रभावित हो रहा है। पीड़िता ने पुलिस से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

महिला ने बताया कि उसकी शादी सात साल पहले हुई थी और शुरुआत में उनका दांपत्य जीवन सामान्य था। कुछ समय बाद पति के व्यवहार में बदलाव आने लगा। वह घर के प्रति उदासीन रहने लगा, देर रात तक बाहर रहता और फोन पर किसी अज्ञात महिला से लगातार बात करता था। जब महिला ने इस बारे में पूछा, तो पति ने उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की। पीड़िता का आरोप है कि पति के अवैध संबंधों के कारण वह मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित हो रही है। परिवार और रिश्तेदारों ने कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन पति पर इसका कोई असर नहीं हुआ। महिला का यह भी कहना है कि पति अब उसे घर से निकालने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दी है। उसने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और उसे सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने पीड़िता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।




## चैकिंग के दौरान पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून- व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर बरामद किया।

पुलिस ने गस्त करते समय संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। बिनौली अड्डे के पास न्यू रामनगर क्षेत्र में एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और संदिग्ध हरकतें करने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे रोका और तलाशी ली, जिसमें उसके पास से अवैध तमंचा 315 बोर मिला। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नितिन पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है, जो न्यू रामनगर, बिनौली अड्डे के पास, थाना बड़ौत, जनपद बागपत का निवासी है। पुलिस द्वारा हथियार रखने के संबंध में वैध लाइसेंस या कागजात मांगे जाने पर अभियुक्त कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के खिलाक सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा। अवैध हथियार रखने वालों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## दुकानदार सें हजारों की ठगी, ठग सीसीटीवी में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** एक बिजली के समान की दुकान पर दुकानदार से साथ एक ठगी का मामला सामने आया है। हजारों की खरीद के बाद ठग फर्जी डिजिटल पेमेट कर गये। बाद में दुकानदार को पता चला तो उसे ठगी होने का अहसास हुआ।

रटौल निवासी राजीव गर्ग पुत्र रामप्रकाश की रटौल मेन बाजार में बिजली के उपकरण बेकने और ठीक करने की दुकान है। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर दो बजे एक महिला बुर्के में और एक पुरुष बाईक से उसकी दुकान पर पहुंचे जहा उन्होंने बिजली के उपकरण खरीदे जिनका बिल 11 हजार रूपये बना खरीदार पुरुष ने दुकानदार को 11 हजार रूपये फोन पे कर दिये और स्कीन शाट दुकानदार को दिखा दिया जिस नम्बर में दुकानदार ने रूपये डलवाये थे। वह उसके बेटे का नम्बर था उनके जाने के बाद जब उसने अपने पुत्र से रूपये आने की बात कही तो उसने इन्कार कर दिया जिससे दुकानदार ने ग्राहकों को देखा तो जब तक वह फरार हो चुके थे। रटौल बाजार में इसे लेकर चर्चा बनी हुई है और सतर्क रहने को कहा गया है।



## एक नजर

### 86 वर्षीय बुजुर्ग शिक्षक ने मनाया अपनी मां का 108 वां जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के गाँव रठौड़ा निवासी 86 वर्षीय बुजुर्ग शिक्षक मास्टर इन्द्रपाल सिंह खोखर ने प्रतिवर्ष की भांति 1 जनवरी ईशा नववर्ष के दिन अपनी स्वर्गीय माँ बोहती देवी के 108 वें जन्मदिन को मनाते हुए क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों व परिवार के सदस्यों के साथ यज्ञ का आयोजन किया। माँ बोहती देवी को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें स्मरण कर उनकी आत्मशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। मास्टर इन्द्रपाल सिंह खोखर क्षेत्र की प्रसिद्ध शिक्षण संस्था श्री विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज से सहायक अध्यापक से रिटायर है। उनकी माँ बोहती देवी का स्वर्गवास 29 नवम्बर 1991 में हो चुका है। मास्टर इन्द्रपाल सिंह खोखर की आयु 86 वर्ष है। मास्टर इन्द्रपाल सिंह खोखर द्वारा प्रतिवर्ष अपनी माँ का जन्मदिन मनाना क्षेत्र में चर्चा का विषय होने के साथ उन व्यक्तियों के लिए एक सबक है जो आज के इस आधुनिक युग की चकाचौंध में अपने माता-पिता को बोझ समझ रहे है। वह उसे दो वक्त की रोटी देना या अपने साथ घर में रखना अपमान समझते है। भारतीय संस्कृति व संस्कारों से परिपूर्ण मास्टर इन्द्रपाल सिंह खोखर का माँ के प्रति समर्पण व लगाव इस आधुनिक पीढ़ी सहित हम सभी के लिए एक प्रेरणा है। अपनी माँ बोहती देवी के 107 वें जन्मदिन के अवसर पर उपस्थित व्यक्तियों को सम्बोधित करते हुए मास्टर इन्द्रपाल सिंह खोखर ने कहा कि माता-पिता ईश्वर का साकार स्वरूप है। यदि वह न होते तो हमारा अस्तित्व नहीं होता इसीलिए परमपिता परमात्मा को माँ और पिता से भी सम्बोधित किया जाता है। इस अवसर पर उर्मिला देवी, राष्ट्रवर्धन मुनी, वीर सिंह आर्य, प्रधानाचार्य महक सिंह आर्य, समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय, योगेन्द्र आर्य, सुनील कुमार आर्य, सुक्रमपाल आर्य, राजेन्द्र आर्य, महक, सिंह योगेश आर्य, नरेन्द्र मुखिया, मास्टर अनील कुमार, धर्मपाल, हरबीर, रविन्द्र आदि मौजूद रहे।

## बस अड्डा पूरी तरह बनकर तैयार, जल्द ही किया जाएगा उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले में वर्ष 2026 विकास और रोजगार के नए अवसर लेकर आया है। इस वर्ष हजारों लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है, साथ ही जिले में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू होंगी।

लंबे समय से प्रतीक्षित बागपत बस अड्डे का शुभारंभ इसी वर्ष होने जा रहा है। बस अड्डा पूरी तरह बनकर तैयार है और जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा। यह जिले की एक प्रमुख मांग थी। दिल्ली से अक्षरधाम तक एलिवेटेड रोड को स्थायी रूप से शुरू किया जाएगा, जो वर्तमान में ट्रायल के लिए खुला है। इसके अलावा, बागपत से देहरादून तक का सफर भी आसान होगा। इस मार्ग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और दो से तीन महीने में इसका भी शुभारंभ होने की संभावना है। वर्ष 2026 में बली गांव में अमूल का दूध प्लांट भी तैयार होगा। यह प्लांट हजारों लोगों को रोजगार प्रदान करेगा। इसका निर्माण कार्य जल्द शुरू होकर पूरा होने की उम्मीद है। इस वर्ष कई आवासीय कॉलोनियां भी विकसित की जाएंगी, जिससे जरूरतमंद लोगों को अपना घर मिल सकेगा। अग्रवाल मंडी टटीरी में भी सैकड़ों लोगों को आवास उपलब्ध होंगे। बागपत के ऐतिहा. सिक पुरा महादेव मंदिर को काशी विश्वनाथ की तर्ज पर विकसित करने के लिए जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो गया है। इसके अतिरिक्त, अग्रवाल टटीरी में बन रहा ओव. रब्रिज और अहेड़ा गांव के पास रेलवे ओवरब्रिज भी 2026 में शुरू हो जाएंगे। शिक्षा के क्षेत्र में खट्टा प्रहलादपुर गांव में आईटीआई कॉलेज और पाबला गांव में महिला डिग्री कॉलेज बनकर तैयार हैं, जिनका जल्द ही शुभारंभ होगा। मितली गांव में मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी शीघ्र शुरू होगा। बागपत में इस वर्ष सैकड़ों नए उद्योग स्थापित होंगे, जो बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करेंगे। जिले को लगातार विकास की नई गति मिल रही है, और 2026 बागपत के लिए विकास की नई रफ्तार लेकर आया है।




## टॉवर पर काम करने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिवार मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदीनगर।** शारफाबाद गांव निवासी अफसर पुत्र आकिल 35 वर्षीय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अफसर मेरठ के जानी गांव के एक ठेकेदार जो अफसर का रिश्तेदार भी था। अपने गांव के अन्य साथियों के साथ टावर पर काम करने के लिए करीब 15 दिन पहले हैदराबाद गया था।

बताया जा रहा है कि काम पूरा होने के बाद जब सभी लोग वापस लौट रहे थे, उसी दौरान रास्ते मे अफसर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिनमें दो पुत्र और एक पुत्री शामिल हैं। अफसर ही परिवार का एकमात्र कमाने वाला था। उसकी मौत के बाद परिवार के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौत के कारणों को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। परिजन मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

## विकास करना सुधा तोमर की पहली प्राथमिकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बोहला जोनमाना गांव में नव वर्ष के उपलक्ष में वार्ड नंबर 10 से जिला पंचायत सदस्य पद की भावी प्रत्याशी सुधा तोमर का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। सुधा तोमर ने गांव के सम्मानित लोगों का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि गांव के सम्मानित लोग जो मुझे अपना समर्थन दे रहे हैं मैं हमेशा आपके सम्मान में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ूंगी। यह चुनाव मेरा चुनाव नहीं आप लोगों का चुनाव है। आपकी सेवा में कोई कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। आप लोगों का मान सम्मान हमेशा रहेगा। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी विक्की उर्फ अनुज तोमर ने कहा कि विकास करना सुधा तोमर की पहली प्राथमिकता होगी सभी लोगों के साथ मिलकर क्षेत्र की समस्याओं को दूर किया जाएगा। वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व प्रधान बाबूराम तोमर ने कहा कि सुधा तोमर आप लोगों के बीच हमेशा कंधे से कंधे मिलाकर चलने का काम करेगी। हमें सुधा तोमर को अपना आशीर्वाद देकर वार्ड नंबर 10 से जिला पंचायत सदस्य के पद पर विराजमान करना है। इस मौके पर गांव के सैकड़ो लोग उनके साथ मौजूद रहे। सुधा तोमर ने क्षेत्र के लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सभी को धन्यवाद दिया। विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है।



## गोकुला सिंह जाट के बलिदान दिवस पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय दिल्ली बस स्टैंड पर नववर्ष के अवसर पर कांग्रेस पदा. धिकारीयो कार्यकर्ताओं ने भरतपुर के संस्थापक महान शक्तिशाली योधा महाराजा सूरजमल के वंशज वीर गोकुला सिंह जाट के बलिदान दिवस के अवसर पर उनकी तशवीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी वीरता को भावपूर्ण स्मरण करते हुए शत नमन किया। विचार गोष्ठी का आयोजन किया। उनके महान जीवन पर प्रकाश डाला गया। गोष्ठी की अध्यक्षता शहर उपाध्यक्ष बिजेन्द्र शर्मा ने की तथा संचालन शोकेन्द्र तोमर ने किया। शोकेन्द्र तोमर ने कहा वीर गोकुला सिंह जाट ने अपने पूर्वजों के नक्शे कदम चलते हुए मुगल शासको के अत्याचारों अन्याय के खिलाफ बगावत करते हुए मानवता धर्म रक्षा के लिए 1जनवरी 1670 को हंसते हंसते बलिदान कर दिया। उनकी वीरता अदम्य साहस पराक्रम को कभी भुलाया नहीं जा सकता उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रामरंग पंवार देवेन्द्र शर्मा रामलखन प्रवेज डा सुभाष शर्मा औमबीर दुहण मो. हसिन महेन्द्र भगत उपस्थित रहे।




## 4 जनवरी को ढिकोली में की जाएगी समाज मे फ़ैल रहे नशे के खिलाफ पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह की जयंती पर घोषणा की गयी थी कि जाट महासभा जिले मे बढ़ती नशा खोरी के खिलाफ अभियान चलाएगी। 29 दिसम्बर को जाट महासभा के बैनर तले जिले के प्रभुद्ध लोगो ने बड़ी संख्या मे जिलाधिकारी कार्यलय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया था। अब ढिकोली गाँव मे पंचायत कर लोगो को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जायेगा, पंचायत मे भाग लेने के लिए विशेष रूप से युवाओं को आहवान किया गया है क्योंकि युवा वर्ग ही नशे की लत मे अपने भविष्य को बर्बाद कर रहे है, आगामी पंचायत चुनाव को नशा मुक्त करने की लिए भी पंचायत मे निर्णय लिए जायँगे।

## कुष्ठ आश्रम में कंबल व भोजन वितरित

**धामपुर।** राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन एवं फौजी प्रथम फिजिकल अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीती देर शाम दोनों संस्थाओं के पदाधिकारी कुष्ठ आश्रम पहुंचे, जहां आश्रम में रह रहे पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को कंबल व भोजन वित. रित किया गया। भीषण ठंड और शीतलहर को देखते हुए संस्थाओं द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर ठिठुरते जरूरतमंद लोगों को भी कंबल और भोजन उपलब्ध कराया गया। जानक. ारी के अनुसार लगभग 40 कंबलों का वितरण किया गया। कंबल और भोजन पाकर आश्रमवासियों के चेहरों पर संतोष और खुशी दिखाई दी। आश्रमवासियों ने सेवा कार्य में लगे लोगों की सराहना करते हुए इसे मानवता की मिसाल बताया। कार्यक्रम के दौरान संस्थाओं के पदाधिकारियों ने आश्रम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर वहां रहने वाले लोगों की समस्याओं की जानकारी भी ली।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **अक्षय रस्तोगी** और पुत्रवधू **कनिका रस्तोगी** हमारे कहने-सुनने में नहीं हैं। उक्त दोनों को हम अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करते हैं। भविष्य में उक्त दोनों के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**संजय रस्तोगी** पुत्र रामौतार रस्तोगी **व अर्चना रस्तोगी** पत्नी संजय रस्तोगी, निवासीगण-वार्ड नं0 24, मौ0 निकट पंजाबी मन्दिर, कस्बा बिसौली, तहसील बिसौली, जिला बदायूं।

**सूचना**

मेरी पत्नि व पुत्री व पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पत्नि रेखा व पुत्री तनु व पुत्र हिमांशु से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

अशोक पुत्र जगमाल निवासी ग्राम घिटौरा थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सूरज से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

रामनिवास पुत्र सुखबीरा निवासी ग्राम निरपुड़ा थाना दोघट जनपद बागपत।

## मंदिर के 16वें स्थापना दिवस पर किया प्रसाद वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर के सिसाना मार्ग स्थित बालाजी मंदिर के स्थापना दिवस पर बृहस्पतिवार को खांडारा कर प्रसाद वितरित किया गया। जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

नगर के मिंटू चौहान ने बताया कि नगर के सिसाना मार्ग पर 16 वर्ष पूर्व बालाजी मंदिर की स्थापना कराई गई थी। बृहस्पवितार को मंदिर स्थापना के 16 वर्ष पूरे होने पर मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हलवा-पूरी और सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे से पूर्व बालाजी मंदिर में सजाया गया। इसके उपरांत विधि-विधान से बालाजी का पूजन और भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया गया। मंदिर में लगाए गए भंडारे में हजारों लोगों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अजब सिंह, गुर्जर, सतेंद्र चौहान, संदीप चौहान, रोहित शर्मा, प्रियवंदन, विशेष जैन, कल्लु, अनिल कुमार, हिमांशु शर्मा समेत अन्य श्रद्धालुओं का सहयोग रहा।



## पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने किया पालिका में हंगामा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सराय मोहल्ले में 15 दिन से नगर पालिक की ओर से की जा रही पानी की सप्लाई बंद है। मोहल्ले के सरकारी नल खाी ठप पड़े है, जिससे लोगों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बृहस्पवितार को मोहल्ले की महिलाओं और लोगों ने पालिका में हंगामा किया। उन्होंने पालिका के अधिकारियों से समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग की।

मोहल्ले के लोगों का कहना था कि 15 दिन से पानी की सप्लाई बंद पड़ी है। मोहल्ले में लगा सरकारी नल खाी ठप पड़ा है। लोगों को दूसरे मोहल्ले या फिर समरसिबलके सहारे पानी की व्यवस्था करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। पहले भी समस्या का समाधान कराने की मांग की गई थी, मगर समस्या का समाधान नही हुआ। उन्होंने बृहस्पतिवार को नगर पालिका में हंगामा कर समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग की। नगर पालिका के अधिकारियों ने लोगों को कर्मचारी खोजकर पेयजल लाईन की जांच कराकर सप्लाई शुरू करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सलीम, नईम, हासिम, हामिद, मास्टर हनीफ, जम्मो समेत अन्य महिला व लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ आगाज

## पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में गुरुवार से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की औपचारिक शुरुआत हो गई। यह विशेष अभियान 1 जनवरी से 31 जनवरी 206 तक चलेगा, जिसे इस वर्ष 'जीरो फेटैलिटी माह' के रूप में मनाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना, दुर्घटनाओं से होने वाली जान-माल की क्षति को रोकना और सड़क सुरक्षा को आमजन की सहभागिता से एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप देना है।



अभियान के शुभारंभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन संचालन और जिम्मेदार नागरिक व्यवहार के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें अपनी भूमिका निभानी होगी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चलाया जा रहा यह अभियान 4-ई मॉडल पर आधारित है। इसमें प्रवर्तन के तहत नियमों का सख्त अनुपालन, इंजीनियरिंग के माध्यम से सड़क संरचना में सुधार, शिक्षा द्वारा जन-जागरूकता और आपातकालीन देखभाल के जरिए दुर्घटना के बाद त्वरित सहायता पर विशेष जोर दिया जाएगा। यातायात पुलिस द्वारा विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, तेज रफ्तार से बचने और नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें और अपनी सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की जान की भी जिम्मेदारी समझें। इस अवसर पर अपर जिला. धिकारी संदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, एआरटीओ छवि चौहान, एआरटीओ रमेश चौबे सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# ताहिर बावर्ची बने विवाह समारोह की शान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िप के प्रतिष्ठित मैरिज होम नवाब साहब पैलेस में 28 दिसंबर को आयोजित विवाह समारोह में जब मेहमानों ने भोजन का स्वाद चखा, तो हर जुबान पर सिर्फ एक ही नाम था ताहिर बावर्ची। अपनी अनूठी पाककला और वर्षों के अनुभव से ताहिर बावर्ची ने समारोह को स्वाद की यादगार सौगात दे दी।

शादी समारोह में प्रस्तुत किए गए व्यंजनों की खुशबू, स्वाद और विविधता ने उपस्थित मेहमानों को खासा प्रभावित किया। वेज और नॉन-वेज दोनों श्रेणियों में तैयार किए गए पकवान न केवल स्वाद में बेहतरीन थे, बल्कि उनकी साज-सज्जा और परोसने की शैली ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया। मेहमानों का कहना था कि भोजन में मसालों का संतुलन और शुद्धता साफ झलक रही थी, जो किसी अनुभवी बावर्ची की पहचान होती है। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने खुले मंच से यह स्वीकार किया कि ताहिर बावर्ची के हाथों का स्वाद लंबे समय तक याद रखा जाएगा। ताहिर बावर्ची की मेहनत और समर्पण से प्रभावित होकर लड़की पक्ष के परिवारजनों ने उन्हें ट्रैकसूट एवं नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर परिवार के सदस्य, रिश्तेदारों के साथ-साथ स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी, पुलिस विभाग के अधिकारी तथा इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट मीडिया के पत्रकार भी मौजूद रहे।



# सर्दियों में रखें अपने दिल का ख्याल: डा. दिनेश कुमार भारती

**रोबिन शर्मा**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सर्दी का मौसम सेहत के लिए अच्छा होता है लेकिन दिल के मरीजों को हार्ट अटैक बढ़ने की संभावना इस मौसम में ज्यादा होती है। एक अनुमान के मुताबिक सर्दियों में हार्ट अटैक का खतरा गर्मी के मौसम की तुलना में लगभग 52 फीसदी ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए अपने खानपान, दिनचर्या में इन दिनों खास ध्यान रखने की जरूरत होती है।

एसीएमओ डॉक्टर दिनेश कुमार भारती ने बताया कि हार्ट अटैक हर समय छाती में दर्द के साथ ही आए ऐसा जरूरी नहीं है। कई और लक्षण ऐसे हैं, जिन्हें अक्सर लोग हल्के में लेते हैं, जैसे यदि कंधों या हाथ में दर्द को कई बार हम यह समझ लेते हैं कि शायद गलत ढंग से सोने के कारण ऐसा हुआ है तो यह नहीं है। कई बार कंधों व बाजुओं में दर्द होने के साथ ही कमर, जबड़े या गले में दर्द होना भी हार्ट अटैक के लक्षण हैं। हार्ट अटैक के इन लक्षणों के समय मरीज को जितना जल्दी हो सके डिस्प्रिन की गोली देना फायदेमंद है। इससे खून का थक्का नहीं जमता है। यह खून का थक्का घोलने की स प्रक्रिया भी शुरू कर देता है। सर्दी के मौसम में हार्ट अटैक का खतरा के बढ़ जाता है। ठंड हमारे शरीर के सिम्पथेटिक रख सिस्टम को उत्तेजित करता है, जिससे हार्ट में रक्त का प्रवाह काफी बढ़ जाता है, साथ ही धड़कन बढ़ जाती है। इसलिए यह जरूरी है कि तेज ठंड में काफी जल्दी सुबह घूमने न जाएं। बेहतर है कि गर्म कपड़े पहनकर एवं थोड़ी धूप निकलने पर ही व्यायाम करें। अक्सर लोग सोचते हैं कि केवल वसा युक्त भोजन लेने से ही हृदय संबंधी रोग होने का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन हाल ही में हुए शोध से पता चला है कि, वसा युक्त भोजन से जै ज्यादा कार्बोहाइड्रेट यानि ज्यादा शुगर युक्त भोजन हृदय संबंधी रोगों का एक बड़ा कारण हैं। इसलिए आहार में शुगर कार्बोहाइड्रेट की मात्रा को नियंत्रित करके हृदय संबंधी रोग से सुरक्षित रह सकते हैं। अतः गुनगने पानी से नहाएं। हार्ट अटैक के लक्षणों को पहचानें। किसी भी तरह के छाती में दर्द, अत्यधिक पसीना या सांस फूलने पर सतर्क हो जाएं। हार्ट डिजीज के मरीज इमरजेंसी मेडिसिन जैसे जीभ के नीचे रखने वाली नाइट्रेट अपने साथ रखें व तुरंत आवश्यकतानुसार उपयोग करें।



# जीएस विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नववर्ष 2026

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस विश्वविद्यालय परिसर में नववर्ष 2026 का स्वागत बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेडिकल डायरेक्टर डा. रूपाली शर्मा ने कहा कि अस्पताल एवं विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। किसी भी संस्थान की उन्नति वहां कार्यरत कर्मचारियों की निष्ठा, परिश्रम और आमजन के विश्वास पर निर्भर करती है। उपनिदेशक मनोज शिशौदिया ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया साल जीवन में नई बहार की तरह आता है। नववर्ष के अवसर पर लोगों के मन में नई उम्मीदें, नई आकांक्षाएं और नई उमंगें जन्म लेती हैं, जो हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। कार्यक्रम के दौरान उपनिदेशक एसएन सिंह ने भी नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कर्मचारियों को अनुशासन, परिश्रम और निरंतर सफलता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नए वर्ष में सकारात्मक सोच अपनाने और अपने लक्ष्यों के प्रति पूर्ण समर्पण बनाए रखने का आहवान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य, शैक्षणिक उन्नति तथा सभी के सुखद एवं सफल जीवन की कामना के साथ किया गया। इस अवसर पर डीन डा. प्रदीप गर्ग, आपरेशन हेड अनुराग, मार्केटिंग हेड अजय भट्ट सहित अस्पताल एवं विश्वविद्यालय के अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नववर्ष पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया धनीराम शर्मा वैलनेस सेंटर का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नववर्ष 2026 के अवसर पर गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी किशनगंज स्थित धनीराम शर्मा वैलनेस सेंटर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वैलनेस सेंटर में उपचाररत रोगियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि धनीराम शर्मा वैलनेस सेंटर समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जब भी संस्था को उनकी आवश्यकता होगी, कांग्रेस पार्टी की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। वैलनेस सेंटर से जुड़े लोगों ने बताया कि उनकी संस्था पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद रोगियों की सेवा कर रही है तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। संस्था द्वारा किए जा रहे इस मानवीय कार्य की कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने खुले दिल से प्रशंसा की। इस अवसर पर वैद्य करुण शर्मा एवं वैद्य वरुण शर्मा ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विक्की शर्मा एवं हैदर अली सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# भाकियू संघर्ष अराजनैतिक का संगठन विस्तार, की गई नई नियुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह गुर्जर के दिशा-निर्देशों पर गुरुवार को संगठन का विस्तार किया गया। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पदों पर नई नियुक्तियाँ की गईं।



संगठन विस्तार के तहत कमाल मंसूरी को प्रमुख महासचिव पश्चिमी उत्तर प्रदेश, वसीम मेवाती को प्रदेश उपाध्यक्ष, दिनेश जाटव को प्रदेश सचिव तथा विजेंद्र जाटव को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पदम सिंह निमेष द्वारा विधिवत नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य किसानों के हितों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं को मजबूती से शासन-प्रशासन के समक्ष उठाना तथा किसान आंदोलन को संगठित और प्रभावी बनाना है। नई नियुक्तियों से संगठन को पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश में और अधिक मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं और अपेक्षा जताई गई कि वे संगठन की नीतियों के अनुरूप कार्य करते हुए किसानों के हक की लड़ाई को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से आगे बढ़ाएंगे।

## एक नजर

# पुलिस ने 12 खोए मोबाइल लौटाकर लोगों के चेहरे पर लोटाई मुस्कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नववर्ष के अवसर पर हापुड़ पुलिस ने आमजन को राहत देते हुए एक उल्लेखनीय कार्य किया है। विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गुम हुए 12 मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिया। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 25 हजार रुपये बताई जा रही है। मोबाइल फोन वापस मिलने पर पीड़ित नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने हापुड़ पुलिस की तत्परता व कार्यशैली की खुलकर प्रशंसा की। यह कार्रवाई जनपद में चलाए जा रहे गुमशुदा मोबाइल बरामदगी अभियान के अंतर्गत की गई। इस सफलता के पीछे थाना देहात प्रभारी नीरज कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। टीम ने भारत सरकार द्वारा संचा. लित सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तकनीकी सहायता के माध्यम से मोबाइल फोन को ट्रेस किया और उन्हें बरामद किया। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन केवल बातचीत का माध्यम नहीं रह गए हैं, बल्कि इनमें व्यक्तिगत दस्तावेज, बैंकिंग जानकारी और व्यावसायिक डाटा सुरक्षित रहता है। ऐसे में मोबाइल खो जाना आम नागरिकों के लिए बड़ी चिंता का विषय बन जाता है। पुलिस की इस पहल से लोगों का भरोसा कानून व्यवस्था पर और अधिक मजबूत हुआ है।

पुलिस प्रशासन ने जनसामान्य से अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम हो जाए, तो घबराने के बजाय तत्काल सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं और नजदीकी थाने को इसकी सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बालाजी के जयकारों संग भक्तों ने किया नववर्ष का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नववर्ष के पावन अवसर पर हापुड़ के दिल्ली रोड स्थित अछेजा पुल पर बने दिव्य धाम बालाजी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्‌भुत संगम देखने को मिला। बालाजी महाराज के जयकारों के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नए साल की शुरुआत की। इस अवसर पर मंदिर के संस्थापक स्वामी अशोकाचार्य जी महाराज एवं पीठाधीश्वर स्वामी यश्वर्धनाचार्य महाराज के सान्निध्य में बालाजी महाराज की कृपा से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।

भजन संध्या में श्रीधाम गोवर्धन से पधारे प्रसिद्ध कथा वक्ता स्वामी विष्णु प्रिय दास महाराज ने बालाजी महाराज के दर्शन कर जयकारों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर बालाजी महाराज के आंगन में झूम उठे। भव्य भजन संध्या के दौरान निरंजनी अखाड़ा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं अंतर्राष्ट्रीय एंटी टैररिस्ट फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी गुरसिमरन सिंह मंड का भी पावन आगमन हुआ। कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# पुलिस का बड़ा एक्शन, 30 संगठित अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में अपराध पर निर्णायक प्रहार करते हुए पुलिस ने अब तक की सबसे कड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रें में सक्रिय 30 कुख्यात अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान में संगठित अपराध से जुड़े गिरोहों को चिन्हित कर यह बड़ी कार्रवाई की गई, जिससे अपराधियों में भय और बेचौनी का माहौल बन गया है।



पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि ये अपराधी लंबे समय से वाहन चोरी, बाइक चोरी, नकब. जनी, मंदिरों में चोरी, बंद मकानों व दुकानों में सेंधमारी तथा पशु चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। कई बार जेल जाने के बावजूद अपराध से दूर न रहने वाले इन बदमाशों पर अब गैंगस्टर एक्ट के तहत सख्त शिकंजा कसा गया है। बागढ़ थाना क्षेत्र में सक्रिय बाइक चोर गिरोह के सदस्य वाहिद पटना मुरादपुर और हर्षित गोहरा आलमग. ीरपुर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि दोनों के खिलाफ पहले से कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। धौलाना थाना क्षेत्र में मकानों और वाहनों की चोरी में लिप्त शावेज पिपलैड़ा तथा शहजाद उर्फ मंडी शेखपुर खिचरा को गैंगस्टर एक्ट के तहत नामजद किया गया है। थाना प्रभारी मनीष चौहान के अनुसार यह गिरोह ग्रामीण और शहरी इलाकों में सक्रिय था। थाना देहात क्षेत्र में पशु चोरी के मामलों में शामिल मोहसिन रतूपुरा, अमन पुरानी चुंगी, जुबैर और नईम आवास विकास कॉलोनी पर कार्रवाई की गई है। नगर कोतवाली क्षेत्र में सक्रिय देवेंद्र त्यागी उर्फ गुल्लू, रीनू उर्फ रेनू, लक्ष्मी देवी, जगरोशनी, रजनी, संजीत कुमार, निशांत उर्फ डोम और ऋषभ कुमार को गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत अभियुक्त बनाया गया है। इसके अलावा पिलखुवा कोतवाली में अमर, विकास और रविंद्र, बहादुरगढ़ थाना में नौशाद और सलमान तथा गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में कुलदीप भावनपुर, मेरठ और जैद लिसाड़ी गेट को भी गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई में शामिल किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। गैंगस्टर एक्ट में नामजद अपराधियों की अवैध संपत्तियों को कुर्क करने और उनके आपराधिक नेटवर्क को ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस अब पूरी तरह से जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है।

# नववर्ष पर डीएम का मानवीय संवेदना: वृद्धाश्रम में बुजुर्गों संग मनाया उत्सव

■ **वृद्धजनों के बीच नववर्ष उत्सव जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम में मनाया नववर्ष, बुजुर्गों को दिया स्नेह और सम्मान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नववर्ष के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपद के ताशका मझरा स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण कर वहाँ निवासरत बेसहारा एवं निराश्रित वृद्धजनों से भेंट की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए वृद्धजनों को कंबल वित. रित किए तथा स्वयं कंबल ओढ़ाकर उन्हें स्नेहपूर्वक ठंड से बचाव का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने वृद्धजनों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य एवं दैनिक आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने न केवल बुजुर्गों के साथ समय बिताया बल्कि अपने हाथों से उनके थालियों में भोजन परा. ेसते हुए उनके साथ बैठकर भोजन भी किया, जिससे वृद्धजनों में अपनत्व और सम्मान की भावना झलकी। नववर्ष के अवसर पर जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ केक काटकर नववर्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं अपने हाथों से बुजुर्गों को शॉल ओढ़ाई तथा मिठाई वितरित कर उनके प्रति स्नेह एवं सम्मान व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारी अमूल्य धरोहर हैं और उनकी देखभाल करना शासन एवं समाज दोनों की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा वृद्धजनों की सुरक्षा, सम्मान एवं सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल, दवाइयों की उपलब्धता एवं सुरक्षा प्रबंधों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं आश्रम प्रबंधन को निर्देशित किया कि वृद्धजनों को समय समय पर पौष्टिक भोजन, आवश्यक दवाइयां एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित की जाए।



# डीएम और एसपी ने जरूरतमंदों को किए कंबल वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शीतलहर से प्रभावित जरूरतमंद एवं निराश्रित व्यक्तियों को कंबल वितरित किए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शीतलहर के दृष्टिगत शासन के निर्देशों के अनुरूप जनपद में किसी भी व्यक्ति को ठंड से प्रभावित न होने दिया जाए, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि शीत ऋतु के दौरान जनपद में रैन बसेरों का सुचारु संचालन, कंबल वितरण तथा अन्य आवश्यक राहत कार्य निरंतर किए जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीतलहर से बचाव के सभी उपायों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर तत्काल समाधान किया जाए।



# टायर कारोबारी से साढ़े 32 लाख की धोखाधड़ी

## लुधियाना की कम्पनी के निदेशकों व प्रबंधक पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** टायर कारोबारी के साथ पंजाब की एक कंपनी द्वारा लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। स्क्रैप में टायर खरीदने के बाद भुगतान न करने और धमकी देने के आरोप में पुलिस ने कंपनी के निदेशकों और प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जोया के संभल चौराहा स्थित मोहल्ला इस्लामनगर निवासी अब्दुल मुत्तलिब जोया में टायर हाउस चलाते हैं, वह स्क्रैप में टायर खरीदते हैं। बीते कई सालों से उनका कारोबार पंजाब के लुधियाना स्थित रिक्लेमेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ चल रहा था। आरोप है कि कंपनी के निदेशकों ने स्क्रैप में टायर खरीदने के बाद कभी भुगतान नहीं किया। कंपनी प्रबंधक लाल सिंह के द्वारा सिर्फ झूठे वादे किए गए, विश्वास करते हुए अब्दुल मुत्तलिब नियमित रूप से कबाड़ की सप्लाई करते रहे। बीते कुछ महीनो में कंपनी ने 32,55,326 का सामान खरीद लिया और रुपये नहीं दिए। पीड़ित कारोबारी अब्दुल मुत्तलिब ने तकादा किया तो आरोपियों ने धमकी देनी शुरू कर दी। कारोबारी अब्दुल मुत्तलिब का आरोप है कि रिक्लेमेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों ने प्रबंधक के साथ मिलकर धोखाधड़ी और षड्यंत्र करके रुपयों का गबन किया। पीड़ित कारोबारी ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में रिक्लेमेशन्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक करनजीत सिंह, पूनमजीत कौर, परमजीत सिंह और प्रबंधक लाल सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# जिले में शुरू हुआ आजीविका दीदी मार्ट

## महिला सशक्तिकरण की नई शुरुआत, डीएम ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नए साल के पहले दिन जनपद अमरोहा में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया गया। गजरौला को छोड़कर जिले के सभी विकास खंडों में आजीविका दीदी मार्ट का शुभारंभ किया गया। विकासखंड जोया एवं अमरोहा में जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने फीता काटकर मार्ट का उद्घाटन किया।



जिलाधिकारी ने कहा कि आजीविका दीदी मार्ट उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के लिए स्थायी आजीविका का सशक्त माध्यम बनेगा। इससे महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार मिलेगा और वे आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेंगी। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर देते हुए अन्नपूर्णा भवनों को भी आजीविका मार्ट के रूप में विकसित करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक शौचालयों की महिला केयर टेकरों को स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार सफाई किट का वितरण किया गया, जिसका भुगतान ग्राम पंचायतों द्वारा सीधे समूहों के खातों में किया जाएगा। आजीविका दीदी मार्ट के माध्यम से टॉयलेट क्लीनर, फिनायल, झाड़ू, मसाले, जूट बैग, शहद, देसी घी, अनाज, आचार, वस्त्र एवं अन्य घरेलू उत्पादों की बिक्री की जाएगी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं मौजूद रहीं।

# चोरों ने ट्रांसफार्मर से उपकरण किए चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** चोरों ने ट्रांसफॉर्मर के भीतर का तेल व सामान को चोरी कर लिया। पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी है। बीती रात चोरों ने हैबतपुर मार्ग स्थित आम के बगीचे में रखे विद्युत ट्रांसफॉर्मर के तारों को काटकर उसमें तेल कवाल आदि सामान को चोरी कर लिया। चोर ट्रांसफार्मर की बॉडी को वहीं छोड़कर फरार हो गये। सुबह होने पर जब बाग स्वामी अरशद पुत्र रियाजुद्दीन निवासी मोहल्ला होली वाला मौके पर पहुंचे तो ट्रांसफार्मर की हालत को देखकर उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। अज्ञात चोरों के खिलाफ बाग स्वामी ने पुलिस को तहरीर दे दी है। एक सप्ताह पहले भी चोरों द्वारा घटनास्थल से कुछ दूरी के फासले से ट्रांसफॉर्मर के भीतर की कावल को चोरी कर लिया था। चोरों द्वारा हजारो रुपये का नुकसान किया गया है।

# मन्दिर के दानपात्र से नकदी चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मंदिर के दानपात्र से नकदी चोरी हो गई। यह घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र की पॉश अमरोहा ग्रीन कॉलोनी स्थित एक मंदिर में हुई। चोरी की पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

सीसीटीवी फुटेज में एक अज्ञात चोर दानपात्र को निशाना बनाते हुए उसमें रखी नकदी चुराते हुए साफ दिखाई दे रहा है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।मंदिर समिति और स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने जल्द ही इस चोरी का खुलासा करने का दावा किया है।

### कूड़े के ढेर में लगाई आग, दमकल ने पाया काबू

# रंजिशन किसान की झोपड़ी जलाने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** गांव चकरासी में रंजिशन आगजनी की घटना से हड़कंप मच गया। अज्ञात लोगों ने किसान की झोपड़ी के पास कूड़े के ढेर में आग लगा दी, जिससे झोपड़ी को जलाने की आशंका पैदा हो गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित किसान ने घटना को रंजिश से जोड़ते हुए पुलिस से शिकायत की है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र केगांव चकरासी में अज्ञात ने किसान की झोपड़ी के पास कूड़े के ढेर में रंजिशन आग लगा दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार से आग पर बमुश्किल काबू पाया। पीड़ित किसान ने रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच में जुटी है।जानकारी के मुताबिक गांव में किसान वीरपाल का परिवार रहता है। गांव से बाहरी छोर पर उनकी झोपड़ी है। झोपड़ी के पास ही कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। वीरपाल का आरोप है कि कुछ लोग उनसे रंजिश रखते हैं जिसके चलते उन्होंने झोपड़ी के पास कूड़े के ढेर में आग लगा दी। उनका आरोप है कि आरोपी झोपड़ी में ही आग लगाने आए थे लेकिन मंसूबा कामयाब नहीं होने पर कूड़े के ढेर में लगाकर भाग गए। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित वीरपाल का आरोप है कि आग में मुर्गी के बच्चे और बकरी झुलस गई हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना पुलिस से की है। सीओ अवधभान भदौरिया ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही।

# बिना डिग्री के इलाज करते डाक्टर गिरफ्तार

## क्लीनिक सील, एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** अवैध तरीके से क्लीनिक का संचालन करने वाले दानिश के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपी द्वारा नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया गया था। निरीक्षण के दौरान भी रजिस्ट्रेशन व डिग्री नहीं दिखाई थी। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

जोया सीएचसी प्रभारी डॉ.कुणाल पाराशर ने इस संबंध में डिडौली कोतवाली में तहरीर दी थी। उनके मुताबिक 18 दिसंबर को उन्होंने जोया ब्लाक क्षेत्र के गांव खैय्या माफी में एक क्लीनिक का निरीक्षण किया था। इसके क्लीनिक का संचालन दानिश द्वारा किया जा रहा था। उसके द्वारा क्लीनिक में मरीजों का उपचार किया जा रहा था। इस दौरान मौके पर दवाईयां और चेकअप में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी मिले थे। इस दौरान दानिश क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन से जुड़े दस्तावेज नहीं दिखा सका था, उसके पास कोई मेडिकल डिग्री भी नहीं थी। लिहाजा, क्लीनिक को सील कर दिया गया था। सीएमओ कार्यालय से क्लीनिक संचालक दानिश को नोटिस भेजा गया था लेकिन उसने नोटिस का भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में डॉ. कुणाल पाराशर की तहरीर पर क्लीनिक संचालक दानिश के खिलाफ धोखाधड़ी, इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट व राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# ट्रैक्टर हटाने को कहा, तो चालक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गेट के सामने खड़ी गाड़ी को हटाने के लिए कहने पर कुछ लोगों ने ट्रेक्टर चालक के साथ हाकी से मारपीट करके घायल कर दिया और ट्रेक्टर में भी तोड़फोड़ की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला फाजलपुर निवासी जमशेद खां गुरूवार को अपने घर से ट्रेक्टर निकालकर अपने खेत की ओर जा रहा था। रास्ते में गेट के बाहर एक व्यक्ति की गाड़ी खड़ी थी। उसने गाड़ी हटाने को

### ■ चार आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

कहा तो बाहर खड़े तसव्वर, गुलहसन, सद्दाम व आकिल ने ट्रेक्टर चालक के साथ गाली गलौच करते हुए हाकी से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया, जबकि उसके ट्रेक्टर में भी तोड़फोड़ की। जमशेद ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी तसव्वर, गुलहसन, सद्दाम व आकिल निवासी सलेमपुर रोड बस्ती गजरौला के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# गौरवशाली रहा है छत्रपति शिवाजी व महाराणा प्रताप का इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज व महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता चौधरी के पति चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने किया।

गुरूवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव फौंदापुर में आयोजित कार्यक्रम में समाज के लोगों ने ढ़ोल नगाड़ो के साथ नारेबाजी करके चौधरी भूपेन्द्र सिंह का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि हमें अपने महापुरषों से

### ■ पूर्व जिपं अध्यक्षा पति ने किया मूर्तियों का अनावरण

प्रेरणा लेने की जरूरत है। छत्रपति शिवाजी व महाराणा प्रताप का गौरवशाली इतिहास रहा है, उनके विचार और महानता हमेशा अमर रहेगी। इन महान योद्धाओं ने अपनी आन-मान-शान के लिए एक लंबी लड़ाई लड़ने का काम किया, ऐसे विभूती नमन के योग्य हैं। इस अवसर पर सतपाल चौहान, डूंगर सिंह महाशय, गैंदा सिंह चौहान, पप्पू चौहान, राजवीर चौहान, रामचंद्र सिंह चौहान, पुष्पेंद्र चौहान, दिनेश चौहान,



कमल सिंह चौहान, कुलदीप राजपूत, आदेश चौहान, जीतू चौहान, रामवीर चौहान, नौबहार चौहान, नरेंद्र चौहान, अमन सिरोही, रविन्द्र प्रधान, सतेंद्र प्रधान, अमन सिरोही मौजूद रहे।

# सिख युवक पर हमले की निदां

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बिजनौर में सिक्ख समाज के एक युवक के साथ दूसरे सम्प्रदाय के लोगों द्वारा किए गए प्राणघातक हमले की निंदा करते हुए जिला पंचायत सदस्य डॉ.सोरन सिंह ने गृहमंत्री व मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

भेजे गए पत्र के मुताबिक हाल ही में बिजनौर जनपद क्षेत्र में एक सिक्ख समाज का युवक बाल वीरों की शहादत की चर्चा करते हुए औरंगजेब के कृत्य को गलत

### ■ जिपं सदस्य ने गृहमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

बता रहा था, यह बात दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को ठीक नहीं लगी और उन्होंने एक राय होकर सिक्ख समाज के व्यक्ति के साथ मारपीट की और प्राणघातक हमला किया। वह सिक्ख युवक दिल्ली एम्स में भर्ती है। जिला पंचायत सदस्य डॉ.सोरन सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर घटना में शामिल आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# श्याम नाम की गूंज में हुए नए साल का स्वागत

## भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नए साल में क्या बाबा तू ऐसा कर देगा, खाली झोली मेरी खुशियों से भर देगा जैसे ही यह भजन गूंजा, श्री नवदुर्गा शिव मंदिर का प्रांगण श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हो गया। बुधवार रात नगर की टीचर कॉलोनी स्थित श्री नवदुर्गा शिव मंदिर में श्री खाटू श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में वर्ष 2025 की विदाई और 2026 के स्वागत के उपलक्ष्य में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।

पोष मास के शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी के अवसर पर दिल्ली से मंगाए गए फूलों से लखदातार श्याम सरकार का दिव्य श्रृंगार किया गया। इस दौरान श्याम बाबा की 318वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलित की गई। देर



रात तक चले भजन अखाड़े में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन गायक दीपक शर्मा, अर्पित कौशिक, शौर्य मित्तल, कृष वर्मा, देव शर्मा, सौरभ कौशिक, मीनू शर्मा, गोलू सांवरिया, लक्की अग्रवाल और आशु शर्मा ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। तेरी मोरछड़ी का झाड़ा लग जाए सांवरे, मेरी जो लाज है बाबा तेरे हाथ है, मेरे श्याम तेरे दर की तो बात निराली है जैसे भजनों पर मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। कदम-कदम पर रक्षा करने वाले श्याम बाबा के सेवादार दीपक शर्मा ने मोरछड़ी का झाड़ा लगाकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। द्वादशी के अवसर पर श्याम सरकार को केले, पेड़े, बिस्किट, हलुवा, गजक और गुड़-चना का भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर कृष, राजेश सैनी, सोनिया अग्रवाल, नरेंद्र, सुमित, मनोज, सचिन अग्रवाल, तेजपाल, सर्वेश शर्मा, सुमन, संदीप, राजकुमार, मोहित, नीरज रस्तोगी, विशाल, राखी, नमन, नूतन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# उड़न खटोले से दुल्हनिया लेकर पहुंचा कासिम

## हैलीकॉप्टर देखने को उमड़े ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दूल्हा नई नवेली दुल्हन को छत्तीसगढ़ से हेलीकॉप्टर में बैठाकर अपने घर पहुंच गया। परिवार वालो ने दुल्हा और दुल्हन का जोरदार किया। नई नवेली दुल्हा दुल्हन ओर हेलीकॉप्टर को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

थाना सैदनगली क्षेत्र के इकोंदा निवासी कासिम पुत्र जाहिद का छत्तीसगढ़ के कोरवा निवासी रुखसार से रिश्ता तय हुआ था। दूल्हे ने अपनी दुल्हन को हेलीकॉप्टर से घर ले जाने की दिल में उम्मीद पाल रखी थी। अपने दिल की ख्वाहिश को पूरा करने के लिए दूल्हे ने 2 दिन के लिए हेलीकॉप्टर को बुक किया था। बुधवार को





दूल्हा का प्रोग्राम दुल्हन को हेलीकॉप्टर से घर लाने का था। लेकिन खराब मौसम होने के कारण जब सिंगल नहीं मिला तो वह दुल्हन को लेकर नहीं आ सका था। गुरुवार की दोपहर मौसम साफ हुआ तो दूल्हा दुल्हन को लेकर उड़न खटोले उझारी में उतर गया। दूल्हा दुल्हन का स्वागत करने के लिए हेलीपेड पर ही जोरदार स्वागत किया गया। नए साल के दिन दुल्हा कासिम अपनी पत्नी रुखसार को हेलीकॉप्टर से लेकर जब घर पहुंचा तो हेलीपेड पर ही परिवार वालो ने दुल्हा दुल्हन का हैप्पी न्यू ईयर बोलकर मुबारकबाद दी। दुल्हा दुल्हन और हेलीकॉप्टर को देखने के लिए आसपास के गांवों के लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। हेलीकॉप्टर से दूल्हा दुल्हन को इलाके के लोगों ने पहली बार उतरते देखा है। इसलिए शादी का महत्व और बढ़ गया। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल वहां मौजूद रहा।

# भाजपा के लिए काम किया जान से मार दूंगा

## कार्यकर्ता से मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** थाना क्षेत्र में राजनीतिक रंजिश से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां भाजपा के लिए काम करने पर एक युवक को जान से मारने की धमकी देने और उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने थाना अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम हाशमपुर भूड़ निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र सतपाल सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर की रात करीब 8 बजे वह बछरायूं स्थित अल लजीज होटल पर खाना खाने गया था। इसी दौरान ग्राम लम्बिया निवासी गुड्डू उर्फ देवेंद्र सिंह वहां पहुंचा और बातचीत के बहाने उसे अपनी गाड़ी में बैठा लिया। पीड़ित के अनुसार आरोपी उसका पड़ोसी है, इसलिए उसने किसी अनहोनी की आशंका नहीं की। आरोप है कि गाड़ी में बैठते ही आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और कुछ दूर ले जाकर गाड़ी से उतारकर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपी ने खुलेआम धमकी दी कि यदि वह भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करेगा तो उसे जान से मार देगा। पीड़ित ने खुद को भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता बताया है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस से जान-माल की सुरक्षा और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 18 साल पहले रामपुर सीआरपीएफ सैंटर पर हुए आतंकी हमले में हुआ था शहीद

# शहीद आनन्द की प्रतिमा पर डीआईजी ने किया माल्यार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रामपुर सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पर हुए आतंकी हमले में शहीद हुए अमरोहा के लाल आनंद कुमार की शहादत को श्रद्धा के साथ याद किया गया। सीआरपीएफ के डीआईजी पूरन सिंह गांव देहरा पहुंचे और शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर परिजनों से मुलाकात की तथा बलिदान को नमन किया।

सीआरपीएफ के डीआईजी पूरन सिंह गुरुवार को क्षेत्र के गांव देहरा पहुंचे। 18 साल पहले रामपुर के सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पर हुए आतंकी हमले में शहीद हुए जवान आनंद कुमार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। बलिदान को याद करते हुए परिजनों से मुलाकात कर उनका हाल जाना।जानकारी के मुताबिक रामपुर में सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पर 18 साल पहले हुए आतंकी हमले में एक बलिदान अमरोहा से भी हुआ था। 31 दिसंबर 2007 की रात नए साल को लेकर जश्न के बीच आतंकियों से मुकाबले करते हुए नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव देहरा के रहने वाले जवान आनंद कुमार भी इसी हमले में शहीद हो गए थे। दरअसल, 25 अप्रैल 2001 को आनंद कुमार की भर्ती सीआरपीएफ में हुई थी। कुल छह साल आठ महीने की अपनी नौकरी में आनंद कुमार आसाम, जम्मू कश्मीर, मणिपुर आदि प्रदेश में तैनात रहे थे। इसके बाद उनकी तैनाती रामपुर के सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में हुई थी।शहीद का मान, देश का सम्मान का संदेश लेकर गुरुवार को सीआरपीएफ रामपुर ग्रुप सेंटर के डीआईजी पूरन सिंह दोपहर में 12 बजे गांव देहरा पहुंचे। यहां पहले उन्होंने गांव में स्थापित शहीद आंनद कुमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बलिदान को याद करते हुए डीआईजी पूरन सिंह ने जवानों को शहीद आनंद कुमार से प्रेरणा लेने की सीख दी।



# आत्महत्या केस की पैरवी करने पर हमला

## मारपीट कर जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** राहिल उस्मानी की आत्महत्या के मामले में पैरोकारी करने वाले रिश्तेदार शमशाद हसन के साथ बुधवार रात बिजनौर रोड पर कार सवार दो लोगों ने मारपीट की। उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वहीं, चार महीने बाद भी पुलिस इस चर्चित मामले अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट अदालत में दाखिल नहीं कर सकी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशी निवासी शमशाद हसन रिटायर्ड सीओ ताहिर उस्मानी के रिश्तेदार हैं। उनके बेटे राहिल की आत्महत्या से जुड़े मामले वह कोर्ट से लेकर कोतवाली तक पैरवी कर रहे हैं। एफआईआर के मुताबिक बुधवार रात लगभग नौ बजे वह अपनी दुकान बंद करके घर लौट रहे थे। रास्ते में वह कुछ सामान खरीदने के लिए दरगाह शाह विलायत चौराहे पर रुके थे। आरोप है कि उसी दौरान मोहल्ला जामा मस्जिद के रहने वाले बब्बू उर्फ उमर और गांव कालाखेड़ा के रहने वाला अनीस कार से उतर आए और शमशाद हसन को गालियां देने लगे। प्रॉपर्टी डीलर राहिल उस्मानी की आत्महत्या प्रकरण में पैरवी नहीं करने को लेकर धमकी दी। पीड़ित शमशाद हसन ने गालियां देने का विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घिरने के हालात भांप आरोपी कार में बैठ फरार हो गए। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मामले में आरोपी बब्बू उर्फ उमर और अनीस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# सर्विलांस सेल ने 51 मोबाईल फोन किए बरामद

**■ लगभग 20 लाख की अनुमानित कीमत के हैं मोबाइल फोन**
**उच्चाधिकारी एवं थाना स्तर से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही करते हुए किया गया बरामद**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा प्रदेश की कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण हेतु 10 प्राथमिकताएं निर्धारित की गयी है। जिसमें साइबर अपराध से मुकाबला भी एक प्राथमिकता है।

इन्ही प्राथमिकताओं का अनुपालन करने के क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद द्वारा दियेध्र गये आदेश के क्रम में एसपी के निर्देशन में एएसपी के कुशल पर्यवेक्षण में आमजन के मोबाईल फोन की गुमशुदगी के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर बरामद किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक, रामपुर के आदेश/निर्देश के अनुपालन में सर्विलांस टीम के अथक प्रयास से गुम हुए 51 अदद मोबाईल फोन बरामद किये गये, जिनकी अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये है।



गुरुवार को पुलिस कार्यालय में विद्यासागर मिश्र पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अनुराग सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा बरामद मोबाईल फोनों को नववर्ष के शुभ अवसर पर सम्बन्धित मोबाईल स्वामियों को सौपा गया। रामपुर पुलिस की इस सफलता पर नववर्ष के अवसर पर मोबाईल स्वामियों के चेहरे खिल उठे तथा खुशी की लहर दौड़ गयी। मोबाईल धारकों द्वारा बताया गया कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उन्हें अपना खोया हुआ मोबाईल वापस मिल पायेगा।

मोबाईल धारकों को सचेत किया गया कि अपने मोबाईल फोन की सुरक्षा जिम्मेदारी से करें। सर्विलांस सैल, रामपुर द्वारा पूर्व में भी मोबाईल फोनों को बरामद कर मोबाईल धारकों को उपलब्ध कराया जा चुका है।

उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी सर्विलांस सैल उ.नि. टीकाराम चौहान। उ.नि. जितेन्द्र कुमार सर्विलांस सैल, रामपुर। उ.नि. मंयक गोयल सर्विलांस सैल, रामपुर, मुख्य आरक्षी 1138 विनय कुमार सिहं सर्विलांस सैल रामपुर, मुख्य आरक्षी 1139 अनिल कुमार सैनी सर्विलांस सैल रामपुर, मुख्य आरक्षी 653 दीपक चाहल सर्विलांस सैल रामपुर, मुख्य आरक्षी 17 दिनेश सिहं सर्विलांस सैल/एसओजी रामपुर, आरक्षी 644 जय कुमार सर्विलांस सैल, रामपुर।

## अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग अभियान में 1170 वाहनों की गई जांच

**■ 27 वाहनों पर की गयी कानूनी कार्यवाही**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद रामपुर में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार सघन निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार 31 दिसम्बर 2025 को जनपद की सभी तहसीलों में प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर 09 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक विशेष जांच अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान प्रशासन, पुलिस तथा परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1170 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान यातायात एवं परिवहन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर एआरटीओ द्वारा 27 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की गतिविधि को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

## मोटरसाइकिलो मे भिड़ंत तीन व्यक्ती जख्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मोटरसाइकिल सवार आपस मे भिड़ गए जिसमे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ती जख्मी हो गए तीनो को नगर के निजी अस्पताल मे इलाज कराया जा रहा है।

नगर के मोहल्ला चाऊपुरा निवासी पप्पू अपने दो साथियी हरकेश परमा नन्द के साथ बुधवार की रात आठ बजे के करीब अपनी मोटरसाइकिल से मसवासी चौराहे से मसवासी आरहे थे जेसे ही नगर के पास वह पहुंचे नगर की तरफ से आरहे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने उनकी मोटरसाइकिल मे जोरदार टक्कर मार दी जिसमे वह तोनो व्यक्ती चोटिल हो गए टक्कर लगते ही आस पास के मौके पर पहुंच गए।

वहा पर मौजूद लोगो ने तोनो को नगर के निजी अस्पताल ले गए जहा उन तीनो का इलाज कराया जा रहा है वही दूसरी मोटरसाइकिल सवारो का पता नही चल पाया नही चल पाया है बताया जा रहा है की उनके भी चोटे लगी है।

## केक काट कर मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन, महिलाओं को बांटे कंबल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने केक काट कर राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीक का जन्मदिन मनाया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन के अवसर मोर्चा के जिला अध्यक्ष वसीम खान ने अपनी टीम के साथ मोहल्ला बाजोड़ी टोला स्थित कार्यालय पर महिलाओं को कंबल वितरित किए, कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जमाल सिद्दीकी की अच्छी सेहत और लम्बी उम्र की दुआ की। केक काट कर उन्हें बधाई दी।

इस मौके पर राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकघी के 5 साल के कार्यालय में किए गए कार्य मिल का पत्थर साबित होंगे।
जिसमें सूफी संवाद महा अभियान, मोदी मित्र अभियान,अल्पसंख्यक महिलाओं का शुक्रिया मोदी जी कार्यक्रम ,अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम सहित कई कार्यक्रम शामिल हैं। जमाल सिद्दीकघी ने अल्पसंख्यक समाज को भाजपा से जोड़ने के लिए जमीनी स्तर पर काम किया।

सूफी संवाद महा अभियानष कार्यक्रम के माध्यम से देश भर की दरगाहों तक पहुंचने और उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम किया। दरगाहों में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को बड़ी संख्या लोगों ने सुना।

इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष वसीम उपाध्यक्ष डॉ. यामीन, फसाहत खान ष राजू , सफवान खघन, मंडल अध्यक्ष इश्तियाक गौसी, रिजवान , समीना ताहिर, महक बी, महनाज. राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## नववर्ष पर भक्ति और प्रसाद का संगम, शिव मंदिर श्री बालाजी महाराज परिसर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर मोहल्ला कूचा देवी दास स्थित शिव मंदिर श्री बालाजी महाराज परिसर में भक्ति, सेवा और सद्भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में आयोजित खिचड़ी भोज में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया और नव वर्ष की शुरुआत पुण्य लाभ के साथ की।
सुबह से ही मंदिर में भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी। भगवान शिव और श्री बालाजी महाराज के दर्शन-पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। गरमागरम खिचड़ी की सुगंध से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया।
आयोजन से जुड़े सेवाभावी लोगों ने बताया कि खिचड़ी भोज का उद्देश्य नव वर्ष पर समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और सेवा भावना को मजबूत करना है।



इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक आयोजन लोगों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।
खिचड़ी भोज के सफल आयोजन में मंदिर समिति और स्थानीय श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। व्यवस्था, स्वच्छता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। अंत में आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं के सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** बार एसोसिएशन मिलक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सतीश चंद्र गंग. वार का स्वागत का सिलसिला जारी है। गुरुवार को सतीश चंद्र गंगवार एडवोकेट को पांचवीं बार बार एसोसिएशन मिलक का अध्यक्ष चुने जाने पर कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार समा. जसेवी एवं भाजपा नेता ने उनके आवास पर पहुंचकर पहुंचकर उनका शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बसंत कुमार एडवोकेट, चंद्रभान मित्तल, प्रशांत पटेल, विवेक कुमार एडवोकेट, बबलू गंगवार, सरनाम सिंह प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## रामपुर की सभी तहसीलों में प्रथम व तृतीय शानिवार को होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

**■ सम्पूर्ण समाधान दिवस हेतु डीएम ने जारी किया अध्यक्षता रोस्टर**
**■ डीएम के निर्देशन में जनपद भर में नियमित रूप से होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन माह के प्रथम तथा तृतीय शानिवार को जनपद की प्रत्येक तहसील में प्रात: 10:00 बजे से 02:00 बजे तक आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये है।

यदि निर्धारित दिवस पर अवकाश हो तो यह आयोजन अगले कार्य दिवस में किया जायेगा।

जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग किया जायेगा इसके अतिरिक्त अन्य तहसीलों में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार प्रतिभाग किया जायेगा।

जिलाधिकारी 03 जनवरी 2026 को तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे तथा शाहबाद में मुख्य विकास अधिकारी, मिलक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) व टाण्डा में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे।

इसी प्रकार जिलाधिकारी 17 जनवरी को जिलाधिकारी तहसील बिलासपुर, मुख्य विकास अधिकारी मिलक, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) स्वार एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील शाहबाद, 07 फरवरी 2026 को जिलाधिकारी तहसील मिलक, मुख्य विकास अधिकारी स्वार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सदर एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बिलासपुर, 21 फरवरी 2026 को जिलाधिकारी तहसील टाण्डा, मुख्य विकास अधिकारी बिलासपुर, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शाहबाद एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे।

07 मार्च 2026 को जिलाधिकारी तहसील स्वार, मुख्य विकास अधिकारी टाण्डा, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बिलासपुर एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मिलक, 21 मार्च 2026 को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी तहसील शाहबाद, मुख्य विकास अधिकारी सदर, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) टाण्डा एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील स्वार, 04 अप्रैल 2026 को जिलाधिकारी तहसील सदर, मुख्य विकास अधिकारी शाहबाद, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) मिलक एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) टाण्डा एवं 18 अप्रैल 2026 को जिलाधिकारी तहसील बिलासपुर, मुख्य विकास अधिकारी मिलक, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) स्वार एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) शाहबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे।

02 मई 2026 को जिलाधिकारी तहसील मिलक, मुख्य विकास अधिकारी स्वार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सदर एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बिलासपुर, 16 मई 2026 को जिलाधिकारी तहसील टाण्डा, मुख्य विकास अधिकारी बिलासपुर, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शाहबाद, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सदर, 06 जून 2026 को जिलाधिकारी तहसील स्वार, मुख्य विकास अधिकारी तहसील टाण्डा, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बिलासपुर, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील मिलक एवं 20 जून 2026 को जिलाधिकारी तहसील शाहबाद, मुख्य विकास अधिकारी तहसील सदर, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) तहसील टाण्डा एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील स्वार में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में जन शक्ति दल ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं पर किए जा रहे अत्याचार और कत्लेआम के विरोध में जन शक्ति दल एवं महिला मोर्चा जनपद रामपुर ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए उपजिलाधिकारी मिलक के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।
महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पूनम गंगवार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की कड़ी निंदा की। ज्ञापन में बताया गया कि बांग्लादेश में हिंदू समाज की बहन-बेटियों के साथ दुराचार, हत्याएं और हिंसक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। बीते 12 दिनों के भीतर तीसरे हिंदू युवक दीपू दास तथा कपड़ा फैक्ट्री में कार्यरत विजेंद्र विश्वास की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटनाओं से जन आक्रोश व्याप्त है।
इस अवसर पर जन शक्ति दल के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेशी कट्टरपंथियों का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया और भारत सरकार से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप कर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की।



ज्ञापन में प्रधानमंत्री से अपील की गई कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार एवं कत्लेआम को तत्काल रुकवाया जाए, जिससे वहां रह रहे हिंदू सुरक्षित जीवन जी सकें।
इस मौके पर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा पूनम गंगवार, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा विनीत गंगवार, नगर पदाधिकारी बृजपाल,ओमवीर, सहित अनेक कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जनजागरूकता अभियान का शुभारम्भ

**■ डीएम और एसपी ने सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पनवड़िया स्थित नुमाइश ग्राउण्ड में विशेष जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक



जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे स्वंय नियमों का पालन करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।
पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में प्रायः परिवार का कमाऊ सदस्य प्रभावित होता है, जिससे पूरे परिवार का भविष्य संकट में पड़ जाता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाएँ प्रायः छोटी-छोटी लापरवाहियों के कारण होती हैं। इसलिए यातायात नियमों की सही जानक. ारी और उनका ईमानदारी से पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि मानव जीवन की सुरक्षा के लिए हेलमेट और नियमों का पालन किया जाना चाहिए तथा इस संदेश को अपने परिवार, पड़ोसियों और समाज तक पहुँचाया जाना चाहिए।
इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित एनसीसी कैडेट्स, महिला पुलिस कर्मियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव, यात्रीकर अधिकारी होरीलाल वर्मा सहित समाजसेवी अवतार सिंह, एनसीसी कैडेट, महिला पुलिस आरक्षी एवं अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सेवा और संवेदना की मिसाल बना सीनियर सिटीजन क्लब ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कड़ाके की ठंड में जहां एक ओर आमजन अपने घरों में सिमटने को मजबूर हैं, वहीं सीनियर सिटीजन क्लब ने मानवीय संवेदना और सामा. जिक दायित्व का परिचय देते हुए जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी।
क्लब के तत्वावधान में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों को गर्म कंबल वितरित किए गए।
कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों, बेसहारा लोगों और गरीब परिवारों को प्राथमिकता दी गई। ठंड से ठिठुरते लोगों को जब कंबल मिले तो उनके चेहरे पर राहत और संतोष साफ नजर आया। क्लब के सदस्यों ने स्वयं आगे



बढ़कर कंबल वितरित किए और जरूरतमंदों का हालचाल भी जाना।
इस अवसर पर सीनियर सिटीजन क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के वंचित और कमजोर वर्ग की सेवा करना ही क्लब का मुख्य उद्देश्य है।
ठंड के इस मौसम में किसी जरूरतमंद को गर्माहट देना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। क्लब आगे भी इसी तरह समाजसेवी गतिविधियां करता रहेगा।
कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोग भी मौजूद रहे और सीनियर सिटीजन क्लब की इस पहल की जमकर सराहना की। लोगों ने इसे प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि यदि हर संस्था और व्यक्ति इसी भावना से आगे आए तो कोई भी जरूरतमंद ठंड में असहाय नहीं रहेगा। इस मौके पर प्रीति अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल ज्वेलरी, मीरा गुप्ता, मीरा अग्रवाल, नीता जैन, सोनिया गुप्ता, दीपा गुप्ता, भारत भूषण गुप्ता, रानी गुप्ता, अलका जैन, सीमा अरोड़ा, अंकित रस्तोगी, डॉक्टर हिमांशु गुप्ता, गौरव जैन, नीना रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## मरीजों के तीमारदारों को वितरित किए कम्बल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नव वर्ष के अवसर पर कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान, लखनऊ में मरीजों के परि. जनों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कंबल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शीत ऋतु में जरूरतमंद, मरीजों के परिजनों को राहत प्रदान करना रहा।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक, प्रो.एम.एल.बी.भट्ट रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "मरीजों की सेवा ही संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नर्सिंग ऑफिसर्स द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम मानवीय संवेदना, सेवा भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। ऐसे प्रयास सभी के मनोबल को बढ़ाते हैं।
कार्यक्रम, संस्थान के नर्सिंग



ऑफिसर्स द्वारा आयोजित किया गया जिसमे डा. विजेंद्र, डा.वरुण विजय, डा.प्रमोद गुप्ता, वित्त अधिकारी रजनीकांत वर्मा, पी.पी रावत, के.के. सिंह, नर्सिंग ऑफिसर करतार सिंह, ओमेश्वर, गजेंद्र, शिवम् अवस्थी, अतुल पाण्डेय, प्रशान्त कुमार, ओमेश, रोहित श्रीवास्तव, अशोक, मोहित, अर्चना एवं सुषमा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे स
कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मरीजों के परिजनों को कंबल वितरित किए गए।
संस्थान प्रशासन ने नर्सिंग ऑफिसर्स के इस सेवा कार्य के लिए उन्हें बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

## ग्रीन सिटी अस्पताल से बाइक चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार नगर स्थित ग्रीन सिटी अस्पताल पर मंगलवार की शाम मरीज का हाल चाल जानने आये जीटीसी कंप्यूटर संचालक नाजिम अली ने अपनी बाइक अस्पताल के बाहर खडी करके किसी मरीज का हाल चाल जानने के लिए गए थे वापस आने पर किसी अज्ञात चोर द्वारा बाइक चोरी कर ले गए। जिसकी तहरीर थाना कोतवाली स्वार मे दे दी गई है।
अस्पताल से बाइक चुरने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई इसी आधार पर पुलिस अज्ञात चोर की तलाश मे जुट गई है।

## थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने पत्रकारों को नववर्ष पर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी।** गुरुवार देर शाम नववर्ष के अवसर पर थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा द्वारा थाना परिसर में पत्रकार बंधुओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र में निष्पक्ष व जिम्मेदार पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाने और प्रशासन व जनता के बीच सेतु का कार्य करने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी वर्ष में भी पत्रकार बंधु सत्य, निष्पक्षता और



जनहित की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे।
सम्मान समारोह के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण रहा। जिसने गुलशाद अली अरविंद भटनागर इरफान खान मोहित शर्मा महफूज वारसी रामसेवक रस्तोगी नईम आजाद पंकज जोशी सुरेश नंदवंशी जाबिर पाशा सिंहराज सागर पत्रकारों ने भी थाना प्रभारी का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस-प्रशासन के साथ सहयोग बनाए रखने की बात कही। इस मौके पर थाना स्टाफ एवं क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बरेली में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह, 2026 का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत जनपद बरेली में गुरुवार को भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन बरेली सांसद एवं मुख्य अतिथि छत्रपाल सिंह गंगवार ने किया।

इस अवसर पर सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, नागरिकों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का माध्यम है। उन्होंने सभी से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की। सांसद ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई। समारोह के पश्चात सड़क सुरक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से परिवहन विभाग के प्रचार वाहन सहित कुल 07 वाहनों को सांसद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन पूरे जनपद में घूमकर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगे।

कार्यक्रम में अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय यातायात नियमों का पालन है। उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रणव झा ने स्वागत भाषण देते हुए बरेली मंडल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु किए गए प्रयासों की जानकारी दी और जनवरी माह में पुलिस विभाग, एनएचएआई, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा चलाए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में जनपद बरेली ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

# कौन बनेगा करोड़पति में 50 लाख जीतकर तेज बहादुर ने रचा इतिहास

■ किसान परिवार के बेटे की सफलता से क्षेत्र में खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** सेंथल नगर पंचायत के समीपवर्ती ग्राम बसुधरन जागीर के रहने वाले किसान परिवार के बेटे तेज बहादुर सिंह ने लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 लाख रुपये जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे इलाके में हर्ष और गौरव का माहौल है।

तेज बहादुर सिंह ग्राम बसुधरन जागीर निवासी लघु किसान चरन सिंह के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव से ही प्राप्त की और इसके बाद बरेली स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज से सिविल ट्रेड में आईटीआई की पढ़ाई पूरी की। कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर उन्होंने देश के सबसे चर्चित क्विज शो तक का सफर तय किया। महानायक अमिताभ बच्चन के साथ मंच साझा करते हुए तेज बहादुर ने आत्मविश्वास और ज्ञान का परिचय दिया और 50 लाख रुपये की धनराशि जीतने में सफलता हासिल की। एक करोड़ रुपये के प्रश्न पर विकल्पों को लेकर संशय होने के कारण उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए खेल को क्विट करने का निर्णय लिया।

तेज बहादुर के पिता वर्तमान में सरस्वती शिशु मंदिर में आचार्य (शिक्षक) पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्या भारती एवं उससे जुड़े पदाधिकारियों ने आचार्य सुपुत्र की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित कीं। सेंथल नगर में भी युवाओं और ग्रामीणों ने तेज बहादुर का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, मिठाई खिलाई गई तथा एक पेंसिल स्केच बनवाकर भेंट किया गया। तेज बहादुर की सफलता को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया जा रहा है।

## एक नजर

# पुलिस ने युवक को तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रहपुरा अंडरपास के पास से एक युवक को तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर एसआई पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, कांस्टेबल लवी कुमार ने टीम के साथ सुमित पुत्र भजनलाल निवासी भोलापुर थाना फतेहगंज पश्चिमी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 315 बोर तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी से कुछ अहम जानकारियां मिली हैं, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

# खबर निकालने का डाला दबाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मना करने पर यू ट्यूबर को मिली जान से मारने की धमकी**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम ईंध जागीर की बस्ती यासीन नगर के एक यू ट्यूबर पर खबर निकालने का दबाव बनाना और इंकार करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित यू ट्यूबर ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है।

ग्राम के यू ट्यूबर का कहना है कि वह बीडीसी सदस्य है। करीब तीन दिन पूर्व गांव का ही एक युवक अपने बहनोई के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र लेकर आया था और उस मामले में खबर निकालने का का दबाव बनाने लगा। बताया गया कि युवक के बहनोई ने उसके खिलाफ पहले से मुकदमा दर्ज करा रखा है और वह क्रास केस दर्ज कराने के उद्देश्य से खबर निकलवाना चाहता था। आरोप है कि यू ट्यूबर द्वारा खबर निकालने से मना किए जाने पर युवक उसके भाई और बहन भड़क गए और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि उन्होंने यू ट्यूबर को झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दे डाली। यू ट्यूबर का कहना है कि उक्त लोग आए दिन गांव में विवाद करते रहते हैं और झूठे मुकदमे दर्ज कराते रहते हैं। आरोप है कि युवक ने यू ट्यूबर को धमकी दी कि यदि वह दोबारा गांव में वोट मांगने आया तो उसे जान से मार देंगे। पीड़ित ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# देवरनियां पुलिस की दोहरी कार्रवाई से अपराधियों में मचा हड़कंप

**कोतवाली प्रभारी आशुतोष के नेतृत्व में शातिर पकड़ा, वांछित वारंटी भी दबोचा**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** नववर्ष 2026 की शुरुआत में ही देवरनियां पुलिस ने अपराध और अपराधियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए एक ही दिन में दो बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम देकर अपनी मुस्तैदी और प्रभावी कार्यशैली का परिचय दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश, पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बहेड़ी अरूण कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में कोतवाली देवरनियां पुलिस ने एक ओर अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया, वहीं दूसरी ओर न्यायालय से वांछित चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को भी उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार गुरुवार को करीब 03:22 बजे, नववर्ष के दृष्टिगत क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से होटल-ढाबों एवं संदिग्ध स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान ग्राम वसुपुरा फाटक के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रुकने का संकेत दिए जाने पर वह व्यक्ति भागने लगा, जिसपर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम साजिद पुत्र शमशाद, निवासी मोहल्ला मेला, कस्बा रिछा, थाना देवरनियां, जनपद बरेली बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अदद देशी तमंचा (पौना 315 बोर) तथा एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया। इस संबंध में कोतवाली देवरनियां पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अभिलेखों के अनुसार अभियुक्त पूर्व में भी मारपीट, गौवध अधिनियम एवं सार्वजनिक जुआ अधिनियम जैसे मामलों में संलिप्त रहा है। इस पूरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल दिवाकर सिंह, कांस्टेबल संदीप कुमार, उपनिरीक्षक ताजवर सिंह एवं उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह शामिल रहे।

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि कोतवाली क्षेत्र में अपराधियों, फरार वारंटियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

## वांछित वारंटी अभियुक्त भी दबोचा

इसी क्रम में कोतवाली देवरनियां पुलिस ने न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए वाद संख्या 482/21, धारा 138 एनआई एक्ट, थाना कोतवाली जनपद बरेली से संबंधित वारंटी अभियुक्त रामाशंकर पुत्र दाताराम, निवासी ग्राम सेमीखेड़ा, थाना देवरनियां, तहसील बहेड़ी, जनपद बरेली को उसके मकान से प्रातः करीब 10:20 बजे गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिस कारण उसके विरुद्ध वारंट जारी किया गया था। देवरनियां पुलिस की सतर्क निगरानी और प्रभावी कार्रवाई के चलते उसे उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर नियमानुसार समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## कोतवाली प्रभारी की हो रही कार्यशैली की सराहना

क्षेत्र में लगातार चेकिंग, गश्त, अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्रवाई और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी की कार्यशैली की आमजन में व्यापक सराहना हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उनके नेतृत्व में देवरनियां पुलिस ने अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को लेकर सख्ती बढ़ाई है, जिससे क्षेत्र में अपराधियों में भय और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है।

# नए साल में भी नहीं मिली ठंड से राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** लोगों को साल 2025 के अंतिम दिन भी ठंड से राहत नहीं मिली। न्यूनतम तापमान 24 घंटे में 4 डिग्री सेल्सियस से अधिक गिरने से रात काफी ठंडी रही। वहीं दिन में हल्की धूप खिलने के बाद भी राहत नहीं मिली। नए साल 2026 में भी ठंड से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने सुबह के समय हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया है। इसके बाद 6 जनवरी तक कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में कानपुर, बाराबंकी, शाहजहांपुर और चुर्क के बाद हरदोई के साथ बरेली का न्यूनतम तापमान सबसे कम 6.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 24 घंटे में 3.8 डिग्री सेल्सियस गिर गया। यह सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं दिन में हल्की धूप खिलने से अधिकतम तापमान में कुछ बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम 16.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** पुलिस ने गस्त के दौरान अपराधिक घटना की फिराक में घूमते एक युवक को 12 वोर के एक अवैध तमंचे व दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी हरेन्द्र सिंह ने बताया कि रात्रि गस्त के दौरान उनकी पुलिस टीम ने ग्राम बल्ली निवासी राजेश सक्सेना को शीशगढ़ बहेड़ी मार्ग पर डैम की तरफ जाने बाले कच्चे रास्ते से 12 वोर का एक अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में उपरोक्त ने बताया कि वह किसी अपराधिक घटना की फिराक में था कि पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़ा गया व्यक्ति अपराधिक प्रवृति का है। पहले भी तमाम अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

# नववर्ष पर देवरनियां पुलिस रही पूरी मुस्तैद रातभर चला सघन चेकिंग अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ठंड की परवाह किए बिना रेलवे स्टेशन, बाजारों और प्रमुख चौराहों पर की पैदल गश्त**

**बरेली।** नववर्ष के अवसर पर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली देवरनियां पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस बल ने कड़ाके की ठंड के बावजूद पूरी रात रेलवे स्टेशन, बाजारों, प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगातार भ्रमण कर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस सक्रियता से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही।

पुलिस ने रेलवे स्टेशन परिसर को संवेदनशील मानते हुए प्लेटफॉर्म, यात्री प्रतीक्षालय और आसपास के क्षेत्रों में पैदल गश्त की। आने-जाने वाले यात्रियों और संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की गई। देर रात तक पुलिस अधिकारी व कर्मचारी स्टेशन परिसर में मौजूद रहे, जिससे यात्रियों ने सुरक्षित महसूस किया। इसी क्रम में बाजारों और मुख्य मार्गों पर बैरियर लगाकर वाहनों की सघन चेकिंग की गई। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के कागजातों की जांच की गई। नशे में वाहन चलाने, तेज रफ्तार, स्टंटबाजी और हुड़दंग करने वालों पर विशेष नजर रखी गई। पुलिस ने चेतावनी दी कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ मौके पर ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि नववर्ष के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या कानून उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, यातायात बाधित करने या अमर्यादित व्यवहार करने वालों को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी ने आमजन से शांति और सौहार्द के साथ नववर्ष मनाने की अपील की। उन्होंने किसी भी आपात स्थिति या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत डायल 112 पर देने को कहा, ताकि पुलिस समय रहते कार्रवाई कर सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरे कोतवाली क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है, जिसका उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत करना और असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखना है।

पुलिस ने साफ किया है कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ बिना किसी ढिलाई के कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# नववर्ष पर एसबीआई बहेड़ी ने वरिष्ठ नागरिकों, पेंशनरों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बहेड़ी शाखा ने नववर्ष 2026 के अवसर पर एक ग्राहक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस गरिमामय कार्यक्रम में शाखा के वरिष्ठ नागरिक खाताधारकों, पेंशनरों और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋणधारक किसानों को सम्मानित किया गया।

यह आयोजन समाज के उन वर्गों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से किया गया था, जिन्होंने वर्षों से बैंक पर भरोसा बनाए रखा है। शाखा प्रबंधक विनीत कुमार और फील्ड ऑफिसर शिवम कुमार वैश्य ने वरिष्ठ खाताधारकों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। नववर्ष के अवसर पर शाखा में आने वाले सभी ग्राहकों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बैंक प्रबंधन ने ग्राहकों को अल्पाहार और मिष्ठान वितरित किया, जिससे पूरे दिन शाखा परिसर में उत्सव का माहौल बना रहा। ग्राहकों ने इस पहल की सराहना की। समारोह में चंद्रपाल सिंह, जगदीश प्रसाद शर्मा, ज्वाला प्रसाद, वीरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, जरनैल सिंह सहित कई वरिष्ठ नागरिक, पेंशनर और किसान उपस्थित रहे। शाखा के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

शाखा प्रबंधक विनीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय स्टेट बैंक केवल एक वित्तीय संस्थान नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग का विश्वसनीय साथी है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों, पेंशनरों और किसानों के योगदान को समाज की नींव बताया और भविष्य में भी ग्राहकों की सुविधा, सम्मान और सेवा गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से एसबीआई बहेड़ी शाखा ने यह संदेश दिया कि बैंकिंग केवल लेन-देन तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक सहभागिता का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

# जूडो एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन बने कम्बर एजाज शानू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन के महासचिव मुनव्वर अंजार द्वारा सेंथल नगर पंचायत अध्यक्ष कम्बर एजाज शानू को बरेली जिला नॉर्मल ब्लाइंड एंड डेफ जूडो एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन के पद पर नियुक्त किया गया।



अब बरेली जिले में जूडो खेल के प्रोत्साहन और विकास की जिम्मेदारी इन योग्य और समर्पित व्यक्तित्व के हाथों में होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में जूडो खेल नई ऊंचाइयों को छूएगा। बताते चलें कि सेंथल नगर पंचायत के अध्यक्ष जनाब कम्बर एजाज शानू लगातार सेंथल से तीन बार अध्यक्ष रह चुके हैं और हर बार चुनाव के टाइम उनके वोट पिछले वक्त के मुकाबले बढ़ जाते हैं ये इस बात का सुबूत है कि कंबर एजाज शानू का जनाधार और उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। आज हाल ही में सेंथल के अध्यक्ष कम्बर एजाज शानू के घर जाकर उन्हें इस संबंध में सूचना दी गई और श्री शानू को बरेली जिले का जूडो एसोसिएशन का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया। यह सूचना बरेली जिला नॉर्मल ब्लाइंड एंड डेफ जूडो एसोसिएशन के सचिव शादाब आलम ने दी। जूडो के तकनीकी सचिव मोहम्मद आसिफ, उप सचिव संजू प्रताप सिंह, राजेश मौर्य, कोच विजयवीर सिंह, मार्फत हुसैन, आवेश हसनैन, मोहम्मद इमरान आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष साजिद खान, डॉक्टर अमीर मुराद, ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर सलीम व अन्य ने कम्बर एजाज शानू को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर कस्बा सेंथल में खुशी का माहौल है। कस्बे के लोग लगातार फोन व घर जाकर बधाई दे रहे हैं।

# डीआईजी के एक्शन से टूटी बदमाशों की कमर

■ 225 हिस्ट्रीशीट, 41 गैंगस्टर केस, 145 मुठभेड़ें और 7.80 करोड़ की संपत्ति जब्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** वर्ष 2025 बरेली रेंज में अपराधियों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। डीआईजी बरेली रेंज अजय कुमार साहनी के नेतृत्व में पुलिस ने अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा को लेकर पूरे वर्ष सघन और प्रभावी अभियान चलाए। इन अभियानों का असर यह रहा कि बीते वर्षों की तुलना में लगभग सभी श्रेणियों के अपराधों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई और संगठित व आदतन अपराधियों पर पुलिस का दबाव लगातार बना रहा।

अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी के लिए बरेली रेंज में कुल 225 नए हिस्ट्रीशीट खोले गए। इनमें सर्वाधिक 128 हिस्ट्रीशीट बरेली, 31 बदायूं, 30 पीलीभीत और 36 शाहजहाँपुर में खोली गईं। अवैध हथियारों के खिलाफ भी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया। पूरे रेंज में 1734 मुकदमे दर्ज कर 1977 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 1937 अवैध हथियार और 2007 कारतूस बरामद किए गए। साथ ही 9 अवैध शस्त्र फैक्ट्रियों का खुलासा किया गया, जिनमें से 5 फैक्ट्रियां अकेले बरेली जिले में पकड़ी गईं।

गैंगस्टर एक्ट के तहत 41 मामलों में 201 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। धारा 14(1) के अंतर्गत 7.80 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त कर अपराध से अर्जित अवैध कमाई पर सीधा प्रहार किया गया। नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में भी पुलिस को बड़ी सफलता मिली। 425 मामलों में 760 तस्करों को गिरफ्तार कर 3527 किलो से अधिक मादक पदार्थ बरामद किया गया। इनमें बरेली से 2956 किलो, बदायूँ से 213 किलो, शाहजहांपुर से 349 किलो और पीलीभीत से करीब 9 किलो मादक पदार्थ शामिल है। साल भर में पुलिस और अपराधियों के बीच 145 मुठभेड़ें हुईं, जिनमें 172 बदमाश घायल, एक बदमाश मारा गया और 340 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

सबसे अधिक मुठभेड़ें बरेली जिले में दर्ज की गईं। पुलिस ने इनामी अपराधियों के खिलाफ भी अभियान चलाया। बरेली, बदायूँ, पीलीभीत और शाहजहांपुर में कुल 166 इनामी बदमाशों को चिन्हित किया गया, जिनमें से अधिकांश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## गुंडा एक्ट व जिला बदरी से अपराध पर लगाम

गुंडा एक्ट के तहत 763 बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें 172 अपराधियों को जिला बदर किया गया, जबकि 38 जिला बदर अपराधियों को दोबारा गिरफ्तार किया गया। वर्ष 2025 में पुलिस ने करीब 84 हजार वांछित अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की, जिनमें 51 हजार से अधिक को गिरफ्तार किया गया और 10 हजार से ज्यादा आरोपियों ने आत्मसमर्पण किया। पुलिस के अनुसार वांछित अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई का आंकड़ा 99.98 प्रतिशत तक पहुंच गया।

## मिशन शक्ति से महिलाओं को मिला भरोसा

महिला सुरक्षा को लेकर चलाए गए मिशन शक्ति अभियान में पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली। परिक्षेत्र में 28 हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से लगभग सभी का निस्तारण किया गया। महिला संबंधी मामलों में 3739 मुकदमे दर्ज कर 6627 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की सख्त कार्रवाई से अपराधियों में भय का माहौल बना है, वहीं आम जनता में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है। डीआईजी अजय कुमार साहनी का कहना है कि आने वाले समय में भी अपराध और अपराधियों के खिलाफ यह सख्ती इसी तरह जारी रहेगी।

# पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को तमंचे के साथ पकड़कर भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बुधवार की शाम गश्त कर रही पुलिस ने एक कुख्यात अपराधी को 315 बोर तमंचा और एक कारतूस के साथ पकड़कर जेल भेज दिया।

बुधवार की शाम कोतवाली नवाबगंज के उपनिरीक्षक पवन कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक चेतन सिंह और कांस्टेबिल प्रदीप कुमार के साथ कुंडरा कोठी चौराहे पर गश्त कर रहे थे कि मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि एक व्यक्ति जो इनायतपुर तिराहे पर खड़ा है उसके पास नाजायज तमंचा है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इनायतपुर तिराहे पर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया, उसने अपना नाम भीमसेन पुत्र उमाचरन बालपुर का बताया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक 315 वोर का तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने जब इसकी जानकारी की तो वह थाना नवाबगंज का हिस्ट्रीशीटर निकला। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

# 12 बजते ही हैप्पी न्यू ईयर से किया 2026 का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटे शहर में हर तरफ उल्लास का माहौल दिखा। 31 दिसंबर की रात और नए साल के जश्न में शहर पूरी रात नाचता, झूमता रहा। घड़ी की सुइयों ने जैसे ही रात के 12 बजाए, लोग खुशी से झूम उठे। एक दूसरे को नए साल की बधाई दी। होटल, रेस्टोरेंट, रिजार्ट, मॉल और बाजार में देर रात तक जश्न चलता रहा।

वर्ष 2025 की विदाई और नए साल 2026 के आगमन को लेकर लोग उत्साहित थे। रात 12 बजते ही पटाखों के शोर ने बता दिया कि नए साल का आगाज हो गया है। शहर के होटल निर्वाना, रमाडा, रेडिसन सहित अन्य स्थानों पर शाम से ही पार्टियों का दौर शुरू हो गया था। सुरीले गीतों, रंग-बिरंगी लाइट्स और आकर्षक सजावट के बीच लोगों ने केक काटे और गले लगकर हैप्पी न्यू ईयर बोले। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी के मन में नए साल की नई तरंग दिख रही थी, जो लोग यहां पर नहीं आ पाए, उन्होंने कालोनियों में नए साल को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बच्चों ने परिजनों के साथ लजीज व्यंजन खाकर डांस किया तो कहीं जोड़ों में आए युवाओं ने एक-दूसरे को बधाई देकर गीत-संगीत का आनंद उठाया। इस दौरान वाट्सएप, फेसबुक, ईमेल और मोबाइल पर संदेश भी खूब भेजे गए। घर पर नए साल की खुशियां मनाने वालों ने दोस्तों और परिचितों को फोन कर बधाई दी। वहीं, नए वर्ष का स्वागत आर्ट ऑफ लिविंग ने गुरु पूजा, गुरु पादम, सत्संग से किया।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों ने महाकालेश्वर के दर्शन किए

**उज्जैन, वार्ता।** नव वर्ष के अवसर पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख खिलाड़ियों ने गुरुवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रातष्कालीन भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाक. ालेश्वर के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। श्री महाकाल पवन समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्मृति मंधाना, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, राधा यादव, शेफाली वर्मा एवं रेणुका सिंह ठाकुर ने भस्म आरती में सहभागिता कर ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के उपरांत मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस-एन-सोनी ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

### मांडविया ने अरुणाचल की अंडर-16 टीम से सूरत हवाई अड्डे पर की मुलाकात



**सूरत, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने गुरुवार को सूरत हवाई अड्डे पर अरुणाचल प्रदेश की अंडर-16 टीम से मुलाकात की। डॉ. मांडविया ने आज सोशल मीडिया मंच पर एक्स पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि अरुणाचल प्रदेश की विजय मर्चेंट ट्रॉफी खेलने आई अंडर-16 टीम से सूरत एयरपोर्ट पर अचानक मुलाकात हुई। उनसे मिलकर हृदय आनंदित हो गया।

# मिचेल मार्श करेंगे टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी

## मिचेल के अलावा कई सीनियर खिलाड़ियों ने टीम में वापसी की





**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका और भारत में सात फरवरी से शुरु होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए 15 सदस्यों की प्रोविजनल टीम की घोषणा की है। मिचेल मार्श को टीम का कप्तान बनाया है साथ ही कई सीनियर खिलाड़ियों ने टीम में वापसी की है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, चयनकर्ताओं ने महाद्वीप की स्थिति का अनुभव रखने वाले और बहुमुखी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को देखते हुए विश्व कप के लिए टीम का चयन किया है। टीम में पैट कमिस, कैमरन ग्रीन और कूपर कोनोली की वापसी हुई है। इस टीम में स्पिन की तरफ भी साफ झुकाव है, जिसमें एडम जम्पा को मैथ्यू कुहनेमन, कोनोली और स्पिन-कैपेबल ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मैथ्यू शॉर्ट को जगह दी गई है। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया इस प्रारुप में टीम की लगातार सफलता के कारण स्पष्टता के साथ विश्व कप के लिए योजना को अंजाम दिया है। बेली ने कहा कि टी-20 टीम ने हाल ही में काफी सफलता हासिल की है, जिससे पैनल को श्रीलंका और भारत में अलग-अलग तरह के हालात के हिसाब से खिलाड़ियों के चयन में मदद मिली। उन्होंने कहा कि पैट कमिस, जॉश हेजलवुड और टिम डेविड अच्छा खेल रहे हैं, और हमें भरोसा है कि वे विश्व कप के लिए उपलब्ध होंगे। यह शुरुआती टीम है, इसलिए अगर बदलाव करने की जरूरत पड़ी, तो वे सपोर्ट पीरियड से पहले किए जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क के अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से संन्यास और स्पेंसर जॉनसन के चोटिल होने के बाद प्रोविजनल ग्रुप में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को शामिल नहीं करने का फैसला किया है। नतीजतन, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को शामिल किया गया है और चयनकर्ताओं ने उन्हें बेन ड्वारशुइस जैसा एक विकल्प चुना है। ऑस्ट्रेलियाई प्रोविजनल टीम इस प्रकार है:- मिशेल मार्श, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, पैट कमिस, टिम डेविड, कैमरन, नाथन, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश, मैथ्यू कुहनेमन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा शामिल हैं। विश्व कप से पहले पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अलग टीम की घोषणा अभी होनी है।

# भारतीय क्रिकेट जगत में नए साल की बधाई के साथ 2026 का किया स्वागत

- **आईसीसी के अध्यक्ष ने एक्स पर लिखा, फैंस को बाउंड्री से भरे साल की शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि 2026 में सपने बड़ा स्कोर करेंगे**





**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट के बड़े नामों ने गुरुवार को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दीं, और उम्मीद, हिम्मत और सकारात्मकता के संदेशों के साथ 2026 का स्वागत किया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी को नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, फैंस को बाउंड्री से भरे साल की शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि 2026 में सपने बड़ा स्कोर करेंगे। पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने एक प्रेरणा देने वाला संदेश साझा किया, जिसमें लोगों से खुद पर विश्वास बनाए रखने और अपना बेस्ट देने की कोशिश करते रहने की अपील की। युवराज ने कहा कि जब दिन मुश्किल हो, तो आप पीछे नहीं हटते, आप उठते हैं और इसे फिर से करते हैं। उन्होंने कहा कि वह उन पलों, लोगों और अनुभवों के लिए शुक्रगुजार हैं जिन्होंने बीते साल को बनाया। पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने सभी को नए साल की शुभकामनाएं दीं और कहा कि नई शुरुआत और सभी के लिए 2026 खुशहाल हो। भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी इस जश्न में शामिल हुए और उन्होंने एक पर्सनल नोट पोस्ट करके नए साल का स्वागत 'अपने पसंदीदा लोगों के साथ हाथ में हाथ डालकर' किया, साथ ही सभी को 2026 की शुभकामनाएं दीं।

# ऑस्ट्रेलिया के लिए ऐशज के 5वें टेस्ट में स्टीव स्मिथ करेंगे कप्तानी



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी एशेज टेस्ट की 15 सदस्ईय टीम के लिए स्टीव स्मिथ को कप्तान बनाया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चार जनवरी से शुरु होने वाले टेस्ट मैच में नियमित कप्तान पैट कमिस की गैरमौजूदगी में, सीनियर बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे।

कमिंस, जो पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट नहीं खेल पाए थे, एडिलेड टेस्ट में वापस आए और ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी की। टीम प्रबंधन ने कमिंस के वर्कलोड को मैनेज करने और भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से पहले उनकी फिटनेस सुनिश्चित करने के लिए सीरीज के बाकी मैचों के लिए इस तेज गेंदबाज को आराम देने का फैसला किया है। कमिस को पहले ही इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए ऑस्ट्रेलिया की संभावित टीम में शामिल किया जा चुका है। उस्मान ख्वाजा ने, अपने टेस्ट भविष्य को लेकर चल रही अटकलों के बीच, सिडनी टेस्ट के लिए टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने सीरीज की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के पहले पसंद के सलामी बल्लेबाज के तौर पर की थी, लेकिन उनका अभियान काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। ख्वाजा पीठ में ऐंठन के कारण पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं कर पाए, ब्रिसबेन टेस्ट में पूरी तरह से बाहर रहे और स्मिथ की बीमारी के कारण नंबर चार पर बल्लेबाजी करने के लिए वापस बुलाए जाने से पहले उन्हें शुरू में एडिलेड में टीम से बाहर रखा गया था।

**5वें एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम**

**स्टीव स्मिथ** (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जॉश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड और ब्यू वेबस्टर शामिल हैं।

# मर्फी की नजर सिडनी में स्पिनरों के लिए बड़ी भूमिका पर



- **मुझे नहीं लगता कि सीरीज शुरू होने से पहले ऐसी कोई प्लानिंग या विचार नहीं था कि स्पिन की कोई भूमिका नहीं होगी: मर्फी**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चल रही एशेज सीरीज में स्पिन का ज्यादा रोल नहीं रहा है, लेकिन ऑफस्पिनर टॉड मर्फी को उम्मीद है कि सीरीज के आखिरी टेस्ट में ऐसा नहीं होगा, जो सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है, यह एक ऐसा मैदान है जिसने ऐतिहासिक रूप से स्पिनरों का साथ दिया है। जबकि इंग्लैंड ने अब तक चार टेस्ट में अपने मुख्य स्पिनर शोएब बशीर को खिलाने के लालच से खुद को रोका है, वहीं नाथन लियोन की भी ऑस्ट्रेलिया के लिए सीमित भूमिका रही है। हालांकि, लियोन के चोटिल होने और सिडनी में मर्फी के लिए मौके की उम्मीद के साथ, ऑफस्पिनर के पास यह मानने के कारण हैं कि घरेलू टेस्ट में उनकी बड़ी भूमिका होगी। मर्फी ने गुरुवार को कहा कि मुझे नहीं लगता कि सीरीज शुरू होने से पहले ऐसी कोई प्लानिंग या विचार था कि स्पिन की कोई भूमिका नहीं होगी।मुझे लगता है कि यह बस ऐसा ही हुआ है। मुझे लगता है कि यह साल दर साल बदलेगा। अगले साल यह पूरी तरह से अलग हो सकता है। मर्फी ने अब तक 7 टेस्ट में 22 विकेट लिए हैं, जिनमें से सभी घर से बाहर लिए गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए उनका आखिरी मैच फरवरी 2025 में गाले में हुआ था। घर पर, फरवरी 2023 में डेब्यू करने के बाद से, उन्हें लियोन के स्पिन विभाग की अगुवाई करने के कारण अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा है। लेकिन यह इंतजार उनके लिए कोई हैरानी की बात नहीं थी। मर्फी ने कहा कि जब मैंने डेब्यू किया तब शायद मैं समझ गया था कि यह मेरे लिए कभी भी सीधा नहीं होने वाला है। जब नाथन वापस आएंगे तो मैं टीम में अपनी जगह नहीं बना पाऊंगा और मुझे हमेशा शील्ड क्रिकेट में वापस जाकर खुद को बेहतर बनाना होगा। उस समय मैं सिर्फ 23 साल का था, इसलिए मुझे अभी भी लगता था कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए लंबा रास्ता तय करना है। मुझे अभी भी लगता है कि मैं भी वही खोजने की कोशिश कर रहा हूं और लगातार बेहतर हो रहा हूं। पिछले कुछ सालों से मैं वहीं काम कर रहा हूं और खुद का सबसे अच्छा वर्जन ढूंढने की कोशिश कर रहा हूं। मर्फी को आखिरकार पांचवें टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के स्पिन अटैक को लीड करने का मौका मिल सकता है।

# अधिनियम के चयनित प्रावधानों के लागू होने की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के चयनित प्रावधानों के लागू होने की अधिसूचना जारी की है। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 (25 ऑफ 2025) को 18 अगस्त, 2025 को आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित किया गया था। अधिनियम की धारा 1(2) में प्रावधान है कि अधिनियम उस तिथि से लागू होगा जो केंद्र सरकार आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियुक्त करे, और अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के लिए अलग -अलग तिथियां नियुक्त की जा सकती हैं। तदनुसार, राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 की धारा 1 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार ने 1 जनवरी, 2026 को वह तिथि नियुक्त की है जिस दिन उक्त अधिनियम की धारा 1 से 3, धारा 4 की उपधारा (1), (2) और (4), धारा 5 की उपधारा (1) और (2), धारा 8 की उपधारा (5), धारा 11 की उपधारा (1), धारा 14 और 15, धारा 17 की उपधारा (1) से (7) और (10), धारा 30 और 31 तथा धारा 33 से 38 के प्रावधान लागू होंगे। लागू किए गए प्रावधानों में राष्ट्रीय खेल निकायों की स्थापना और शासन ढांचा शामिल है, जिनमें राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, एनपीसी, राष्ट्रीय खेल संघ और क्षेत्रीय खेल संघ, राष्ट्रीय खेल बोर्ड का गठन, मान्यता प्राप्त खेल संगठनों पर लागू अनुपालन आवश्यकताएं, मान्यता प्राप्त खेल संगठनों के विशेषाधिकार और कर्तव्य, राष्ट्रीय खेल न्याय अधिकरण का गठन और केंद्र सरकार की नियम बनाने की शक्तियां शामिल हैं।

# 2026 में पूरी तरह फिट रहना चाहते हैं सितसिपास





- **एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर-3 खिलाड़ी 2025 सीजन के दूसरे हाफ में पीठ की चोट से जूझ रहे थे**

**पर्थ, वार्ता।** एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 3 खिलाड़ी 2025 सीजन के दूसरे हाफ में पीठ की चोट से जूझ रहे थे और सितम्बर में डेविस कप में ग्रीस के लिए दो सिगल्स मैच खेलने के बाद उन्होंने फिर से कोई मुकाबला नहीं खेला। सितसिपास ने ठीक होने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ब्रेक लिया और अब पर्थ में आराम और तरोताजा महसूस कर रहे हैं, जहां वह सीजन की शुरुआत में होने वाले यूनाइटेड कप में टीम ग्रीस का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रहे हैं। त्सित्सिपास ने गुरुवार को टीम ग्रीस की टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैंने ठीक होने में कुछ समय बिताया। मैं लंबे समय तक कोर्ट से दूर रहा। सीजन के आखिरी तीन या चार टूर्नामेंट में मैं मुश्किल से खेल पा रहा था। इसलिए यह महत्वपूर्ण था कि कुछ ऐसा किया जाए जिससे मैं फिर से स्वस्थ होकर वापस आ सकूं। उन्होंने कहा कि मैंने ठीक होने और वापस उसी स्थिति में आने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए। तो अब तक मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा फीडबैक है, यह जानते हुए कि मैंने अपना पूरा प्री-सीजन बिना किसी दर्द, बिना किसी परेशानी के पूरा किया है।

मुझे उम्मीद है कि यह ऐसा ही रहेगा और मैं यूनाइटेड कप से इसकी शुरुआत करूंगा और उम्मीद है कि 2026 सीजन के लिए भी ऐसा ही रहेगा। 12 बार के टूर-लेवल चैंपियन सितसिपास ने 2025 में 22-16 का रिकॉर्ड बनाया। 27 वर्षीय खिलाड़ी उस शारीरिक बुनियाद को फिर से बनाने की कोशिश कर रहे हैं जिस पर उनका जबरदस्त खेल हमेशा आधारित रहा है। सितसिपास ने कि जिस चीज को लेकर मैं सबसे ज्यादा उत्साहित हूं, वह है पिछले कुछ हफ्तों में की गई अपनी असल ट्रेनिंग को देखना और यह देखना कि यह मेरी पीठ के मामले में कैसा रिस्पॉन्स देती है, क्योंकि मेरी सबसे बड़ी चिता यह रही है: क्या मैं सच में एक मैच पूरा कर पाऊंगा? उन्होंने कहा कि पिछले छह से आठ महीनों से मेरे मन में यही चल रहा था।

मैं लगातार सोच रहा था, 'अगर मैं कोई मैच जीतता हूं, तो क्या मैं अगले दिन वापस आकर बिना दर्द के दूसरा मैच खेल पाऊंगा? यूएस ओपन में अपनी पीठ की चोट के कारण हारने के बाद मैं सच में बहुत डर गया था, क्योंकि मैं दो दिनों तक चल भी नहीं पा रहा था। जब ऐसी चीजें होती हैं, तो आप अपने करियर के भविष्य के बारे में फिर से सोचने लगते हैं। मुझे बस उम्मीद है कि 2026 में ऐसा कुछ नहीं होगा। मैं असल में दुनिया के सबसे अच्छे स्पोर्ट्स डाक्टरों में से एक के पास गया था, और उन्होंने अब तक मुझे ठीक करने का वादा किया है।

# एबॉट-बाबर की मदद से सिक्सर्स ने रेनेगेड्स के खिलाफ जीत का सिलसिला कायम रखा

- **पाकिस्तान के बाबर आजम ने 46 गेंदों में नाबाद 58 रन बनाए**

**मेलबर्न, वार्ता।** सिडनी सिक्सर्स ने मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ लगातार 10वीं बीबीएल जीत हासिल की, और नए साल के दिन मार्वल स्टेडियम में छह विकेट से महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। 2019 से रेनेगेड्स से न हारने का सिक्सर्स का रिकॉर्ड खतरे में था, जब वे 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 ओवर में 69 रन पर 2 विकेट गंवा चुके थे।

लेकिन पाकिस्तान के स्टार बाबर आजम (46 गेंदों में नाबाद 58) और कप्तान मोइसेस हेनरिक्स (23) की शानदार पारी की मदद से सिक्सर्स ने टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की। हेनरिक्स के आउट होने के बाद जोएल डेविस (15 गेंदों में नाबाद 34) ने अपनी बीबीएल की सबसे बड़ी पारी खेलते हुए एक महत्वपूर्ण कैमियो खेला, जिससे बाबर पर से दबाव कम हुआ, जिन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत में धीमी बल्लेबाजी की थी। अंत में दोनों ने आसानी से जीत हासिल की, बाबर ने पांच गेंद शेष रहते हुए एक ऊंचा कवर ड्राइव लगाकर चार रन बनाकर जीत दिलाई। बीबीएल में अपने शुरुआती दौर में धीमी शुरुआत के बाद, पाकिस्तान के इस बल्लेबाज ने पिछले तीन मैचों में दो अर्द्धशतक लगाकर फॉर्म में वापसी की है। मार्वल स्टेडियम में मुश्किल पिच और बहुत धीमी आउटफील्ड पर, बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद रेनेगेड्स ने सलामी बल्लेबाज जोश ब्राउन के जरिए बढ़त बनाने की कोशिश की। बेन ड्वार्शुइस के पहले ओवर - पारी के तीसरे ओवर - में 22 रन लेने के बाद, ब्राउन ने 19 गेंदों में 43 रन बनाए, जिसमें चार छक्के शामिल थे।

# प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एसए20 में जीत दर्ज की

- **न्यूलैंड्स में खेले गए मुकाबले में कैपिटल्स ने एमआई केपटाउन को 85 रन से हराते हुए बोनस प्वाइंट जीत दर्ज की**

**गक्वेबेरहा, वार्ता।** न्यू ईयर ईव प्रिटोरिया कैपिटल्स के लिए खुशकिस्मत साबित हुई, जब उन्होंने बुधवार को अपनी पहली जीत दर्ज कर एसए20 सीजन 4 में विजय का खाता खोला। इसी दिन पार्ल रॉयल्स ने भी अपनी पहली जीत हासिल की।

न्यूलैंड्स में खेले गए मुक. ाबले में कैपिटल्स ने एमआई केप टाउन को 85 रन से हराते हुए बोनस प्वाइंट जीत दर्ज की। इस जीत के नायक रहे विंडीज के ऑलराउंडर शरफेन रदरफोर्ड, जिनके लिए यह न्यू ईयर ईव बेहद यादगार रही। रदरफोर्ड ने 15 गेंदों में 6 छक्कों की मदद से नाबाद 47 रन बनाए, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 13 गेंदों पर नाबाद 36 रन (1 चौका, 4 छक्के) जड़े। दोनों ने बल्लेबाजी में आतिशी प्रदर्शन किया। इसके बाद रदरफोर्ड ने गेंद से भी कमाल दिखाते हुए करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/24 दर्ज किया। कैपिटल्स के 220/5 के विशाल स्कोर के जवाब में एमआई केप टाउन की पूरी टीम 135 रन पर सिमट गई। 'स्काई ब्लूज' की इस जोड़ी ने मात्र 27 गें. दों में 86 रन की विस्फोटक साझेदारी कर खराब पावरप्ले की भरपाई की। इससे पहले फिट होकर लौटे रबाडा ने शुरुआती झटके देते हुए कैपिटल्स को 36/3 की स्थिति में ला दिया था। अंतिम पांच ओवरों में कैपिटल्स ने केवल एक विकेट के नुकसान पर 92 रन जोड़े। इस दौरान रन रेट 18-2 रहा। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौकों-छक्कों की होड़ लगी रही, लेकिन पारी का सबसे रोमांचक पल तब आया जब रदरफोर्ड ने पेनल्टीमेट ओवर में डेवाल्ड प्रिटोरियस पर लगातार चार छक्के जड़ दिए। यह सिलसिला कुल छह लगातार छक्कों का था, जिसकी शुरुआत पिछले ओवर में ब्रेविस के दो छक्कों से हुई थी। इन दोनों के शानदार प्रदर्शन ने न्यूलैंड्स में मौजूद दर्शकों को स्तब्ध कर दिया। यह शानदार अंत तब देखने को मिला, जब इससे पहले शाई होप (30 गेंदों पर 45 रन, 3 चौके, 2 छक्के) और विहान लुब्बे (36 गें. दों पर 60 रन, 7 चौके, 2 छक्के) ने पारी को संभालते हुए मजबूत आधार दिया था। प्लेयर ऑफ द मैच के लिए चार दावेदार थे-डेवाल्ड ब्रेविस, विहान लुब्बे, केशव महाराज और शरफेन रदरफोर्ड। फैन वोटिंग में 77-4 प्रतिशत मत हासिल कर रदरफोर्ड ने यह पुरस्कार जीता। एमआई केप टाउन की जीत की उम्मीद पूरी तरह उनके सलामी बल्लेबाजों रिकेल्टन (17 गेंदों पर 33 रन) और रासी वान डर डुसेन (20 गेंदों पर 28 रन) पर निर्भर थी। दोनों ने पावरप्ले में 60 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत दिलाई। हालांकि, दोनों के जल्दी-जल्दी आउट होने से एमआई केप टाउन की पारी लड़खड़ा गई। इसके बावजूद निकोलस ने केशव (3/28) पर लगातार चार छक्के जड़ते हुए 6 गेंदों में 25 रन बनाए।

# नेक्स्ट जेन एटीपी स्टार जोडर बने प्रो

**नई दिल्ली, वार्ता।** राफेल जोडर ने पिछले महीने जेद्दा में पीआईएफ द्वारा प्रस्तुत अपने नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल में प्रभावित किया, और 19 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने अब 2026 सीजन से पहले प्रो बनने के अपने फैसले की घोषणा की है। जोडर ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके घोषणा की कि वह 2024 और 2025 में वर्जीनिया यूनिवर्सिटी हूजयिर्स का प्रतिनिधित्व करने के बाद अपने अमेरिकी कॉलेज करियर को खत्म कर देंगे। 19 साल के जोडर ने दिसम्बर में जेद्दा में 2-1 का स्कोर किया, जब उन्होंने ग्रुप-स्टेज में टॉप सीड और आखिरकार चैंपियन लर्नर टिएन और मार्टिन लैंडालूस के खिलाफ जीत हासिल की। जोडर ने लिखा कि गहरे विचार-विमर्श, सावधानीपूर्वक सोच और अपने परिवार और कोचों के साथ कई बातचीत के बाद, मैंने यूवीए में अपनी बची हुई कॉलेज एलिजिबिलिटी को छोड़ने और 2026 से अपने प्रोफेशनल टेनिस करियर को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। कॉलेज में मेरे समय ने एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति के रूप में मेरे विकास में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है, और अब मुझे लगता है कि मैं यह अगला कदम उठाने और अपने जीवन में एक नई चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हूं। 2025 में तीन एटीपी चैलेंजर खिताब जीतने के बाद, जोडर एटीपी रैंकिंग में नंबर 168 के रूप में एक प्रो के रूप में अपना जीवन शुरू करेंगे। वह नवम्बर की शुरुआत में अपने करियर की सबसे ऊंची रैंकिंग नंबर 166 पर पहुंचे थे।

# एमबाप्पे की चोट रियल मैड्रिड के लिए झटका

- **क्लब ने पुष्टि की है कि टॉप स्कोरर किलियन एमबाप्पे को ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई**



**मैड्रिड, वार्ता।** रियल मैड्रिड को 2025 के अंत में बुरी खबर मिली है, क्लब ने पुष्टि की है कि टॉप स्कोरर किलियन एमबाप्पे को ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई है। इस वजह से वह रविवार को बेटिस के खिलाफ घर पर होने वाले ला लीगा मैच से बाहर रहेंगे और सऊदी अरब में होने वाले स्पेनिश सुपरकप में भी उनके खेलने पर संदेह है।

क्लब ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर बताया कि हमारे खिलाड़ी किलियन एमबाप्पे पर रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज द्वारा आज किए गए टेस्ट के बाद, उनके बाएं घुटने में मोच का पता चला है। जैसा कि रियल मैड्रिड के साथ आम तौर पर होता है, मेडिकल रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि फांसीसी स्ट्राइकर कब वापसी करेंगे, बस इतना कहा गया कि उनकी प्रगति पर नजर रखी जाएगी। हालांकि, यह तथ्य कि रियल मैड्रिड 8 जनवरी को जेद्दा में सुपरकप के दूसरे सेमीफाइनल में एटलेटिको के खिलाफ खेलेगा, इसका मतलब है कि उनके पास ठीक होने के लिए बहुत कम समय है और उन्हें इस प्रतियोगिता के लिए एक बड़ा संदिग्ध माना जाना चाहिए, जिसका फाइनल 11 जनवरी को है। ज्यादातर लोगों का मानना है कि सऊदी अरब में रियल मैड्रिड के कोच जाबी अलोंसो की नौकरी दांव पर लगी है और टीम अपने स्टार खिलाड़ी के बिना अलोंसो के भविष्य के लिए खेल सकती है। एमबाप्पे ने इस सीजन में रियल मैड्रिड के 25 मैचों में से 24 में खेला है, जिस एकमात्र मैच में वह नहीं खेले थे, उसमें चैंपियंस लीग में मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ घर पर 2-1 से हार मिली थी। उन्होंने 18 ला लीगा मैचों में 18 गोल (रियल मैड्रिड के कुल 36 गोल का आधा) और पांच चैंपियंस लीग खेलों में नौ और गोल किए हैं।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 2 जनवरी 2026

## नहीं रुक रहे हमले

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को भी एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जिसमें खोकन चंद्र दास नामक व्यक्ति को भीड़ ने घेर लिया और किसी तरह उन्होंने सड़क किनारे स्थित एक तालाब में कूदकर जान बचाई, बाद में स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकाला और उपचार के लिए भेजा। खोकन चंद्र मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं। निसंदेह इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है। यह देखना और भी दुखद है कि इस तरह की घटनाओं का क्रम पिछले कुछ दिनों से थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारत सरकार भी अपना विरोध दर्ज करा चुकी है। जाहिर है यह सीधे-सीधे नफरत की सोच है और इस तरह की सोच एक दिन में पैदा नहीं होती। बेशक भारत अपना विरोध दर्ज करा रहा है और हमें कराना भी चाहिए, लेकिन हमें यह भी देखना चाहिए कि इस तरह की घटनाएं खुद भारत में भी जन्म ले रही हैं। बांग्लादेश में हो रही घटनाओं की निंदा करते समय हमें अपने यहां होने वाली घटनाओं की भी निंदा करनी चाहिए। यह देखना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि बांग्लादेश से हमारे संबंध निरंतर खराब होते जा रहे हैं। उसका कारण बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का उभार है। जो निरंतर बढ़ता जा रहा है। विशेषकर शेख हसीना की हुकूमत जाने के बाद, तो इस तरह की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। भारत में भी इस तरह की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। जिससे सामाजिक तनाव लगातार बढ़ता दिखाई दे रहा है। सबसे बड़ी तो यही है कि हम सभी को समझना होगा कि इंसानियत की दुश्मन की मानसिकता से किसी का भला नहीं होने वाला। इस रास्ते पर चलकर विकास नहीं विनाश की ही सौगात मिलती है। जरूरत आज इस बात की है कि हम कट्टरपंथी विचारधारा को त्यागकर मानवता से प्रेरित विचारधारा को तरजीह दें। तभी इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है। केवल कानूनों के सहारे इस तरह की घटनाओं को नहीं रोका जा सकता। राजनीति भी इस तरह की घटनाओं के लिए कम जिम्मेदार नहीं है। राजनीतिज्ञों को भी सोचना होगा कि कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने से उनको क्षणिक लाभ तो प्राप्त हो सकता है, लेकिन इस तरह की घटनाएं समाज व देश का बहुत नुकसान करती हैं। एक बार स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा भी था कि सरकारें तो आती जाती रहती हैं, लेकिन देश बने रहना चाहिए। बात बिल्कुल सही है। सबको समझना होगा कि देश सर्वोपरि है और यदि वास्तव में हम देशप्रेमी हैं, तो हमें सबसे पहला काम यही करना होगा जिससे हमारे सामाजिक ताने-बाने में मजबूती आए। कोई भी देश उतना ही मजबूत होता है जितना उसका सामाजिक तानाबाना मजबूत होता है। जहां तक बात बांग्लादेश की है यह देश इस समय विदेशी शक्तियों के हाथों खेल रहा है। चीन-पाकिस्तान इस समय वहां काफी दखल दे रहे हैं, ऐसे में बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## सभी जरूरतमंदों तक पहुंचे विकास का लाभ



आम लोगों की दिन-प्रतिदिन की जिंदगी डर, दबाव और जटिल नियम-कानूनों से मुक्त होकर सरल और सहज होनी चाहिए, बहुजन समाज के लिए अपने बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष जारी रखना आज भी जरूरी है, विकास का लाभ संविधान की भावना के अनुरूप सभी जरूरतमंदों तक पहुंचे, न कि केवल कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित रहे, सही विकास वही है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में भी वास्तविक बदलाव दिखाई दे, कानून का राज केवल सख्ती से नहीं, बल्कि निष्पक्षता और बिना भेदभाव के कार्रवाई से ही संभव है, देश में नफरत, घृणा और हिंसा का माहौल खत्म करना नए साल की बड़ी जरूरत है, सभी नागरिकों के जान-माल और सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# जलवायु परिवर्तन के समाधानों को और अधिक व्यापक बनाना जरूरी

अजरबैजान के बाकू नगर में नवम्बर 11 से 22 तक 2024 जलवायु परिवर्तन का 29वां महासम्मेलन (जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र संघ फ्रेमवर्क कंवेंशन का सम्मेलन) आयोजित हुआ। इस महासम्मेलन से पहले संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम (यूनेप) ने अपनी वार्षिक उत्सर्जन रिपोर्ट जारी की। इसके अनुसार विश्व स्तर पर ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन में जो कमी लानी है, उसकी रफ्तार को पहले से कहीं अधिक बढ़ाना होगा।

संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम ने बताया कि यदि तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित करने के लक्ष्य को प्राप्त करना है तो ग्रीनहाऊस गैसों (कार्बन डाईऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड व कुछ फ्लोरिनेटिड गैसों) को कहीं अधिक तेजी से कम करना होगा। यदि ऐसा नहीं किया गया तो इस शताब्दी में तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित न रहकर 2.6 से 3.1 डिग्री सेल्सियस तक होगी। सवाल यह है कि महासम्मेलन में इस उद्देश्य के अनुरूप एजेंडा कहां तक तैयार हो सकेगा। जलवायु बदलाव के सम्मेलनों का नियमित समय पर होते रहना तो खैर अपनी जगह पर उचित है, पर साथ में इस सच्चाई का सामना भी करना पड़ेगा कि ऐसे 28 महासम्मेलनों के बावजूद हम जलवायु बदलाव के नियंत्रण के लक्ष्य से पिछड़ते जा रहे हैं। ग्रीन हाउस गैसों पर समय रहते समुचित नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। दूसरी ओर, जलवायु बदलाव का बेहतर सामना कर पाने के लिए जरूरी अनुकूलन उपायों में भी समुचित सफलता नहीं मिल पा रही है बल्कि कुछ बदलाव तो ऐसे आ रहे हैं जिनसे अनुकूलन की स्थिति और विकट हो जाएगी। उदाहरण के लिए, कृषि क्षेत्र में व्यावसायिक हितों व बहुराष्ट्रीय कंपनियों का नियंत्रण विश्व के एक बड़े भाग में बढ़ता जा रहा है व छोटे साधारण किसानों व किसान परिवारों की स्थिति कमजोर होती जा रही है, जो अनुकूलन की दृष्टि से चिंता का विषय है क्योंकि यदि छोटे किसान वैसे ही आर्थिक दृष्टि से कमजोर होंगे तो प्रतिकूल मौसम की परिस्थितियों का सामना उनके लिए और कठिन हो जाएगा। यदि अभी तक की विफलताओं का संतुलित आकलन किया जाए तो स्पष्ट होगा कि बड़ी कठिनाई दो अवरोधों के कारण आ रही है। ये दोनों समस्याएं एक-दूसरे से जुड़ी हुई भी हैं। पहली समस्या यह है कि विश्व के सबसे धनी देशों में स्थित कुछ बहुत शक्तिशाली व साधन-संपन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने संकीर्ण स्वार्थ साधने के लिए जलवायु एजेंडा में गड़बड़ कर रही हैं। सबसे बड़ी जरूरत यह रही है कि जीवाश्म ईंधन को तेजी से कम किया जाए व इसके स्थान पर शाश्वत ऊर्जा स्रोतों को विकसित किया जाए। किंतु जीवाश्म ईंधन की सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां तरह-तरह की तिकड़में कर रही हैं ताकि उन्हें अपना व्यवसाय कम न करना पड़े (अपितु वे इसे और बढ़ा सकें), इसका प्रतिकूल असर जलवायु बदलाव नियंत्रण के प्रयासों पर पड़ रहा है। उसी तरह का व्यवहार कुछ अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी कर रही हैं। दूसरी बड़ी समस्या यह है कि धनी देशों में अभी यह सोच सही ढंग से नहीं आ पाई है कि पर्यावरण की रक्षा के लिए विलासिता भरी जीवन-शैली को कम करना भी जरूरी है।



शराब, तंबाकू, हथियार, जहरीले रसायन से सम्बंधित कई उद्योग वैसे भी बहुत हानिकारक हैं व साथ में पर्यावरण की बहुत क्षति भी करते हैं, ग्रीनहाऊस उत्सर्जन भी बहुत करते हैं, पर इन हानिकारक उत्पादों को बहुत कम करने को पर्यावरण रक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा नहीं बनाया गया है। इस तथ्य को अधिक धनी देशों में या तो ठीक से समझा नहीं जा रहा है या इसकी अनदेखी की जा रही है कि यदि विलासिता के उत्पाद तेजी से बढ़ते रहे व अनेक हानिकारक उत्पाद भी बढ़ते रहे तो पर्यावरण की रक्षा कठिन है व ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को भी कम करना कठिन होगा। इतना ही नहीं, अन्य देशों के अभिजात्य वर्ग में भी प्राय: यही प्रवृत्ति देखी गई है। चूंकि आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग की बुनियादी जरूरतों को तो बेहतर ढंग से पूरा करना ही चाहिए, अत: कटौती तो विलासिता के उत्पादों व हानिकारक उत्पादों की ही करनी होगी, पर शक्तिशाली तत्व इसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते पर्यावरण रक्षा व जलवायु बदलाव नियंत्रित करने में बाधाएं आ रही हैं। अत: यह जरूरी है कि जलवायु बदलाव के संसाधनों को अधिक व्यापक बनाया जाए व विकास की ऐसी राह तलाशने का प्रयास किया जाए जो बुनियादी तौर पर पर्यावरण रक्षा के अनुकूल हो। अभी स्थिति बहुत चिंताजनक बनी हुई है। इसका मुख्य कारण यह है कि बुनियादी तौर पर जीवन शैली बदलने, औद्योगीकरण आधारित विकास का मॉडल बदलने, उत्पादन व उपभोग में बड़े बदलाव लाने व समता तथा सादगी का आदर्श अपनाने की दृष्टि से जो मूल सुधार चाहिए, उस दिशा में दुनिया नहीं बढ़ रही है। जलवायु बदलाव के इस दौर में भी उपभोगवाद छाया हुआ है। ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन अधिक करने वाले उद्योगों के लिए किसानों की उपजाऊ भूमि को उजाड़ा जा रहा है, वनों और चारागाहों का विनाश किया जा रहा है। अब समय आ गया है कि जलवायु बदलाव का संकट कम करने की दृष्टि से पूरे विकास के मॉडल को बदलने पर गंभीरता से विश्व स्तर पर विचार किया जाए। अब यह पहले से और भी जरूरी है कि समता और सादगी को विकास का मूल आधार बनाया जाए। यह भी पहले से और जरूरी हो गया है कि बड़े उद्योग और शहर आधारित अर्थव्यवस्था की अपेक्षा खेती-किसानी व गांव आधारित अर्थव्यवस्था को कहीं अधिक महत्व दिया जाए। हथियारों के उत्पादन व युद्ध की संभावना को न्यूनतम करना पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है। विश्व स्तर पर ऐसी योजना बनाना जरूरी है जो ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में पर्याप्त कमी और सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्यों को जोड़ सके।

**शराब, तंबाकू, हथियार, जहरीले रसायन से सम्बंधित कई उद्योग वैसे भी बहुत हानिक. ारक हैं व साथ में पर्यावरण की बहुत क्षति भी करते हैं, ग्रीनहाऊस उत्सर्जन भी बहुत करते हैं, पर इन हानिकारक उत्पादों को बहुत कम करने को पर्यावरण रक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा नहीं बनाया गया है। इस तथ्य को अधिक धनी देशों में या तो ठीक से समझा नहीं जा रहा है या इसकी अनदेखी की जा रही है कि यदि विलासिता के उत्पाद तेजी से बढ़ते रहे व अनेक हानिकारक उत्पाद भी बढ़ते रहे तो पर्यावरण की रक्षा कठिन है व ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को भी कम करना कठिन होगा। इतना ही नहीं, अन्य देशों के अभिजात्य वर्ग में भी प्राय: यही प्रवृत्ति देखी गई है।**

**-साभार बीडी**
**(स्रोत फीचर्स)**

# कीटों के चिन्ह उजागर करते हैं पत्ते

**हम जानते हैं कि कई कीट प्रजातियां बहुत विशिष्ट होती हैं, केवल एक निश्चित पौधे पर ही रहती हैं और यदि यह पौधा विलुप्त हो जाता है तो कीट प्रजाति भी उसके साथ विलुप्त हो जाती है। हैरानी की बात है कि हम इन अंतर्क्रियाओं के बारे में बहुत कम जानते हैं। फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों के बारे में तो हम यह अच्छे से जानते हैं, लेकिन बाकी कीट प्रजातियों के बारे में नहीं पता। यह तरीका पौधों से नमूना लेने और पौधे पर रहने वाले कीटों को पहचानने में मदद कर सकता है। आम तौर पर हर्बेरियम संग्रह बहुत कीमती होते हैं और शोधकर्ता नमूनों को पीसकर नुकसान पहुंचाए बिना डीएनए को सावधानीपूर्वक निकालने के तरीके विक. सित कर रहे हैं।**

वर्षों से शोधकर्ता यह पता लगाते रहे हैं कि किसी क्षेत्र में कौन सी प्रजाति रहती थीं। इसके लिए वे कैमरा ट्रैप जैसे कई पारंपरिक तरीकों के अलावा हाल के वर्षों की नई विधियों का उपयोग करते हैं जो उन्हें उस क्षेत्र की हवा, पानी, मिट्टी वगैरह जैसी चीजों से भी जीवों के डीएनए (पर्यावरणीय डीएनए या ई-डीएनए) ढूंढने और निकालने में मदद करती हैं। हाल ही में बायोलॉजी लेटर्स में प्रकाशित अध्ययन में ई-डीएनए के एक सर्वथा नए स्रोत, पौधों की सूखी पत्ती वगैरह, के बारे में बताया गया है। शोधकर्ताओं को सूखी चाय पत्ती के पाउच के विश्लेषण से कीटों की सैकड़ों प्रजातियां की उपस्थिति का पता चला है।




ट्रायर यूनिवर्सिटी के पारिस्थितिकी आनुवंशिकीविद और अध्ययन के लेखक हेनरिक क्रेहेनविन्केल ने दी साइंटिस्ट को बताया है कि दरअसल यह समझने के लिए कि कीटों में परिवर्तन कैसे हुए हमें लंबे समय के डैटा की आवश्यकता है। जब कीटों की प्रजातियों में गिरावट सम्बंधी अध्ययन पहली बार प्रकाशित हुए थे, तो कई लोगों ने यह शिकायत की थी कि इसका कोई वास्तविक दीर्घकालिक डैटा नहीं है। वे आगे बताते हैं कि ट्रायर यूनिवर्सिटी में नमूना बैंक है जिसमें पिछले 35 सालों से जर्मनी के विभिन्न पारिस्थितिक तंत्रों से विभिन्न पेड़ों के पत्ते एकत्रित किए जा रहे हैं। विचार यह आया कि क्या इन पत्तों पर रहने वाले कीटों के डीएनए को इन पत्तों से प्राप्त किया जा सकता है? चूंकि ये नमूने तरल नाइट्रोजन में सहेजे गए थे इसलिए इनमें डीएनए अच्छी तरह संरक्षित होने की संभावना थी। इसलिए पहले तो इन नमूनों से डीएनए अलग किए गए, और इस डीएनए की मदद से इन पर आते-जाते रहने वाले संधिपादों (आर्थ्रोपोड) को पहचानकर उनका वर्गीकरण करने का प्रयास किया गया। पूरी तरह से फ्रोजन पत्तों से ई-डीएनए निकालने में सफलता के बाद सवाल आया कि क्या अन्य सतहों/परतों (सबस्ट्रेट्स) से भी डीएनए प्राप्त किए जा सकते हैं और क्या अन्य तरह के सबस्ट्रेट्स पर डीएनए सलामत होंगे? कीटों में परिवर्तन कैसे हुए इसे समझने के लिए क्या संग्रहालयों में सहेजे गए पौधे मददगार हो सकते हैं? कई अध्ययन बताते हैं कि यदि कोई कीट पत्ती कुतरता है तो वह अपनी लार के माध्यम से डीएनए अवशेष उस पर छोड़ जाता है परंतु कई अध्ययन यह भी बताते हैं कि ये डीएनए बहुत टिकाऊ नहीं होते, ये पराबैंगनी प्रकाश में खराब हो जाते हैं या बारिश में धुल जाते हैं, लेकिन हर्बेरियम में तो डीएनए को सहेजे रखने के लिए आदर्श स्थितियां होती हैं-सूखा और अंधेरा माहौल। हर्बेरियम रिकॉर्ड पर काम शुरू करने से पहले शोधकर्ताओं ने सोचा कि किसी ऐसी चीज का अध्ययन करना चाहिए जो हर्बेरियम रिकॉर्ड जैसी ही हो और संरचना के हिसाब से चाय (पत्ती) हर्बेरियम रिकॉर्ड के जैसी ही है। ये सूखी पत्तियां होती हैं जिन्हें अंधेरे में रखा जाता है। परीक्षण में चाय पत्ती में काफी जैव विविधता दिखी। लगभग 100-150 मिलीग्राम के टी-बैग में कीटों की लगभग 400 प्रजातियों के डीएनए मिले। ये नतीजे चौंकाने वाले थे, क्योंकि ये नमूने महीन पावडर थे। तो चाय बागान के सभी हिस्सों के ईडीएनए पूरी चाय पत्ती में वितरित हो गए थे। उम्मीद है कि इससे कीटों में हुए परिवर्तनों को समझने में मदद मिलेगी और हमें ऐसे नए पदार्थ मिलेंगे जो अतीत के समय की जानकारी दे सकें। आप चाहें तो फूलों को इकट्ठा कर लें और इन्हें सिलिका जेल की मदद से सुखा लें। फूल को एक छोटे से लिफाफे में रखकर इसे जिपलॉक फ्रीजर बैग में थोड़े से सिलिका जेल के साथ रखें तो एक दिन में फूल पूरी तरह सूख जाएगा। यानी सिद्धांत: हम कमरे के तापमान पर भी नमूनों को सहेज सकते हैं, तरल नाइट्रोजन वगैरह की जरूरत नहीं होगी। शोधकर्ता बताते हैं कि केवल यह जानना पर्याप्त नहीं है कि किसी क्षेत्र में कौन सी या कितनी प्रजातियां मौजूद थींय यह भी पता लगाना होगा कि ये कीट किस तरह अंतर्क्रिया करते हैं और क्या खाते हैं।

**...स्रोत फीचर्स**

# घर में इस पौधे को रखने का नव वर्ष पर लें प्रण, रहेंगे स्वस्थ

वृक्ष तथा विभिन्न वनस्पतियां धरती पर हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं। भारतीय संस्कृति में भी प्राचीन समय से ही वृक्षों तथा वनस्पतियों को पूजनीय माना जाता रहा है। विभिन्न वनस्पतियां हमारे स्वास्थ्य की रक्षा में भी सहायक सिद्ध होती हैं। ऐसा ही एक छोटा परन्तु बहुत महत्वपूर्ण पौधा होता है तुलसी का। हजारों वर्षों से विभिन्न रोगों के इलाज के लिए औषधि के रूप में तुलसी का प्रयोग किया जा रहा है। आयुर्वेद में भी तुलसी तथा उसके विभिन्न औषधीय प्रयोगों का विशेष स्थान है। आपके आंगन में लगे छोटे से तुलसी के पौधे में अनेक बीमारियों के इलाज करने के आश्चर्यजनक गुण होते हैं। सर्दी के मौसम में खांसी, जुकाम होना एक आम समस्या है। इनसे बचे रहने का सबसे सरल उपाय है तुलसी की चाय। तुलसी की चाय बनाने के लिए, तुलसी की ताजी पत्तियां लें और धोकर कुचल लें फिर उसे एक कप पानी में डालें। उसमें पीपरामूल, सौंठ, इलायची पाउडर तथा एक चम्मच चीनी मिला लें।

इस मिश्रण को उबालकर बिना छाने सुबह गर्मागर्म पीना चाहिए। इस प्रकार की चाय पीने से शरीर में चुस्ती, स्फूर्ति आती है और भूख बढ़ती है। जिन लोगों को सर्दियों में बार-बार चाय पीने की आदत है उनके लिए यह तुलसी की चाय बहुत लाभदायक होगी जो न केवल उन्हें स्वास्थ्य लाभ देगी अपितु उन्हें साधारण चाय के हानिक. ारक प्रभावों से भी बचाएगी। सर्दी, ज्वर, अरूचि, सुस्ती, दाह, वायु तथा पित्त संबंधी विकारों को दूर करने के लिए भी तुलसी की औषधीय रचना का अपना महत्व है। इसके लिए तुलसी की दस-15 ग्राम ताजी धुली पत्तियों को लगभग 150 ग्राम पानी में उबाल लें। जब लगभग आधा या चौथाई पानी ही शेष रह जाए तो उसमें उतनी ही मात्रा में दूध तथा जरूरत के अनुसार मिश्री मिला लें यह अनेक रोगों को तो दूर करता ही है साथ ही क्षुधावर्धक भी होता है। इसी विधि के अनुसार, काढ़ा बनाकर उसमें एक-दो इलायची का चूर्ण और दस-15 सुधामूली डालकर सर्दियों में पीना बहुत लाभकारी होता है। इसमें शारीरिक पुष्टता बढ़ती है। तुलसी के पत्ते का चूर्ण बनाकर मर्तबान में रख लें। जब भी चाय बनाएं तो दस-15 ग्राम इस चूर्ण का प्रयोग करें। यह चाय ज्वर, दमा, जुकाम, कफ तथा गले के रोगों के लिए बहुत लाभकारी है। तुलसी का काढ़ा बनाने के लिए तीन-चार काली मिर्च के साथ तुलसी की सात-आठ पत्तियों को रगड़ लें और अच्छी तरह मिलाकर एक गिलास द्रव तैयार करें। 21 दिनों तक सुबह लगातार खाली पेट इस काढ़े का सेवन करने से मस्तिष्क की गर्मी दूर होती है और उसे शक्ति मिलती है, क्योंकि यह काढ़ा हृदयोत्तेजक होता है इसलिए यह हृदय को पुष्ट करता है और हृदय संबंधी रोगों से बचाव करता है। एसिडिटी, संधिवात, मधुमेह, स्थूलता, खुजली, यौन दुर्बलता, प्रदाह आदि अनेक बीमारियों के उपचार के लिए तुलसी की चटनी बनाई जा सकती है। इसके लिए लगभग दस-दस ग्राम धनिया, पुदिना लें उसमें थोड़ा सा लहसुन, अदरख, सेंधा नमक, खजूर का गुड, अंकुरित मेथी, अंकुरित चने, अंकुरित मूंग, तिल और लगभग पांच ग्राम तुलसी के पत्ते मिलाकर महीन पीस लें। अब इसमें एक नींबू का रस और लगभग 15 ग्राम नारियल की छीन डालें। इस चटनी को रोटी के साथ या साग में मिलाकर खाया जा सकता है।



चटनी से कैलशियम, पौटेशियम, गंधक, आयरन, प्रोटीन तथा एन्जाइम आदि हमारे शरीर को प्राप्त होते हैं। एक बात ध्यान रखें यह चटनी दो घंटे तक ही अच्छी रहती है अत: इसका प्रयोग सदा ताजा बनाकर ही करें। दो घंटे के बाद इसके गुण में परिवर्तन आ जाता है। इस चटनी को कभी फ्रिज में न रखें। शीत ऋतु में तुलसी का पाक भी एक गुणकारी औषधि के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इसके लिए तुलसी के बीजों को निकाल कर आटे जैसा बारीक पीस लें। अब लगभग 125 ग्राम चने के आटे में मोयन के लिए देसी घी व थोड़ा सा दूध डालकर उसे लोहे या पीतल की कड़ाही में घी डालकर धीमी आंच पर भुनें। बाद में लगभग 125 ग्राम खोआ डालकर उसे भुनें। इसके बाद उसमें बादाम की गिरि व तुलसी के बीजों का चूर्ण मिला लें। जब लाल हो जाए, तो इसमें इलायची व काली मिर्च डालकर इस मिश्रण को तुरंत उतार लें। अब मिश्री की चाशनी में केसर डालकर इस मिश्रण को उसमें डाल दें, अच्छी तरह मिलाएं, गाढ़ा होने पर थाली में ठंडा कर टुकड़े करें। सर्दी में प्रतिदिन 20 से 100 ग्राम मात्रा दूध के साथ खाने से बल वीर्य बढ़ता है। इससे पेट के रोग, वातजन्य रोग, शीघ्रपतन, कामशीतलता, मस्तिष्क की कमजोरी, पुराना जुकाम, कफ आदि में बहुत लाभ होता है।

अरिष्ट आसव बनाने के लिए 100 ग्राम बबूल की छाल को लगभग डेढ़ किलो पानी में तब तक उबालें जब तक कि पानी एक चौथाई न हो जाए। अब इसे छानकर इसमें लगभग 80 ग्राम तुलसी का चूर्ण, पांच सौ ग्राम गुड़, दस ग्राम पीपल तथा 80 ग्राम आंवले के फूल मिला दें। काली मिर्च, जायफल, दालचीनी, शीतलचीनी, नागक. ेसर, तमालपत्र तथा छोटी इलायची, प्रत्येक की दस-दस ग्राम मात्रा को कूट पीसकर इसमें मिला दें। इस मिश्रण को एक डिब्बे में बंदकर लगभग एक माह के लिए रखें। इसके बाद आसव को छानकर प्रयोग करें। प्रतिदिन सुबह इसकी एक चम्मच मात्रा के सेवन से खांसी, वीर्यदोष, निर्बलता तथा भूख न लगने जैसी बीमारियां दूर हो जाती हैं। आपके आंगन में लगे तुलसी के पौधे का न केवल धार्मिक महत्व होता है अपितु यह स्वास्थ्य लाभ भी देता है। किसी इमारत के ऊपरी मंजिल पर रहने वाले लोग गमले में तुलसी लगा ही सकते हैं।



नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस से पहले कर्तव्य पथ पर पूर्वाभ्यास के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारी और जवान।

## मानवीय सहायता संगठनों से प्रतिबंध हटाए इजरायलः यूएन एजेंसियां

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की कई एजेंसियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने बुधवार को एक संयुक्त बयान जारी कर इजरायल से गाजा पट्टी और पश्चिमी तट में अंतर्राष्ट्रीय सहायता संगठनों के संचालन पर लगे प्रतिबंध को वापस लेने का आह्वान किया है। बयान में कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय सहायता संगठन गाजा और पश्चिमी तट में मानवीय कार्यों में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं और सालाना लगभग एक बिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 8990 करोड़ रुपये) की सहायता प्रदान करते हैं। गाजा में सर्दी के कारण परिवारों की मुश्किलें बढ़ रही है, खाद्य असुरक्षा गंभीर बनी हुई है और जीवन रक्षक सहायता की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, ऐसे में सहायता समूहों पर प्रतिबंध लगाने से युद्धविराम के दौरान हुई मामूली प्रगति को नुकसान पहुंच सकता है। बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए इसके और भी विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

# पाक-चीन गठजोड़ व धार्मिक कट्टरता को लेकर चेतावनी

## बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री प्रोफेसर एके अब्दुल मोमेन ने विश्व समुदाय को किया आगाह

**नई दिल्ली।** बंगलादेश के पूर्व विदेश मंत्री प्रोफेसर एके अब्दुल मोमेन ने आगाह किया है कि यदि बंगलादेश पाकिस्तान और चीन के साथ अत्यधिक नजदीकी बढ़ाता है और धार्मिक कट्टरवाद पनपने देता है तो देश एक खतरनाक भू-राजनीतिक और वैचारिक भंवर में फंस सकता है।

उन्होंने ऐसी स्थिति में देश में आर्थिक गतिविधियों में ठहराव, कूटनीतिक अलगाव और सामाजिक विभाजन की भी गंभीर आशंका जताई है। वर्ष 2019 से 2024 तक बांग्लादेश के विदेश मंत्री रहे प्रो. मोमेन ने विशेष साक्षात्कार में कहा कि बंगलादेश-पाकिस्तान-चीन का उभरता गठजोड़ न केवल ढाका के लिए बल्कि समूचे दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में गहरी अस्थिरता पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस गठजोड़ के कारण कई तरह की परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं जिनमें अमेरिका की ओर से दबाव या प्रतिबंध, अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर विश्वसनीयता में गिरावट, भारत और अन्य उदार पड़ोसी देशों से दूरी, और सबसे गंभीर रूप से जिहादी कट्टरवाद तथा अधिनायकवादी शासन की

■ मोमेन ने ऐसी स्थिति में देश में आर्थिक गतिविधियों में ठहराव कूटनीतिक अलगाव और सामाजिक विभाजन की भी गंभीर आशंका जताई



ओर बढना शामिल है। इससे पहले बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने इसी महीने कहा था कि 'रणनीतिक रूप' से यह संभव है कि बंगलादेश पाकिस्तान के साथ किसी ऐसे क्षेत्रीय समूह में शामिल हो सकता है जिसमें भारत न हो। यह सर्वविदित है कि दिवंगत प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के शासनकाल के दौरान बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चीन और पाकिस्तान दोनों से करीबी संबंध थे और उन्होंने उस समय पाकिस्तान की खुफिा एजेन्सी आईएसआई को भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को अस्थिर करने के उद्देश्य से आतंकी शिविर चलाने की अनुमति दी थी। प्रो. मोमेन ने कहा कि बांग्लादेश की पहचान दांव पर लगी है जो 1971 में रक्त रंजित मुक्ति संग्राम के बाद अस्तित्व में आया, जिसकी नींव धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रवाद और भाषाई गौरव पर रखी गई थी। यह देश उन परिस्थितियों का सामना कर सकता है जहां उसे एक ऐसे जिहादी देश के रूप में ढाला जा सकता है जहां महिलाओं को द्वितीय श्रेणी का नागरिक बना दिया जाए और लोकतांत्रिक संस्थाओं को खोखला कर दिया जाए। उन्होंने यूनीवार्ता से कहा कि बांग्लादेश-पाकिस्तान-चीन गठजोड़ की प्रकृति के आधार पर यह हो सकता है कि ढाका को भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रुख अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिसके गंभीर नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं, जिनमें सीमा पर संघर्ष और घुसपैठ तक शामिल हैं। साथ ही चीन पर निर्भरता और निकटता के आधार पर अमेरिका की ओर से बढ़ते दबाव या प्रतिबंध झेलने पड़ सकते हैं, अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसकी स्वीकार्यता कम हो सकती है, और देश एक ऐसे जिहादी राष्ट्र में बदल सकता है जहां महिलाओं को द्वितीय श्रेणी का नागरिक माना जाएगा। प्रोफेसर मोमेन की यह चेतावनी सुशेख हसीना के सत्ता से अपदस्थ किए जाने के बाद बांग्लादेश की राजनीतिक दिशा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आई है। सुहसीना ने दो दशकों से अधिक समय तक देश की राजनीति पर वर्चस्व बनाए रखा था। उन्होंने कहा कि सुहसीना भले ही आलोचकों के प्रति असहिष्णु रही हों लेकिन वह अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य में एक दुर्लभ स्थिरता का प्रतीक थीं। वह एक धर्मनिरपेक्ष, गैर-सांप्रदायिक नेता थीं, जिन्होंने धार्मिक और जातीय भेदभाव से ऊपर उठकर आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण को प्राथमिकता दी।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस के खेरसॉन में ड्रोन हमला, 24 की मौत, 50 से अधिक लोग घायल

**मॉस्को।** रूस के खेरसॉन क्षेत्र में एक कैफे और होटल पर तीन यूक्रेनी ड्रोन हमले में 24 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हैं। गवर्नर व्लोदोमिर साल्दो ने गुरुवार तड़के टेलीग्राम पर लिखा कि दुश्मन ने एक ऐसी जगह पर लक्षित ड्रोन हमला किया जहां नागरिक नए साल का जश्न मना रहे थे। तीन यूएवी ने खोरली में काला सागर तट पर एक कैफे और एक होटल पर हमला किया। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार इन हमलों में 24 लोग मारे गए और 50 से अधिक लोग हैं और हैं।

### दक्षिणी ब्राजील में गोलीबारी में पांच लोगों की मौत

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील के पराना राज्य में हुई दो संबंधित गोलीबारी की घटनाओं में एक मृतक और चार सशस्त्र संदिग्धों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई। एक व्यक्ति का शव कॉर्नेलियो प्रोकोपियो के एक मोहल्ले में मिला, जिसे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह शहर राज्य की राजधानी कुरुतिबा से लगभग 380 किमी और अर्जेंटीना और पैराग्वे के साथ ब्राजील की सीमा से लगभग 520 किमी दूर स्थित है।

### सीरिया के अलेप्पो में आत्मघाती बम हमले में एक की मौत

**दमिश्क।** उत्तरी सीरिया के अलेप्पो शहर के बाब अल-फराज इलाके में बुधवार को एक आत्मघाती हमलावर ने पुलिस गश्ती दल को निशाना बनाया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और सीरिया के आंतरिक सुरक्षा बलों के कई सदस्य घायल हो गए। कई सरकारी मीडिया रिपोर्टों ने यह जानकारी दी। साना समाचार एजेंसी ने बताया कि हमलावर ने आंतरिक सुरक्षा बलों के गश्ती दल के पास खुद को उड़ा लिया।

# ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम मेयर बने

## कुरान पर हाथ रखकर शपथ ली, न्यूयॉर्क के इतिहास में ऐसा पहली बार, ममदानी का परिवार शामिल हुआ

**न्यूयार्क।** भारतीय मूल के जोहरान ममदानी न्यूयार्क सिटी के पहले मुस्लिम मेयर बन गए हैं। उन्होंने गुरुवार को कुरान पर हाथ रखकर पद की शपथ ली। अब तक न्यूयार्क सिटी के अधिकतर मेयर बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ लेते रहे हैं। हालांकि संविधान के तहत शपथ के लिए किसी धार्मिक ग्रंथ का इस्तेमाल अनिवार्य नहीं है। 34 साल के डेमोक्रेट ममदानी न्यूयार्क सिटी के पहले मुस्लिम, पहले दक्षिण एशियाई और पहले अफ्रीका में जन्मे मेयर हैं।

ममदानी ने न्यूयॉर्क के सिटी हाल के नीचे स्थित एक बंद पड़े सबवे स्टेशन में शपथ ली। यह एक प्राइवेट समारोह था, जिसमें ममदानी का परिवार शामिल हुआ। इसके बाद दोपहर में एक सार्वजनिक शपथ ग्रहण समारोह होगा। ममदानी ने दो कुरानों पर हाथ रख कर शपथ ली। इनमें एक उनके दादा की कुरान और दूसरी जेब में रखी जाने वाली छोटी कुरान थी। कहा जा रहा है कि पाकेट साइज कुरान 18वीं सदी के अंत या 19वीं सदी की की है। यह कुरान न्यूयार्क पब्लिक लाइब्रेरी के शाम्बर्ग सेंटर फार रिसर्च इन ब्लैक कल्चर के संग्रह का हिस्सा है। दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में ममदानी अपने दादा और दादी, दोनों की कुरानों का इस्तेमाल करेंगे। इन कुरानों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। शपथ ग्रहण के लिए कुरान का चयन ममदानी की पत्नी रमा दुवाजी ने किया है। इस काम में उनकी मदद करने वाली एक स्कालर के अनुसार, शपथ के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ए कुरान शहर की बड़ी और लंबे समय से मौजूद मुस्लिम आबादी को दर्शाता है। बता दें कि चुनाव अभियान के दौरान ममदानी ने महंगाई को प्रमुख मुद्दा बनाया था। साथ ही उन्होंने अपने धार्मिक विश्वास भी खुलकर सामने रखे। उन्होंने शहर के मस्जिदों का दौरा किया और पहली बार मतदान करने वाले कई दक्षिण एशियाई और मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन हासिल किया। ममदानी जिस पाकेट साइज कुरान पर शपथ ली, वह न्यूयार्क पब्लिक लाइब्रेरी के शाम्बर्ग सेंटर फार रिसर्च इन ब्लैक कल्चर के संग्रह का हिस्सा है। शाम्बर्ग सेंटर में मौजूद पाकेट साइज कुरान अश्वेत प्यूर्टो रिकन इतिहासकार आर्तुरो शाम्बर्ग के संग्रह का हिस्सा थी। यह स्पष्ट नहीं है कि यह कुरान ममदानी के पास कैसे पहुंची, लेकिन स्कालर्स का मानना है कि यह अमेरिका और अफ्रीका में इस्लाम और अश्वेत संस्कृतियों के ऐतिहासिक संबंधों में उनकी रुचि को दर्शाती है। यह कुरान सादे डिजाइन की है। कुरान पर गहरे लाल रंग की जिल्द लगी है और फूलों की आकृति बनी है। अंदर काले-लाल स्याही में लिखा गया है। इससे पता चलता है कि इसे सिर्फ प्रदर्शनी के लिए नहीं, बल्कि रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए बनाया गया था। चूंकि कुरान पर तारीख या लेखक का नाम नहीं है, इसलिए इसकी उम्र का अनुमान इसके लेखन और जिल्द के आधार पर लगाया गया। माना जाता है कि यह उस्मानी दौर में, 18वीं सदी के अंत या 19वीं सदी की शुरुआत में तैयार हुई, उस क्षेत्र में जो आज के सीरिया, लेबनान, इजरायल, फिलिस्तीनी इलाके और जार्डन में शामिल है। न्यूयॉर्क पब्लिक लाइब्रेरी की क्यूरेटर हिबा आबिद के अनुसार, इस कुरान की न्यूयार्क तक की यात्रा ममदानी के बैकग्राउंड से मेल खाती है। ममदानी भारतीय मूल के न्यूयार्कवासी हैं, जिनका जन्म युगांडा में हुआ, जबकि उनकी पत्नी अमेरिकी-सीरियाई हैं। ममदानी ने 4 नवम्बर को न्यूयार्क शहर के मेयर का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया था। ममदानी पिछले 100 सालों में न्यूयार्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर हैं। ममदानी मानसून वेडिंग और सलाम बाम्बे जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाली भारतीय मूल की मीरा नायर के बेटे हैं। चुनाव में जीत के बाद ममदानी ने ब्रुकलिन पैरामाउंट थिएटर में समर्थकों को संबोधित किया था। अपनी विक्ट्री स्पीच में उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के 15 अगस्त, 1947 की आधी रात को दिए गए 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' का जिक्र किया था।



■ दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में ममदानी अपने दादा और दादी, दोनों की कुरानों का इस्तेमाल करेंगे
■ शपथ ग्रहण के लिए कुरान का चयन ममदानी की पत्नी ने किया

## मादक पदार्थ ले जा रही नौकाओं पर अमेरिकी हमले में आठ की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर के अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में दो दिनों के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी के संदेह में पांच नौकाओं को नष्ट किया, जिनमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य जान बचाने के लिए समुद्र में कूद गए। यह जानकारी बुधवार को अमेरिकी दक्षिणी कमांड ने दी। कमांड की वेबसाइट पर जारी बयान के अनुसार युद्ध सचिव पीट हेगसेथ के निर्देश पर जॉइंट टास्क फोर्स 'सदर्न स्पीयर' ने सोमवार को 'नामित आतंकवादी संगठनों' द्वारा संचालित तीन नौकाओं पर और बुधवार को दो अन्य नौकाओं पर हमले किए। कमांड ने बताया कि सोमवार को हुए पहले हमले में पहली नौका पर सवार तीन लोग मारे गए। बयान में कहा गया कि शेष नार्को-आतंकवादियों ने अन्य दो नौकाओं को छोड़कर बिना देर किए समुद्र में छलांग लगा दी। जिसके बाद संबंधित नौकाएं डूब गईं। एक अन्य प्रेस विज्ञप्ति में कमांड ने बताया कि बुधवार को की गई कार्रवाई के दौरान पांच लोगों की मौत हुई, जिनमें पहली नौका पर तीन और दूसरी नौका पर दो लोग शामिल थे।

## मणिपुर-मिजोरम के 5800 ब्नेई मेनाशे लोगों की इजरायल वापसी

**चुराचंदपुर।** मणिपुर और मिजोरम में बसे ब्नेई मेनाशे समुदाय (यहूदी) के करीब 5800 लोगों की इजरायल वापसी की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इजरायली कैबिनेट की ओर से ढाई सौ करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद चरणबद्ध तरीके से समुदाय को इजरायल ले जाया जाएगा। 2026 तक समुदाय के 1,200 लोग इजरायल भेजे जाएंगे।

जबकि, 2030 तक पूरी 'घर वापसी' का लक्ष्य रखा गया है। पूर्वोत्तर भारत की पहाड़ियों में बसा यह समुदाय खुद को बाइबल की 'दस खोई हुई जनजातियों' में से मेनाशे का वंशज मानता है। 2700 साल पहले असिरियन निर्वासन के बाद वे पूर्व की ओर बढ़े और अंत में भारत में बस गए। इजरायल सरकार की नई योजना से उनकी 'घर वापसी' तेज हो रही है। इसके तहत 2030 तक पूरी कम्युनिटी को इजरायल में बसाया जाएगा। हालांकि इस तेजी के पीछे मणिपुर की जातीय हिंसा की त्रासदी भी छिपी बताई जा रही है। भारत में ब्नेई मेनाशे की कुल आबादी कभी 12000 थी। लेकिन, अब मणिपुर में करीब 4000 और मिजोरम में करीब 1800 बचे हैं। इनमें ज्यादातर चुराचंदपुर (मणिपुर) और आइजोल (मिजोरम) में है। ज्यूइश एजेंसी फार इजरायल की ओर से इनके स्क्रीनिंग के लिए दिसम्बर 2025 में आईजोल में 9 रब्बियों की टीम पहुंची थी। जाने वाले सदस्यों को इजरायल में शांति और सुकून की उम्मीद है। मिजोरम के कम्युनिटी लीडर जेरेमिया एल. ह्वामते कहते हैं, हम 'प्रामिस्ड लैंड' लौट रहे हैं। मणिपुरा हिंसा ने हमें मजबूर किया, पर यह हमारी जड़ों की पुकार है। एक युवा सदस्य ने कहा, 'यहां सुरक्षा नहीं, इजरायल में परिवार मिलन, नौकरी, आवास और हिब्रू शिक्षा मिलेगी।' मणिपुर में मई 2023 में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। यह 2025 के शुरुआती महीनों तक जारी रही। हिंसा के दौरान कई इलाकों में आगजनी, लूट और हत्याओं की घटनाएं हुईं। हजारों लोग विस्थापित हुए और राहत शिविरों में रहने को मजबूर हुए।

■ इस साल 1200 जाएंगे 2700 साल पहले असिरियन साम्राज्य में निर्वासित होकर आए थे भारत
■ इस तेजी के पीछे मणिपुर की जातीय हिंसा की त्रासदी भी छिपी बताई जा रही है
■ भारत में ब्नेई मेनाशे की कुल आबादी कभी 12000 थी

## ईरान में आर्थिक संकट के खिलाफ चौथे दिन भी प्रदर्शन जारी

■ एक पुलिसकर्मी की मौत, 13 घायल, 'मुल्लाओं को जाना होगा' के नारे लगे

**तेहरान।** ईरान में आर्थिक संकट के खिलाफ शुरू हुआ प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी हैं। देश के कई बड़े शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। प्रदर्शन के चलते 31 दिसम्बर को एक 21 साल के पुलिसकर्मी की मौत हो गई और लगभग 13 पुलिसकर्मी घायल हैं।

ईरान में जारी आंदोलन की सबसे बड़ी वजह ईरानी मुद्रा रियाल में आई भारी गिरावट है। रियाल की कीमत गिरने के चलते लोग खाने-पीने की चीजें, दवाइयां और रोजमर्रा का सामान नहीं खरीद पा रहे हैं। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लोगों का कहना है कि उनकी कमाई बेकार हो गई है और जीवन मुश्किल होता जा रहा है। वहीं एक व्यापारी ने कहा कि पहले जो पैसा महीने भर चलता था, अब वह कुछ दिनों में खत्म हो जाता है। ईरान के बड़े शहरों में दुकानदारों ने सरकार के विरोध में दुकानें बंद की हैं। प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में सरकारी इमारतों पर भी हमला किया है। प्रदर्शन के दौरान लोग सरकार और ईरान की लीडरशिप के खिलाफ नारे भी लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारी 'मुल्लाओं को जाना होगा' और 'तानाशाही नहीं चलेगी' जैसे नारे लगा रहे हैं।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सड़क हादसा, 14 की मौत, 16 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में बुधवार को एक बस और वैन के आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 14 यात्रियों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। झंग जिले के उपायुक्त अली अकबर ने मीडिया को बताया कि बस 'यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज' के खिलाड़ियों को एक खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लाहौर ले जा रही थी, तभी झंग जिले में उसकी एक वैन से टक्कर हो गई। अकबर ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब एक वाहन ने तेज गति से दूसरे वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की।

# यूनुस सरकार में लगी इस्तीफों की झड़ी

## अब स्वास्थ्य सलाहकार सैयदुर रहमान ने भी छोड़ा पद

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में एक हफ्ते के भीतर दूसरे वरिष्ठ अधिकारी के इस्तीफे से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। बांग्लादेश में मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार को उस समय झटका लगा, जब स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े विशेष सलाहकार सैयदुर रहमान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब सरकार कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक फैसलों को लेकर आलोचंनाओं का सामना कर रही है। मंगलवार रात कैबिनेट डिवीजन की ओर से जारी गजट अधिसूचना में बताया गया कि राष्ट्रपति ने सैयदुर रहमान का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। हालांकि, उनके इस्तीफे के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं की गई है। वहीं, रहमान का कहना है कि उन्होंने एक महीने पहले ही इस्तीफा दे दिया था और मंगलवार को उसे औपचारिक मंजूरी मिली। उनका यह भी कहना है कि उसी दिन उनका सरकारी कार्यकाल समाप्त हो गया था। सैयदुर रहमान बांग्लादेश के एक वरिष्ठ चिकित्सक और प्रशासक रहे हैं। वे इससे पहले बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति रह चुके हैं। नवम्बर में उन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए मुख्य सलाहकार का विशेष सहायक नियुक्त किया गया था और उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया था। उनके अचानक इस्तीफे ने सरकार की स्थिरता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। सैयदुर रहमान का इस्तीफा ऐसे समय आया है, जब इससे पहले 24 दिसम्बर को गृह मंत्रालय से जुड़े विशेष सहायक खुदा बख्श चौधरी ने भी पद छोड़ दिया था। इस तरह एक हफ्ते के भीतर अंतरिम सरकार के दो अहम चेहरे बाहर हो चुके हैं, जिससे प्रशासनिक अस्थिरता की चर्चा तेज हो गई है। खुदा बख्श चौधरी का इस्तीफा सरकार की कानून-व्यवस्था को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच हुआ था।



■ नवम्बर में उन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए मुख्य सलाहकार का विशेष सहायक नियुक्त किया गया था

# भारतीय रिफाइनरियों के समक्ष नई चुनौतियां

## वेनेजुएला के 'शैडो फ्लीट' पर अमेरिका के नए प्रतिबंधों से बढ़ेंगी परेशानियां

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी वित्त विभाग द्वारा बुधवार को वेनेजुएला में निकोलस मादुरो की सरकार के 'शैडो फ्लीट' से जुड़ी चार शिपिंग कंपनियों और चार तेल टैंकरों पर नए प्रतिबंधों की घोषणा के बाद निजी क्षेत्र की भारतीय रिफाइनरियां आपूर्ति श्रृंखला में फिर से व्यवधान से निपटने की तैयारी कर रही हैं।

शैडो फ्लीट, जिसे डार्क फ्लीट के नाम से भी जाना जाता है, टैंकरों और सहायक जहाजों के एक समूह को दर्शाता है जो प्रतिबंधित या उच्च जोखिम वाली वस्तुओं को स्थानांतरित करने के लिए भ्रामक शिपिंग विधियों का इस्तेमाल कर वास्तविक मूल, स्वामित्व या गंतव्य को छिपाते हैं। ट्रम्प प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे 'अधिकतम दबाव' अभियान के तहत इस कदम का उद्देश्य वेनेजुएला सरकार की वित्तीय आपूर्ति को अवरुद्ध करना है। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता भारत के लिए यह निर्णय पहले से ही नाजुक ऊर्जा सुरक्षा परिदृश्य को और अधिक जटिल बना सकता है। ये प्रतिबंध उन जहाजों को निशाना बनाते हैं जिन पर वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल के परिवहन के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों को दरकिनार करने का आरोप है। हालांकि भारत हाल के वर्षों में अपने तेल भंडार में काफी विविधता लाया है फिर भी वेनेजुएला का कच्चा तेल रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी जैसी निजी क्षेत्र की भारतीय रिफाइनरियों के लिए एक मूल्यवान कच्चा माल बना हुआ है। ये रिफाइनरी विशेष रूप से सस्ते, भारी ग्रेड के तेल को संसाधित करने के लिए डिजाइन की गई हैं। उद्योग विश्लेषकों का मानना है कि इन विशिष्ट टैंकरों को 'अवरुद्ध संपत्ति' सूची में शामिल करने से उपमहाद्वीप के लिए सभी निर्धारित माल परिवहन तत्काल रोक दिया जाएगा। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि वित्तीय विभाग राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा मादुरो शासन पर दबाव बनाने के अभियान को जारी रखेगा।

■ ये रिफाइनरी विशेष रूप से सस्ते, भारी ग्रेड के तेल को संसाधित करने के लिए डिजाइन की गई











